e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 11, अंक 183

शनिवार

06.07.2024

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

ज्ञान पाने के लिए आपको मौन रहना पड़ेगा।

## क्विक न्यूज

### रूस में होगा पीएम मोदी का शानदार स्वागत, पुतिन करेंगे रात्रिभोज का आयोजन

**नई दिल्ली :** विदेश मंत्रालय ने कहा कि प्रधानमंत्री 8 से 9 जुलाई के दौरान रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के निमंत्रण पर 22वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए मास्को में होंगे। मंत्रालय ने कहा कि दोनों नेता बहुआयामी संबंधों की समीक्षा करेंगे और आपसी हित के समकालीन क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचार रखेंगे।रूस में पीएम मोदी का कार्यक्रम प्रधानमंत्री मोदी की आगामी रूस यात्रा के बारे में विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने कहा,प्रधानमंत्री 8-9 जुलाई को 22वें वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए रूसी संघ के राष्ट्रपति के निमंत्रण पर मास्को की आधिकारिक यात्रा करेंगे.

### न्यायिक जांच आयोग की टीम हाथरस में आज करेगी घटनास्थल का मुआयना

**लखनऊ :** साकार हरि बाबा के सत्संग समाप्ति पर हुए हादसे की जांच के लिए यूपी सरकार द्वारा गठित न्यायिक जांच आयोग हाथरस आ रहा है। आयोग घटनास्थल का मुआयना करेगा और अधिकारियों व जनता से मुलाकात करेगा। न्यायिक जांच आयोग की टीम सुबह 11 बजे हाथरस पहुंचेगी। सुबह 11 बजे से 12 बजे तक टीम के डीएम, एसपी व अन्य अधिकारियों से वार्ता करेगी। दोपहर एक बजे घटना स्थल फुलरई मुगलगढ़ी के लिए रवाना होंगे। दोपहर दो बजे से चार बजे तक घटना स्थल का निरीक्षण करेंगे। शाम छह बजे से आठ बजे के मध्य अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन, मंडलायुक्त अलीगढ़ , पुलिस महानिरीक्षक अलीगढ़ सहित अन्य अफसरों से मुलाकात व अभिलेखों का अवलोकन करेंगे।

### आगरा में 22 साल के अग्निवीर ने की आत्महत्या, लाइसेंसी इंसास राइफल से खुद को मारी गोली



**आगरा:** उत्तर प्रदेश के आगरा में 22 साल के एक अग्निवीर श्रीकांत चौधरी ने आत्महत्या कर ली। युवक ने अपनी सरकारी लाइसेंसी इंसास राइफल से खुद को गोली मार ली। श्रीकांत का शव उनके परिवार को सौंप दिया गया है। उनके पैतृक गांव नारायणपुर में उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। मामला आगरा के शाहगंज पुलिस थाना इलाके का है। सोशल मीडिया पर भी इस आत्महत्या की चर्चा है और आरोप लगाया जा रहा है कि आगरा एयरफोर्स स्टेशन पर तैनात श्रीकांत के साथ सीनियर्स अच्छा व्यवहार नहीं करते थे।शाहगंज थाने के एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि श्रीकांत के बड़े भाई सिद्धांत बुधवार को आगरा पहुंचे और जरूरी पेपर वर्क निपटाया। उन्होंने बताया कि मौके से किसी भी तरह का सुसाइड नोट बरामद नहीं किया गया है।

### राष्ट्रपति भवन में राजस्थान के शहीदों को मरणोपरांत मिला शौर्यचक्र

**जयपुर :** राजस्थान के शहीद मेजर मुस्तफ़ा बोहरा और शहीद मेजर विकास भांभू को शुक्रवार को नई दिल्ली के राष्ट्रपति भवन में मरणोपरांत शौर्यचक्र दिया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने वीरता पुरस्कार शहीद मेजर मुस्तफा की माता फातेमा, पिता जकीउद्दीन बोहरा को दिया। मुस्तफा शौर्य चक्र सम्मान प्राप्त करने वाले उदयपुर जिले के पहले शहीद सैन्य अधिकारी है.कार्यक्रम में राजस्थान के ही हनुमानगढ़ जिले के गांव रामपुरा निवासी शहीद मेजर विकास भांभू को भी मरणोपरांत शौर्य चक्र प्रदान किया गया। शहीद विकास की धर्मपत्नी श्रेया चौधरी और माता सुखवंती को वीरता पुरस्कार प्रदान किया। विकास भी अरुणाचल प्रदेश में शहीद हो गए थे। कार्यक्रम में जब मुस्तफा की मां फातेमा को शौर्य चक्र प्रदान किया गया तो उनकी आंखे नम हो गई।

### रांची का तापमान

अधिकतम 38°

न्यूनतम 27°

---

### पुल गिरने के मामले में नीतीश सरकार का बड़ा एक्शन

# बिहार में 15 इंजीनियर को किया गया सस्पेंड

**डब्ल्यूआरडी के अतिरिक्त मुख्य सचिव चैतन्य प्रसाद ने यहां संवाददाताओं से कहा कि इंजीनियर लापरवाही बरत रहे थे और निगरानी अप्रभावी थी।**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटना :** बिहार में पिछले एक सप्ताह में पुल ढहने की सिलसिलेवार घटनाओं पर नीतीश सरकार ने कड़ा एक्शन लेते हुए 15 इंजीनियरों को सस्पेंड कर दिया है। यह निलंबन गुरुवार को सारण में एक पुल गिरने के एक दिन बाद आया है। वहीं अब बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दो सप्ताह के भीतर बिहार में सभी निर्माणाधीन और पुराने पुलों की निरीक्षण रिपोर्ट मांगी है। 15 इंजीनियर को सस्पेंड करने का निर्णय एक जांच पैनल द्वारा जल संसाधन विभाग (डब्ल्यूआरडी) को अपनी रिपोर्ट सौंपने के बाद लिया गया। डब्ल्यूआरडी के अतिरिक्त मुख्य सचिव चैतन्य प्रसाद ने यहां संवाददाताओं से कहा कि इंजीनियर लापरवाही बरत रहे थे और निगरानी अप्रभावी थी। यही राज्य में छोटे पुलों और पुलों के ढहने का मुख्य कारण है। चैतन्य प्रसाद ने कहा कि निलंबित किए गए लोगों में तीन कार्यपालक अभियंता भी शामिल हैं। अधिकारियों ने कहा कि पिछले 17 दिनों में सीवान, सारण, मधुबनी, अररिया, पूर्वी चंपारण और किशनगंज जिलों में कुल 10 पुल ढह गए।बिहार में लगातार पुल गिरने के मामले ने प्रदेश में सियासी तुफान ला दिया है। जहां तेजस्वी यादव एनडीए सरकार को इसके लिए जिम्मेदार ठहरा रहे हैं, वहीं बिहार सरकार के मंत्री अशोक कुमार चौधरी ने तेजस्वी पर ही हमला बोल दिया है। उन्होंने कहा कि अच्छी पुल रखरखाव नीति लागू नहीं करने के लिए तत्कालीन डिप्टी सीएम तेजस्वी प्रसाद यादव जिम्मेदार हैं।

#### पुल बनने में भ्रष्टाचार का खेल हुआ : तेजस्वी

इस मामले में तेजस्वी ने कहा, बिहार में जो भी पुल गिर रहे हैं, वो सभी जेडीयू के पास विभाग रहते हुए बने थे. ये पुल इसीलिए गिर रहे हैं क्योंकि उनमें दबाकर भ्रष्टाचार का खेल हुआ. यह सोचने वाली बात है कि जो जेडीयू नेता हम पर आरोप थोपने की कोशिश कर रहे हैं. आखिर इसकी वजह क्या है. कहीं अपना दामन बचाने की मंशा तो नहीं है? आरजेडी नेता ने आगे कहा, लगातार पुल गिरने के अलावा नीट का पेपर लीक होना, हर परीक्षा का पेपर लीक होना, हर परीक्षा में धांधली-भ्रष्टाचार, लगातार जगह जगह दीवार गिरना, सड़क टूटना, एयरपोर्ट का ढह जानाञ यह सब तथाकथित डबल इंजन की सरकार के भ्रष्टाचार को साफ जाहिर कर रहा है.



**अधिकारियों ने कहा कि पिछले 17 दिनों में सीवान, सारण, मधुबनी, अररिया, पूर्वी चंपारण और किशनगंज जिलों में कुल 10 पुल ढह गए।**

#### जांच समिति की रिपोर्ट पर हुआ एक्शन

जांच समिति द्वारा जल संसाधन विभाग को जांच रिपोर्ट सौंपे जाने के बाद यह एक्शन हुआ है.जल संसाधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव चैतन्य प्रसाद ने कहा है कि जांच में इंजीनियर्स की लापरवाह और निगरानी को अप्रभावी पाया गया है. इसके कारण राज्य में कई छोटे पुल ढह गए. पुल गिरने की ये घटनाएं सीवान, सारण, मधुबनी, अररिया, पूर्वी चंपारण और किशनगंज जिले से सामने आई हैं.

---

### सुप्रीम कोर्ट में एनटीए ने नीट यूजी परीक्षा रद्द करने का किया विरोध



**नयी दिल्ली :** एनटीए ने नीट यूजी परीक्षा रद्द करने का विरोध करते हुए सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दायर किया है. इसमें एनटीए ने कहा है कि कथित गड़बड़ी केवल पटना और गोधरा केंद्रों में हुई थी और व्यक्तिगत उदाहरणों के आधार पर पूरी परीक्षा रद्द नहीं की जानी चाहिए. यह कहना गलत है कि उच्च अंक लाने वाले छात्र केवल कुछ केंद्रों से हैं. एनटीए ने अपने हलफनामे में खुलासा किया है कि उसने गड़बड़ी में शामिल छात्रों के रिजल्ट रोक दिए हैं और उन्हें दंडात्मक कार्रवाई और निष्कासन के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं.एनटीए का कहना है कि अनुचित साधनों और पेपर लीक के व्यक्तिगत उदाहरणों से पूरी परीक्षा खराब नहीं हुई है.नीट 2024 जैसी हाई-स्टेक परीक्षा में शामिल संवेदनशीलता को देखते हुए यह प्रस्तुत किया गया है कि यदि ऐसी कार्रवाई करने के लिए कोई ठोस कारण न होने के बावजूद पूरी परीक्षा प्रक्रिया रद्द कर दी जाती है तो यह लाखों छात्रों के शैक्षणिक करियर से जुड़े बड़े सार्वजनिक हित के लिए ज्यादा हानिकारक होगा.एनटीए का कहना है कि परीक्षा केंद्रों को उनकी उपयुक्तता के आकलन के बाद किया जाता है, जिसमें लॉजिस्टिकल और ढांचागत सुविधाओं पर विचार किया जाता है. साथ ही सुरक्षा उपायों, प्रतियोगी परीक्षाओं के संचालन में संस्थान के अनुभव, परीक्षा को संभालने के लिए अनुभवी और योग्य कर्मियों, पीडब्ल्यूडी उम्मीदवारों के लिए पहुंच (रैंप का प्रावधान) और सुरक्षा उपाय आदि जैसे कारकों को भी ध्यान में रखा जाता है.

---

### लातेहार: 2 इनामी नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण




**संजय प्रजापति @ प्रभात मंत्र**

**लातेहार :** लातेहार में शुक्रवार को दो बड़े माओवादी नक्सलियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया।आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों में भाकपा माओवादी संगठन के जोनल कमांडर नीरज सिंह खरवार और राजकुमार उर्फ सालमन गंझु शामिल है। दोनों पर 10-10 लाख रुपए का इनाम घोषित था। पलामू डीआईजी वाई एस रमेश, लातेहार डीसी गरिमा सिंह और एसपी अंजनी अंजन ने आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। कमांडर नीरज सिंह खरवार पलामू जिले के पांकी थाना क्षेत्र का रहने वाला है। जबकि राजकुमार गंझू लातेहार के बालूमाथ का रहने वाला है। शुक्रवार को लातेहार पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में दोनों नक्सलियों ने पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष आत्म समर्पण किया। बताया जाता है कि नीरज सिंह खरवार पिछले 20 वर्षों से माओवादी संगठन से जुड़कर विभिन्न प्रकार के नक्सली घटनाओं में शामिल रहा था। उस पर विभिन्न थाना क्षेत्र में 25 से अधिक नक्सली घटनाओं के मामले दर्ज हैं। वही राजकुमार गंझू पिछले 22 वर्षो से माओवादी संगठन से जुड़ा हुआ था।

**कमांडर नीरज सिंह खरवार पलामू जिले के पांकी थाना क्षेत्र का रहने वाला है। जबकि राजकुमार गंझू लातेहार के बालूमाथ का रहने वाला है।**

वह मुख्य रूप से लातेहार और लोहरदगा जिले में सक्रिय था। इस पर विभिन्न थाना क्षेत्र में पांच से अधिक नक्सली हिंसा के मामले दर्ज हैं। आत्मसमर्पण करने के बाद दोनों नक्सलियों को पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों के द्वारा गुलदस्ता और शॉल प्रदान कर सम्मानित भी किया गया।मौके पर पलामू क्षेत्र के डीआईजी वाइएस रमेश ने कहा कि झारखंड सरकार की आत्मसमर्पण नीति सबसे बेहतरीन नीतियों में एक है। इसलिए प्रत्येक नक्सली को हिंसा का रास्ता छोड़कर आत्मसमर्पण नीति का लाभ उठाना चाहिए। मौके पर सीआरपीएफ के कमांडेंट केडी जोशी, सीआरपीएफ कमांडेंट वेद प्रकाश त्रिपाठी समेत पुलिस के अधिकारी और अन्य लोग उपस्थित थे।

---

### भारतीय रेल का सामान्य श्रेणी पर जोर दस हजार नए डिब्बे बनाने की तैयारी



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को रेल भवन में एक समझौता पत्र के हस्ताक्षर समारोह के दौरान इस बात को दोहराया कि भारतीय रेल गरीबों, निम्न मध्यम व मध्यम वर्ग के लोगों को किफायती रेल यात्रा की सुविधा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि भारतीय रेल ने अगले दो वर्षों के दौरान 10,000 गैर-वातानुकूलित रेल के डिब्बों का निर्माण करने की योजना बनाई है। यह भी जानकारी दी गई कि मंत्री ने रेलवे परिचालन में सेवा की गुणवत्ता, सुरक्षा और स्वच्छता को बढ़ाने के लिए चल रहे प्रयासों पर भी प्रकाश डाला।अश्विनी वैष्णव ने देश भर के 12 लाख रेलकर्मियों से समर्पण के साथ काम करने और अपना मनोबल ऊंचा रखने की भी अपील की। साथ ही, उन्होंने रेलवे कर्मियों से सामूहिक रूप से काम करने और यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि भारतीय रेल पर लोगों का भरोसा कायम रहे।भारतीय रेलवे के गति शक्ति विश्वविद्यालय (जीएसवी) वडोदरा और एयरबस ने आज भारतीय विमानन क्षेत्र को महत्वपूर्ण रूप से मजबूत करने के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किये। सितंबर 2023 में हस्ताक्षरित एमओयू (समझौता ज्ञापन) के बाद, रेमी मैलार्ड (अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, एयरबस इंडिया और दक्षिण एशिया) और प्रो. मनोज चौधरी (कुलपति, गति शक्ति विश्वविद्यालय) के बीच एक निश्चित समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते में जीएसवी के 40 छात्रों के लिए पूरे कार्यक्रम की अवधि के लिए एक पूर्ण छात्रवृत्ति कार्यक्रम, जीएसवी में उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना और जीएसवी में एयरबस एविएशन चेयर प्रोफेसर का पद शामिल है। इसके अलावा, जीएसवी और एयरबस विमानन क्षेत्र में कार्यरत पेशेवरों के लिए कार्यकारी प्रशिक्षण के लिए साझेदारी करेंगे।

---

### चुनाव में मिली करारी हार, ऋषि सुनक ने कंजर्वेटिव पार्टी के नेता पद से दिया इस्तीफा

# ब्रिटेन के नए पीएम बने कीर स्टार्मर

**एजेंसी**

**लंदन :** ब्रिटेन में हुए आम चुनाव में लेबर पार्टी की ऐसी सूनामी चली कि ऋषि सुनक टिक नहीं सके। चुनाव में कंजर्वेटिव पार्टी की करारी हार हुई है। लेबर पार्टी ने 650 सीटों में से 400 पार के साथ 14 साल बाद प्रचंड वापसी की है। ब्रिटेन में चार जुलाई को आम चुनाव हुए थे। प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने हार स्वीकार कर ली है। सुनक हालांकि अपनी सीट जीत गए हैं। उन्होंने उत्तरी इंग्लैंड में रिचमंड एवं नॉर्थलेरटन सीट पर 23,059 वोटों से जीत हासिल की है। चुनाव में मिली करारी शिकस्त के बाद ऋषि सुनक ने कंजर्वेटिव पार्टी के नेता पद इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने लोगों से कहा कि मैंने आपका गुस्सा, निराशा सुनी है और मैं इस हार की जिम्मेदारी लेता हूं, सुनक ने अपने प्रतिद्वंद्वी कीर स्टारमर को एक सभ्य जनहितैषी व्यक्ति बताया। सुनक ने स्टॉर्मर को बधाई दी। ब्रिटेन के नए पीएम बने लेबर पार्टी के कीर स्टार्मर ने होलबोर्न और सेंट पैनक्रास सीट से जीत दर्ज की। लेबर पार्टी को मिली जीत पर 61 वर्षीय स्टार्मर ने कहा,मैं आपकी आवाज बनूंगा, आपका साथ दूंगा, हर दिन आपके लिए लडूंगा।

**जीत पर 61 वर्षीय स्टार्मर ने कहा,मैं आपकी आवाज बनूंगा, आपका साथ दूंगा, हर दिन आपके लिए लडूंगा।**



स्टार्मर ने जीत के बाद शुक्रवार सुबह एक विजयी भाषण दिया। इसमें उन्होंने कहा कि देश को 14 साल (कंजर्वेटिव पार्टी की सरकार) के बाद अपना भविष्य वापस मिल गया है।

#### पीएम मोदी ने कीर स्टार्मर को दी बधाई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्रिटेन के आम चुनावों में जीत के लिए बधाई दी। उन्होंने लिखा,ब्रिटेन के आम चुनाव में उल्लेखनीय जीत के लिए कीर स्टार्मर को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। मैं सभी क्षेत्रों में भारत-ब्रिटेन के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने, आपसी विकास और समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए हमारे सकारात्मक और रचनात्मक सहयोग की आशा करता हूं।

---

### भाजपा ने की 24 राज्यों के लिए संगठन प्रभारियों की नियुक्ति

# लक्ष्मीकांत फिर बनाए गए भाजपा के झारखंड प्रभारी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** लोकसभा चुनाव के बाद भारतीय जनता पार्टी ने संगठन में बड़ा फेर बदल किया है। शुक्रवार को पार्टी ने 24 राज्यों व केन्द्र शासित प्रदेशों के संगठन प्रभारियों और सह प्रभारियों में बदल या नई नियुक्ति की है।

पार्टी कार्यालय से जारी विज्ञप्ति के अनुसार पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने नई नियुक्तियों की घोषणा की है। इसमें राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ को केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू एवं कश्मीर और लद्दाख का प्रभारी बनाया गया है।

महासचिव विनोद तावड़े को बिहार का संगठन प्रभारी बनाया गया है और सांसद दीपक प्रकाश को सहप्रभारी बनाया गया है। अंडमान और निकोबार में रघुनाथ कुलकर्णी को प्रभारी बनाया गया है।अरुणाचल प्रदेश में विधायक अशोक सिंघल को प्रभारी बनाया गया है। छत्तीसगढ़ में विधायक नितिन नबीन को प्रभारी बनाया गया है।




गोवा में आशीष सूद को प्रभारी बनाया गया है। हरियाणा में डॉ. सतीश पूनिया को प्रभारी और सुरेन्द्र सिंह नागर को सह प्रभारी बनाया गया है। हिमाचल में विधायक श्रीकांत शर्मा को प्रभारी बनाया गया है और संजय टंडन को सह प्रभारी बनाया गया है।

महासचिव डॉ. राधा मोहन अग्रवाल को कर्नाटक का प्रभारी बनाया गया है। पूर्व मंत्री प्रकाश जावड़ेकर को केरल का प्रभारी बनाया गया है और अपराजिता सारंगी को सह प्रभारी बनाया गया है।

---

### निपुण समागम झारखंड का ओवरआल चैंपियन बना धनबाद

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** निपुण भारत मिशन के तीन वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में राज्य के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग एवं झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के तत्वावधान में इंडिया पार्टनरशिप फॉर अर्ली लर्निंग (आईपीईएल)-एफएलएन पीएमयू के सहयोग से शुक्रवार को प्रभात तारा मैदान में एक दिवसीय राज्यस्तरीय निपुण समागम झारखंड का आयोजन किया गया।

असर्फी कैंसर संस्थान

वही तरीका वही इलाज

संभव है कैंसर को हराना, सही समय पर जाँच कराना

PET CT Scan

की सुविधा उपलब्ध

9297970030

Asarfi Health Educity, Ranguni Road, Bhuli, Dhanbad - 828105

# सेफ्टीटैंक के जहरीली गैस से उत्क्रमित मध्य विद्यालय कोलझिकी के पांच बच्चे बेहोश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** नगर उंटारी प्रखंड के कोलझीकि ग्राम स्थित राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय में प्रधानाचार्य और शिक्षकों तथा रसोइयों की तत्परता से विद्यालय में बड़ी घटना होने से बच गया।जहाँ शौचालय से निकल रहे गैस की वजह से दर्जनों बच्चे इसकी चपेट में आ गए। गैस की वजह से बच्चे बेहोश होने लगे। कुछ बच्चों को उल्टी होना शुरू हो गया। जैसे ही इसकी जानकारी प्रधानाचार्य को मिला उन्होंने शिक्षकों की मदद से सभी विद्यालय से बाहर किया। यह सब करते-करते भी बच्चे दुर्गन्ध की चपेट में आ गए। आनन फानन में अनुमंडलीय अस्पताल की उपाधीक्षक डॉ सुचित्रा कुमारी की अगुआई में मेडिकल टीम विद्यालय पहुची और विद्यालय के बगल में ही उपस्वास्थ्य केंद्र कोइन्दी में सभी पीड़ित छात्र-छात्राओं का इलाज किया गया।मामला प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय कोलझिकी की चार छात्राएं सेफ्टी टैंक से निकल रहे जहरीली गैस से बेहोश हो गई। घटना शुक्रवार दोपहर की है। बेहोश होने की सूचना मिलते ही स्कूल में अफरा तफरी मच गई। स्कूल के शिक्षकों ने तत्काल इसकी सूचना अनुमंडल प्रशासन को दी। एसडीओ प्रभाकर मिर्धा के निर्देश पर कार्यपालक दंडाधिकारी हंस हेंब्रम, थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक एवं अनुमंडल अस्पताल की डीएस डॉ सुचित्रा कुमारी के नेतृत्व में मेडिकल टीम ने आनन फानन में स्कूल पहुंच कर बीमार बच्चियों की स्वास्थ्य जांच किया। स्कूल के बगल उपस्वास्थ केंद्र में छात्र-छात्राओ को स्लाईन चढ़ाया गया और दवा दी दिया गया। जिसके बाद सभी के सेहत में सुधार हुआ।घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार स्कूल के बगल में स्थित सेप्टिक टैंक से निकले गैस के कारण उत्क्रमित मध्य विद्यालय कोलझिकी में अध्ययनरत चार छात्राएं वर्ग आठ की तबस्सुम खातून, वर्ग सात के रुखसाना खातून, वर्ग छह के आलिया खातून, वर्ग पांच के गुलाम गौस एवं वर्ग चार के असमीना खातून बेहोश हो गई। उधर स्कूल पहुंचे कार्यपालक दंडाधिकारी हंस हेम्ब्रम ने घटना की विस्तृत जांच किया।जांच के दौरान कार्यपालक दंडाधिकारी ने बताया की मामले की जांच की जा रही है बच्चियों की स्थिति अब ठीक है। उन्होंने बताया की मौके पर मौजूद थाना प्रभारी को पूरे मामले की जांच कर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि दोषी को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जायेगा।

# विश्रामपुर विधायक ने केंद्रीय मंत्री से की मुलाकात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** झारखंड के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह विश्रामपुर विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने शुक्रवार को केंद्रीय कृषि व ग्रामीण विकास मंत्री सह भाजपा के झारखंड प्रभारी शिवराज सिंह चौहान से औपचारिक मुलाकात की.दोनो नेताओं की यह मुलाकात रांची सर्किट हाउस में हुई। श्री चंद्रवंशी केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान को गुलदस्ता भेंट कर झारखंड में उनका स्वागत करते हुए उन्हें बंधाई दी। दोनो नेताओं ने राज्य के राजनीतिक हालात पर चर्चा की। इसके अलावा उन्होंने श्री चौहान को पलामू प्रमंडल मे पार्टी संगठन की मजबूती के बारे में भी बताया। शिवराज सिंह चौहान ने विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी को आगामी विस चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने को कहा। श्री चंद्रवंशी ने शिवराज सिंह चौहान को पलामू आने का निमंत्रण भी दिया, जिसे श्री चौहान ने स्वीकार किया।

## ग्रामीणों की मेहनत लाई रंग, श्रमदान से बनाई सड़क



**भवनाथपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पंचायत के ढेकुलिया में ग्रामीणों ने श्रमदान से सात सौ मीटर सड़क बनाई। ढेकुलिया से रजदहवा नदी शमशान घाट तक सड़क नहीं होने के कारण ग्रामीणों को शव के अंतिम संस्कार के लिए काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता था। आजादी से लेकर आज तक शमशान घाट जाने के लिए पगडंडी के सहारे करीब सात सौ मीटर शव लेकर जाना पड़ता था। भुस्वामी के द्वारा भूमि नहीं देने से सड़क का निर्माण नहीं हो सका था। ग्रामीण अमर चंद्रवंशी, बबन पासवान, परमवीर राम, राकेश कुमार रवि, राम पवन विश्वकर्मा, अशोक बैठा ने बताया कि करीब आठ सौ घरों की आबादी के लोग अपने परिजनों के मरणोपरांत अंतिम संस्कार के लिए रजदहवा नदी शमशान घाट पर ले जाते हैं। शमशान घाट तक जाने के लिए पगडंडी का सहारा लेना पड़ता था,इस दौरान कई लोग गिर पड कर किसी तरह पहुंचते थे। यह शिलशिला पिछले 70 वर्षो से चलता आ रहा था। लेकिन किसी भी जनप्रतिनिधि ने इस समस्या का समाधान नहीं किया। बताया कि हम सभी ग्रामीणों ने भूस्वामी से सड़क बनाने के लिए जमीन देने का आग्रह किया जिस पर सहर्ष स्वीकार करते हुए सड़क बनाने की अनुमति दी। बताया कि मोती चंद सिंह खरवार, लाला सिंह, विश्वनाथ साह, बनारसी सिंह सहित अन्य लोगों ने जमीन दी। भूस्वामी से अनुमति मिलने पर ग्रामीणों ने सहयोग राशि इक्कठा कर करीब सात सौ मीटर तक दस फिट जेसीबी मशीन से सड़क बनवाई। सड़क बनने से ग्रामीणों ने खूशी की लहर है, अब शमशान घाट तक जाने में कठिनाई का सामना नहीं करना पड़ेगा।

# प्रखंड संसाधन केंद्र अधौरा में बच्चों के नेत्र जांच के लिये शिक्षकों को दिया गया एक दिवसीय प्रशिक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** जिला अंधापन नियंत्रण कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को प्रखंड संसाधन केंद्र अधौरा में बच्चों के नेत्र जांच के लिये शिक्षकों को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण नेत्र पदाधिकारी नागेश्वर प्रसाद सिंह ने दिया। नेत्र पदाधिकारी ने शिक्षकों को आँख बचाव के तरीके, आंखों में होने वाली बीमारी तथा बच्चों के आँख जांच के तरीके की जानकारी विस्तार से दिया.उन्होंने कहा कि शिक्षक अपने विद्यालय के बच्चों का प्रारम्भिक नेत्र जांच विद्यालय स्तर पर 30 जुलाई तक कर लें. इसके बाद एक अगस्त से विस्तृत नेत्र जांच क्लस्टर स्तर पर किया जायेगा। उन्होंने शिक्षकों को क्लस्टर स्तर पर होने वाले जांच की तिथि की जानकारी भी दिया। उन्होंने कहा कि जांच के दौरान जिन बच्चों को देखने मे परेशानी होगी उन्हें विभाग द्वारा निशुल्क चश्मा उपलब्ध कराया जायेगा। प्रशिक्षण में सुधीर चौबे, अविनाश सहाय, अखिलेश प्रसाद, कुन्दन कुमार, अविनाशचंद्र, नित्यानंद तिवारी, अलीम अंसारी, विनोद ठाकुर, अनूप कुमार विश्वकर्मा, कुमारी नीलम पांडेय, संध्या कुमारी, प्रियंका कुमारी, तस्लीमा खातून, राजनाथ राम, अखौरी प्रवीण कुमार सिन्हा, गोविन्द सिंह, भीम सिंह, अरविन्द प्रताप देव, भूपेंद्र प्रताप देव, नेसार अहमद सहित लगभग 50 शिक्षक उपस्थित थे।

# सरकारी चापाकल के बोरिंग में मोटर लगाकर दबंग कर रहें हैं निजी प्रयोग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** सार्वजनिक और सरकारी पेयजल स्त्रोतों पर निजी लोगों के कब्जों से सामान्य जन को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिन हैंडपंपों का उपयोग सार्वजनिक तौर से होता था, अब उन्हें प्राइवेट तौर पर उपयोग में लिया जा रहा है, लेकिन इसे देखने-सुनने वाला कोई नहीं है।लेकिन गांव के ही निजी लोगों ने दबंग तरीके से अपनी मोटर लगा रखी हैं और सार्वजनिक उपयोग बंद कर दिया है। जिसमें वे अपनी मोटर डालकर पानी निकाल रहे हैं। ऐसा ही मामला प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बंदुआ पंचायत के टोला काराकाट में हरिजन बस्ती में लगभग 30 घर की संख्या में लोग रहते हैं, जहां सरकारी चापाकल दो हैं जिसमे एक ड्राई जॉन हैं और दूसरा चापाकल चालू हालत में हैं लेकिन तीस घर के लोग पानी के बिना किसी तरह से अपना प्यास बुझा रहा हैं। बंदुआ पंचायत के मुखिया दीनानाथ मांझी ने कहा कि एक ही चापाकल चालू हालत में हैं जिसके भरोसे लगभग तीस घर के लोग निर्भर हैं लेकिन गांव के ही दीनानाथ पांडे चापाकल का हैंडपंप खोल कर उसमे अपना मोटर डालकर टैंकर से पानी बेचने का काम कर रहें हैं।विरोध करते ग्रामीण ने कहा कि अगर इसी तरह अधिकारियों का रवैया रहा और उनके संरक्षण में दबंग फलते फूलते रहें तो हम सभी ग्रामीण जनता ब्लॉक व उपयुक्त आवास का घेराव करने का काम करेंगे।ग्रामीण उषा देवी, सुजांती देवी, मुनवा कुंवर, गीता देवी, सुनपतिया देवी, बुधनी देवी, फूला देवी, प्रमिला देवी, विशुन भुईयां, सरजू भुईयां, धर्मेंद्र भुईयां, कुलदेव भुईयां सहित सैकड़ों ग्रामीण मौके पर शामिल थें।

## 15 वर्षीय बच्चे की मौत पर मुखिया प्रियंका ने जताया संवेदना

**पिपरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरैया पंचायत के सरैया ग्राम निवासी बिरेंद्र गिरी के तृतीय पुत्र लव कुमार 16 वर्ष का निधन आकस्मिक हो गया। परिजनों के अनुसार मृतक लव कुमार को दो वर्ष पूर्व खेलने के दौरान पेड़ से गिरने पर सर में चोट लगी थी। तत्कालीन इलाज के बाद वह सामान्य चल रहा था। कल अचानक लव कुमार के सिर में तेज दर्द शुरू हुआ और उसे तीन बार उल्टियां भी हुई। उसके बाद स्थानीय लोग और परिजनों के द्वारा उसे इलाज हेतु नबीनगर ले जाया जा रहा था।इस दौरान टंडवा के समीप ही उनकी मृत्यु हो गई।शव के जांचोपरांत चिकित्सक ने बताया कि मृतक लव की मृत्यु ब्रेन हेमरेज होने की वजह से हो गई है। वही इस घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।बताते चलें कि लव कुमार बहुत ही आज्ञाकारी तथा समझदार बच्चों में एक था। लव कुमार के आसपास के घरों में तथा सरैया गांव में लोगों से काफी घुला-मिला संबंध था।लव कुमार की मृत्यु के बाद आसपास के ग्रामीणों में भी शोक की लहर दौड़ गई है। उक्त घटना पर मुखिया प्रियंका कुमारी ने गहरी संवेदना व्यक्त की है। तथा उनके परिवार के साथ खड़े रहने की बात कही। इनके असमय मृत्यु पर समाजसेवी विकास तिवारी, दिलीप तिवारी, प्रफुल्ल पाठक, जितेंद्र प्रसाद, नेसार आलम, इबरार अंसारी अर्जुन सिंह, रामजी सिंह, सागर, नीतिश सिंह, दिनेश सिंह, रंजन समेत सैकड़ो लोगों ने शोक व्यक्त किया।

## पहली ही बारिश ने खोली नगर परिषद की पोल : ऋषि पांडेय



**विश्रामपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्रामपुर कांग्रेस के नगर अध्यक्ष ऋषि पांडेय ने कहा कि पहली ही बारिश में नगर परिषद की पोल खुल गई है। विश्रामपुर नगर परिषद का सभी दावा हवा हवाई ही साबित हुआ है.नप क्षेत्र की ज्यादातर नालियां जाम हैं। जिसके चलते सड़कों पर नाले का गंदा पानी बह रहा है। स्ट्रीट और हाई मास्क लाइटें भी ज्यादातर खराब पड़ी हुई हैं। चौक चौराहों पर यत्र तत्र गंदगी का अंबार लगा हुआ है। जिससे लोगों का जीना मुहाल हुआ है। श्री पांडेय आज बी मोड़ पर कांग्रेस द्वारा आयोजित पत्रकार वार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि नगरीय प्रशासन की उदासीनता से राज्य सरकार की बदनामी हो रही है.अगर नगर परिषद जल्द ही नालियों की सफाई, स्ट्रीट व हाई मास्क लाइटों की मरम्मती और गंदगी हटवाने का कार्य नही करती है तो आंदोलन का रुख अख्तियार किया जायेगा। इसके अलावा मुख्यमंत्री सहित राज्य के सभी मंत्रियों को इस संबंध में पत्र लिखकर पूरे मामले से अवगत कराया जायेगा।

# अमही में कुकही नदी पर पुल निर्माण की स्वीकृति मिली



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** विधायक कमलेश कुमार सिंह ने विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि हुसैनाबाद हरिहरगंज की सभी महत्वपूर्ण ग्रामीण सड़कों व पुल पुलिया का निर्माण कराया जा चुका है। कुछ पर कार्य चल रहा है। हुसैनाबाद के सुदूरवर्ती गांव अम्ही के समीप कुकही नदी पर पुल निर्माण कार्य की मांग लगातार ग्रामीणों के द्वारा की जा रही थी। ग्रामीण कार्य विभाग झारखंड सरकार ने इसे स्वीकृति प्रदान कर दी है। श्री सिंह ने कहा है कि वह लगातार क्षेत्र की समस्याओं का समाधान कराने का प्रयास करते हैं। जनता से उन्होंने जो वादा किया था, उसे पूरा करना उनका दायित्व निभाने में जुटे है। उन्होंने कहा कि जनता से किया गया वादा पूरा कर उन्हें सुविधाएं उपलब्ध करा दिया गया है। उन्होंने कहा कि कुकही नदी पर पुल निर्माण हो जाने से दर्जनों गांव के लोगों को लाभ होगा। विधायक श्री सिंह ने कहा कि बड़ी सड़कों के बाद अब गांव की छोटी छोटी सड़कों का निर्माण कराने की दिशा में वह आगे बढ़े हैं। ग्रामीण कार्य विभाग से हुसैनाबाद की पांच सड़कों को भी स्वीकृति दिलाई गई है। विधायक ने बताया कि जल्द ही निविदा निकलने के बाद सड़कों व पुल का निर्माण कार्य कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि वह प्रयास कर रहे हैं। जल्द ही बचे हुए कार्यों को भी धरातल पर उतारा जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों का आह्वान किया है की वह निर्माण कार्यों पर नजर रखें, अगर निर्माण कार्यों में गड़बड़ी होती है तो तत्काल सूचना दें, कार्रवाई की जायेगी। निर्माण कार्यों में किसी के साथ कोई समझौता नहीं किया जा सकता है। हर हाल में निर्माण करा रहे लोगों को गुणवत्ता का खयाल रखना होगा।

# विश्रामपुर विधानसभा का विकास कुशल नेतृत्व से ही संभव है : बड्डू दुबे



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिश्रामपुर :** नावाबाजार प्रखंड सह अंचल कार्यालय व्याप्त भ्रष्टाचार व रिश्वतखोरी को ले कांग्रेस नेता प्रभात कुमार दुबे उर्फ़ बड्डु दुबे ने प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी बिजय प्रसाद मरांडी से मुलाक़ात किया। जहां मिलकर आम जनता की समस्याओं से अवगत कराया। साथ हीं क्षेत्र मे फैले भ्रष्टाचार व रिश्वतख़ोरी को लेकर नाराज़गी व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र भ्रमण के क्रम में दर्जनों गांव के ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि कभी भी उन्हें खाद्यान्न समय पर नहीं मिलता है। वर्तमान जुलाई माह को मिलाकर दो-तीन महीने का राशन गायब कर दिया गया है। जिसमें विभागीय अधिकारियों की संलिप्तता उजागर हो रहा है। वहीं मनरेगा की योजनाओं में 45-50 प्रतिशत राशि उगाही किए जाने की बातें कही। कहा कि प्रखंड सह अंचल कार्यालय भ्रष्टाचार की गंगोत्री बन गया है। किसी भी वरीय अधिकारियों से शिकायत करते हुए जिम्मेवार लोगों पर कार्रवाई के लिए आग्रह किया जाएगा। भ्रष्टाचार किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। स्थानीय जनप्रतिनिधि को आम जनता के दुख-दर्द से कोई लेना देना नहीं है। उन्होंने कहा कि जात-धर्म से ऊपर उठ कर आम जनता को शोषक व पोषक मे फर्क समझना होगा। ताकि उनके द्वारा सही व्यक्ति का चुनाव किया जा सके। जनता पूर्व विधायक ददई दुबे के कार्यकाल को लोग आज भी याद कर उपलब्धियां गिनाते हैं। जिनके कार्यकाल में बिना घूसख़ोरी, बिना डर-भय के लोगों का कार्य आसानी से होता था। वहीं बीडीओ सह सीओ बिजय प्रसाद मरांडी ने आश्वासन दिया कि सब कुछ ठीक-ठाक कार्य हो रहा है और आगे भी सुव्यवस्थित रूप से कार्य होगा। ग्रामीणों के द्वारा शिकायत मिलने पर संबंधित लोगों पर कार्रवाई होगा। मौक़े पर डबलू चौबे, आरिज आलम, इरसाद खान, मुखिया छोटू सिंह सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## आम जनता के सेवक रुचिर कुमार तिवारी होंगे डाल्टेनगंज से विधायक उम्मीदवार : सूर्यपत



**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी होंगे इस बार डाल्टनगंज चैनपुर भंडारिया क्षेत्र से भावी विधायक उम्मीदवार उक्त बातें वरिष्ठ कम्युनिस्ट नेता सूर्यपत सिंह ने कहा। उन्होंने कहा कि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी लगातार आम जनता के जन समस्याओं को लेकर संघर्ष करते आ रही है वें एक युवा पढ़े-लिखे एवं तेज - तरार्ज उम्मीदवार हमेशा जनमुद्दों के हर समस्याओं के निदान के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं चाहे युवाओं के रोजगार के सवाल हो, युवाओं के रोजगार के नाम पर ठगी का मामला हो घूसखोरी का मामला हो ब्लॉक स्तर पर या समाहरणालय में जन समस्या या घुसखोरी का मामला हो, महिला उत्थान का मामला हो, निगम क्षेत्र में पानी की समस्या, होल्डिंग टैक्स की समस्या एवं अग्निवीर जैसी योजना पर भी इसके लिए हमेशा मुखर रहते हैं इस आम जनता के लिए आंदोलन के दरमियान उनके ऊपर घूसखोर एवं भ्रष्ट पदाधिकारी ने दर्जनों केस भी किया फिर भी वह तनिक भी विचलित नहीं हुए। वे आम जनता के गरीब लोगों के मुफ्त कानूनी सलाह एवं सेवा भी लगातार 12 वर्षो से डाल्टनगंज चैनपुर भंडरिया विधानसभा क्षेत्र सहित पलामू वासियों को न्यायालय के माध्यम से एक वकील के रूप में देते आ रहे हैं ऐसी स्थिति में इस बार डाल्टनगंज विधानसभा की आम जनता गोलबंद होकर रुचिर कुमार तिवारी को तन मन धन से समर्थन एवं सहयोग करें ताकि चुनाव जीतने के बाद वह पहले की भांति एक सेवक के रूप में आम जनता का काम कर सके।

# लाभुको का बचा हुआ खाद्य वितरण करें डीलर, नहीं तो होगी कड़ी कार्रवाई : एमओ

**समय पर सही मात्रा में लाभुकों को राशन उपलब्ध करायें डीलर**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** प्रखंड कार्यालय सभागार में शुक्रवार को पीडीएस डीलरो के साथ प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी अभिषेक कुमार ने समीक्षा बैठक किया। जिसमे जिला नेतृत्व टीम के सदस्य अनिल कुमार ने पीडीएस डीलर को फ्लैरिया कृमि जैसे बीमारियों के बचाव के लिए मांस ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन अभियान का शुरुवात 10 अगस्त से 25 अगस्त तक सभी पीडीएस डीलर को अपने अपने क्षेत्र के लाभुक ग्रामीणों को जागरूक करने का निर्देश दिया साथ ही लोगो को साफ़ सफाई पर ज्यादा ध्यान देने का सुझाव दिया। प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी अभिषेक कुमार ने कहा कि डीलरो को सख्त निर्देश दिया की प्रति माह कार्डधारियों को खाद्य वितरण करें और उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय खाद्य आपूर्ति का अगस्त व सितंबर माह का वितरण नहीं हो पाया हैं वो कार्डधारियों के बीच वितरण करना सुनिश्चित करें और 2023 अगस्त व सितंबर माह का खाद्य वितरण नहीं हो पाया है शत् प्रतिशत लाभुको के बीच वितरण करें और उन्होंने कहा कि जिस पीडीएस डीलर का वितरण प्रणाली लाभुको के बीच पीछे चला रहा हो व समय को पकड़ते हुए हर माह लाभुको के बीच वितरण करना सुनिश्चित करें नहीं तो वैसे पीडीएस डीलरो के ऊपर कड़ी कार्रवाई की जाएगी और पीडीएस डीलर का कार्डधारियों का आधार कार्ड व मोबाइल नंबर लिंक नहीं हैं वैसे डीलर अपने कार्डधारियों का आधार कार्ड और मोबाइल नंबर जोड़वाने का काम करें वहीं और जिन कार्डधारियों का केवाईसी नहीं हुआ हो वो लाभुक केवाईसी जरूर करवाएं।

# हुसैनाबाद प्रखंड 20 सूत्री कमिटी की हुई बैठक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद प्रखंड कार्यालय के सभागार में प्रखंड बिससूत्री कमिटी की बैठक हुई।बैठक की अध्यक्षता बिससूत्री अध्यक्ष योगेंद्र कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह ने की जबकि संचालन बीडीओ रौशन कुमार ने किया। बैठक के दौरान प्रखंड क्षेत्र में चल रहे विकास योजनाओं पर चर्चा की गई। मौके पर उपस्थित बिससूत्री अध्यक्ष योगेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि क्षेत्र के किसानों को केसीसी का लाभ मिले इसके लिए विभाग के कर्मी पारदर्शिता के साथ अपनी जिम्मेवारी का निर्वहन करें।उन्होंने कहा कि जमीन के मोटेशन में राजस्व कर्मियों द्वारा मोटा रकम का डिमांड किया जाता है, इस मामले पर भी जांचोपरांत कारवाई की जाए। उन्होंने बताया कि सरकारी स्कूलों के छात्राओं के बीच घटिया क्वालिटी का साइकल वितरण किया जा रहा है,इस मामले को लेकर भी जाँच का निर्णय लिया गया है। साथ ही सरकार द्वारा जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ क्षेत्र के गरीबों तक पहुँचाने पर जोर दिया गया। वहीं आबुआ आवास में हो रहे अनिमियता की जांच कराने हेतु एक कमिटी गठित की गयी। मौके पर मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि अखिलेश कुमार मेहता, श्रवण अग्रवाल, बिससूत्री उपाध्यक्ष जीशान हसन, सदस्य विनय पासवान, हंसराज सिंह, रत्न लाल, जेएसएलपीएस के प्रखंड कॉर्डिनेटर अंजनी कुमार, बीपीएम राजू रंजन समेत प्रखंड व अंचल के कई कर्मी उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत, एक गंभीर रूप से घायल

**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** छतरपुर थाना क्षेत्र के तेलाड़ी गांव निवाशी विश्वनाथ यादव उम्र 65 वर्ष की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। जबकि उनका भतीजा रामजी यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। इस घटना के बारे में घायल के परिजनों ने बताया कि शुक्रवार की दोपहर दोनों लोग बाइक पर सवार होकर जपला की ओर किसी रिश्तेदार के घर जा रहे थे। इसी बीच रास्ते में पीछे से उन्हें टेंपो ने धक्का मार दिया। जिसमें बाइक से गिरकर दोनों व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा उन्हें इलाज के लिए छतरपुर अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के बाद भी चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए मेदनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। जहां इलाज के क्रम में विश्वनाथ यादव की मौत हो गई।वही इस घटना के बाद से परिजनों का अस्पताल में रो-रो कर बुरा हाल है। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर शहर थाना की पुलिस अस्पताल पहुंचकर शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## संक्षिप्त खबरें

### विमुक्त हुए सभी सांसद प्रतिनिधि

**रांची :** 17वीं लोकसभा के दौरान सांसद संजय सेठ द्वारा रांची जिला के रांची, हटिया, कांके, सिल्ली, ईचागढ़ एवं खिजरी विधानसभा क्षेत्र के लिए वर्ष 2019- 24 के लिए मनोनीत सांसद प्रतिनिधियों का कार्यकाल समाप्त हो चुका है।केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री भारत सरकार द्वारा इस मनोनय को भंग कर दिया गया है। इसलिए आज से सभी मनोनीत सांसद प्रतिनिधि पद से विमुक्त माना जाएगा। इसकी सूचना रांची और सरायकेला के उपायुक्त को पत्र के माध्यम से दे दी गई है। मंत्री संजय सेठ ने सभी प्रतिनिधियों के प्रति आभार जताते हुए कहा कि 5 साल सभी ने अपने-अपने क्षेत्र में मेरे प्रतिनिधि के रूप में जनता की समस्याओं के समाधान के लिए काम किया। इन सभी प्रतिनिधियों का धन्यवाद।

### एम्स की तर्ज पर खुला रहेगा रांची का रिम्स अस्पताल

**रांची :** झारखंड के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल रिम्स अब एम्स की तर्ज पर खुलेगा। मरीजों की सुविधाओं के लिए अब शनिवार को भी रिम्स अस्पताल खुला रहेगा। बता दें कि रिम्स के विकास व मरीजों के कल्याण के लिए चार नए भवनों का निर्माण भी किया जाना है। जिसके लिए अप्रैल महीने में 1292 करोड़ का बजट तैयार किया गया है। रिम्स प्रबंधन ने कार्यकारिणी समिति की 34वीं बैठक कर कई निर्णय लिए। बैठक में मरीजों की सुविधाओं को प्राथमिकता दी गई। इन सभी निर्णय को शासी परिषद के अध्यक्ष सह स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता द्वारा अनुमोदित किया गया।एम्स की तर्ज पर शनिवार को सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक खुला रहेगा ओपीडी जिन पारित प्रस्तावों को अनुमोदित किया गया है, उनमें एम्स की तर्ज पर रिम्स प्रत्येक शनिवार को सुबह नौ बजे से दोपहर दो बजे तक खुला रखना प्रमुख रहा।

## विश्व आदिवासी दिवस कार्यक्रम के मद्देनजर रांची उपायुक्त ने की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने समाहरणालय में 9 से 10 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष्य में प्रस्तावित राज्य स्तरीय समारोह को लेकर बैठक की। कार्यक्रम का आयोजन भगवान बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान में किया जायेगा। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा और तैयारी को लेकर विचार-विमर्श किया गया। इस कार्यक्रम के लिए कोषांग और इवेंट टीम का जल्द गठन करने की बात कही गई। इस दौरान उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को कई निर्देश भी दिये। उपायुक्त ने आयोजन स्थल पर पिछले वर्ष के अनुभवों के साथ और बेहतर तैयारी किस प्रकार हो इस पर मंथन किया। कार्यक्रम के दौरान यहां लगने वाले स्टॉल, फूड स्टॉल, पार्किंग व्यवस्था, साफ-सफाई, बिजली व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, अग्निशमन व्यवस्था अन्य सभी व्यवस्था, दूसरे जिलों से कार्यक्रम में शामिल होने आये कलाकारों के भोजन, पानी, रहने की व्यवस्था की समीक्षा की गई। बैठक में विश्व आदिवासी दिवस पर दो दिवसीय जनजातीय महोत्सव में अन्य राज्यों की जनजातीय संस्कृति, संगीत, नृत्य, साहित्य, इतिहास, कला एवं हुनर, उनकी अलग-अलग आर्थिक क्रिया, खेलकूद क्षेत्र की विशेषताओं के समायोजन पर भी चर्चा की गयी। उपायुक्त ने कहा कि यह कार्यक्रम झारखंड की लोक संस्कृति, यहां के लोगों की ऐतिहासिक विरासत को विश्व के मानचित्र पर दिखाने के लिए बहुत बड़ा माध्यम है। इसके लिए इसे भव्य बनाने के लिए हर व्यवस्था बेहतर कराने को लेकर तैयारी शुरू करने को कहा। लोग दूसरे देशों की जनजातीय संस्कृति को देख सकें इसके लिए उपायुक्त ने कार्यक्रम के दौरान एक प्रदर्शनी लगाने को कहा। इससे झारखंड और अन्य राज्यों से आए लोग दुनिया के कई देशों की जनजातीय संस्कृति से रूबरू हो सकें। उपायुक्त ने कहा कि कार्यक्रम के स्वरूप में नवीनता लाने का प्रयास करें। इसके लिए दूसरे देशों के जनजातीय समूह को भी इस राज्यस्तरीय कार्यक्रम में शामिल करने का प्रयास करें ताकि झारखंड राज्य की जनजातीय समूह वहां के जनजातीय समूह के बारे में अच्छे से जान सकें। बैठक में आदिवासी कल्याण आयुक्त अजयनाथ झा, प्रोजेक्ट डायरेक्टर आईटीडीए संजय कुमार भगत, उप निदेशक आदिवासी कल्याण आयुक्त कार्यालय संगीता शरण, अपर जिला दंडाधिकारी (विधि-व्यवस्था) राजेश्वर नाथ आलोक, जिला नजारत उप समाहर्ता सुदेश कुमार, उप निदेशक टीआरआई मोनिका रानी टुडी , सहायक निदेशक आरआई रांची राकेश रंजन उरांव, प्रोजेक्ट मैनेजर जुड़को रांची अनुराग कुमार एवं सम्बंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## भारतीय जनतंत्र मोर्चा ने नगर आयुक्त से मिलकर सौंपा ज्ञापन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** नगर निगम के कार्यालय में नगर आयुक्त अमित कुमार से मिलकर भारतीय जनतंत्र मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने रांची शहर में पानी जाम की समस्या नालियों की सफाई, जल स्रोत बड़ा तालाब और दुकानदारों की समस्याओं से संबंधित ज्ञापन सोपा, अपर बाजार प्रेम इंडस्टरीज, सेवा सदन हॉस्पिटल रोड में नाली ऊंचा होने के कारण लग रहा है पानी। ऐसे बहुत सारे स्थान शहर में है उन्हें चिन्हित कर पानी निकालने की व्यवस्था करें। ताकि घर में और दुकान, प्रतिष्ठान में पानी ना घुसे। और चलते-फिरते लोगों को परेशानी ना हो। जल जमाव के स्थान पर जल निकासी की व्यवस्था हो और किसी तरह की बीमारी न फैले, उसके लिए ब्लीचिंग पाउडर आदि का छिड़काव भी हो। जल स्रोतों का रखरखाव सफाई अतिक्रमण मुक्त हो। तिवारी ने कहा बड़ा तालाब / स्वामी विवेकानंद सरोवर में गंदा पानी ना जाए। एसटीपी प्लांट का देखरेख हो ताकि स्वच्छ पानी ही तालाब में जाए।



तालाब के आसपास सफाई हो, ताकि उस क्षेत्र में दुर्गंध और जमीन केअंदर गया हुआ पानी। घरेलू बोरिंग के जल को दूषित न करें। दुकानदारों से जो बकाया है उसके लिए ब्याज माफ किया जाए, किसी तरह का कोई फाइन नहीं लगाया जाए, और दुकान, मकान के लिए अलग-अलग क्षेत्र में शिविर लगाकर इसका निष्पादन किया जाए। प्रक्रियाओं को लचीला किया जाए। हर क्षेत्र में आपके पास संसाधन है। रोड नाली सफाई की जांच हो कि आपका कर्मचारी या एजेंसी काम कर रही अथवा नहीं। क्योंकि बार-बार भ्रष्टाचार का आरोप नगर निगम पर लगता आया है। आप जैसे पदाधिकारी से जनता को बहुत अपेक्षाएं हैं बिचौलिए दलाल सक्रिय न हो, ऑफिस में भी आपका भ्रमण हो अमित कुमार ने कहा कि हमारा नजर हर कार्य पर है और हम जल्द ही इन सब मामलों पर भी त्वरित कार्रवाई कर रहे हैं। जनता को कोई असुविधा नहीं होगी। मानसून की पूरी तैयारी कर ली गई है। समाधान के लिए तत्पर है। अपर प्रशासक सौरभ प्रसाद जी से भी मुलाकात हुई विभिन्न समस्याओं पर चर्चा हुई उन्होंने भी कहा जो भी समस्या है आप बताएं समाधान के लिए हम लोग लगे हुए हैं।

## रांची के बिरसा कारागार में कैदी ने बाथरूम में की खुदकुशी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राजधानी के होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार (जेल) में एक विचाराधीन कैदी ने शुक्रवार को बाथरूम में खुदकुशी कर ली। मृत कैदी का नाम सोमरा उरांव बताया गया है। वह साल 2017 से ही रांची जेल में बंद था। उस पर दहेज के लिए पत्नी की हत्या करने का आरोप था। मिली जानकारी के अनुसार सोमरा उरांव बाथरूम गया था। काफी देर तक जब वह बाथरूम से बाहर नहीं निकला तब दूसरे कैदियों ने अंदर जाकर देखा तो वह बाथरूम की खिड़की पर फंदे के सहारे लटका हुआ था। जेल प्रशासन से मामले की जानकारी मिलने के बाद खेलगांव थाना प्रभारी चंद्रशेखर सिंह मौके पर पहुंचे और जांच-पड़ताल कर शव को मजिस्ट्रेट की निगरानी में पोस्टमार्टम के लिए रांची के रिम्स अस्पताल भेज दिया। उन्होंने बताया कि मृतक सोमरा उरांव झारखंड के लोहरदगा जिला का रहने वाला था। उसपर दहेज हत्या का आरोप था। अभी वह अंडर ट्रायल ही था। हत्या के मामले में अब तक उसे सजा नहीं सुनाई गई थी। वह मानसिक रूप से बीमार था, उसका इलाज रिनपास में चल रहा था। उसके परिजनों को मामले की सूचना दे दी गयी है।

## मुख्यमंत्री बहन-बेटी मई-कुई स्वावलंबन प्रोत्साहन योजना लागू, मिलेंगे एक हजार रुपये प्रतिमाह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राज्य में महिलाओं की सशक्तीकरण के लिए मुख्यमंत्री बहन-बेटी मई-कुई स्वावलंबन प्रोत्साहन योजना लागू कर दी गयी है। कैबिनेट के फैसले के बाद महिला, बाल विकास विभाग ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। इस योजना के तहत राज्य की 45 लाख से अधिक महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रुपये प्रोत्साहन मिलेगा। इसका लाभ 21 से 50 वर्ष की उम्र वाली गरीब महिलाओं को दिया जायेगा। इस योजना का लाभ लेने के लिए योग्यता भी तय की गयी है। आर्थिक लाभ प्राप्त करने लिए आवेदिका का पहचान पत्र, आधार कार्ड, परिवार का अंत्योदय अन्न योजना कार्ड, पीला रंग का राशन



कार्ड, गुलाबी कार्ड या सफेद राशनकार्ड धारी को इसका लाभ मिलेगा। इनकम टैक्स भरने वाले, सरकारी नौकरी करने वाले परिवार को इसका लाभ नहीं मिलेगा। ईपीएफ धारी महिला इस योजना की पात्र नहीं होगी। अन्य किसी योजना से पेंशन पा रही महिला को भी इसका लाभ नहीं मिलेगा। महिला विकास विभाग ने योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए आधार की आवश्यकता को अनिवार्य किया है और बैंक खाता या पोस्ट ऑफिस का खाता से आधार लिंक कराना होगा। हालांकि, जिनका आधार लिंक नहीं है वे भी दिसंबर तक इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। सरकार का मानना है हर माह 1000 रुपये की राशि से महिलाओं का शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण सहित हर छोटी-छोटी जरूरतें पूरी की जा सकेंगी। आवेदन के लिए जल्द ही पोर्टल जारी किया जायेगा।

## सरकार भ्रष्टाचार को बढ़ावा और भ्रष्टाचारियों को संरक्षण देने में व्यस्त : आजसू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : आजसू पार्टी ने हल्ला बोल कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को विभिन्न प्रखंड व नगर इकाई कार्यालयों में संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से आम लोगों को आ रही समस्याओं के त्वरित निष्पादन के लिए आग्रह किया गया। आजसू कार्यकर्ताओं ने कहा कि जनता की परेशानी से राज्य सरकार को कोई लेना-देना नहीं है। सरकार भ्रष्टाचार को बढ़ावा और भ्रष्टाचारियों को संरक्षण देने में व्यस्त है। राज्य के हालात यदि नहीं बदले तो जनता जवाब देगी। राज्य में व्याप्त अराजकता के खिलाफ आजसू पार्टी का हल्ला बोल कार्यक्रम आज नौवें दिन भी जारी रहा। रांची जिला के रातू और ओरमांझी, गिरिडीह जिला के गिरिडीह, रामगढ़ के मांडू, हजारीबाग के बड़कागांव, दुमका के दुमका प्रखंड, बोकारो के जरीडीह और नावाडीह, पूर्वी सिंहभूम के जमशेदपुर,पोटका, चाकूलिया, गढ़वा के सगमा, मंझिआंव, सरायकेला खरसावां के चांडिल, चतरा के हंटरगंज, देवघर के मारगोमुंडा, मधुपुर नगर परिषद, गुमला जिला के सिसई प्रखंड, पलामू के बिश्रामपुर, हैदरनगर, चैनपुर में हल्ला बोल कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

## सीआईडी डीएसपी से चेन छिनैती मामले में चार आरोपित गिरफ्तार

**प्रभत मंत्र संवाददाता**

**रांची :** सीआईडी की डीएसपी सरिता मुर्मू के गले से सोने की चेन छिनैती मामले में रांची की कोतवाली थाना पुलिस ने तीन आरोपितों सहित एक सर्राफा दुकानदार को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 11 हजार 500 रुपये नकदी और सोने का चेन बरामद किया गया है। गिरफ्तार आरोपितों में लोअर बाजार थाना निवासी फरहान अंसारी, मो. जाहिद खान, लालपुर थाना निवासी राजेश सोनी और सर्राफा दुकानदार मुकेश कुमार शामिल हैं। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि 25 जून को कोतवाली थाना क्षेत्र के कचहरी चौक के पास सीआईडी डीएसपी के गले से सोने



की चेन छिनकर दो बाइक सवार फरार हो गये थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में एक विशेष अनुसंधान टीम (एसआईटी) टीम का गठन किया गया। एसएसपी ने बताया कि टीम ने अनुसंधान के क्रम में दो बदमाशों फरहान अंसारी और मो. जाहिद खान को गिरफ्तार किया। इनके पास से लूटे हुए चेन को बेचने से मिली कुल 11 हजार 500 रुपये बरामद कर जब्त कर लिया गया। दोनों ने अपराध स्वीकर किया और बताया कि लूटे गये सोने के चेन को इनके जरिये कांटा टोली के विजय ज्वेलर्स के मालिक अजय वर्मा और मुकेश कुमार को बेचा जाता है। पुलिस ने चोरी के आभूषण खरीदने के मामले में राजेश सोनी और मुकेश कुमार को गिरफ्तार किया। साथ ही छिनैती का सोने की चेन भी बरामद किया गया। मामले में फरार आरोपित अजय वर्मा की धर-पकड़ के लिए छापेमारी की जा रही है। एसएसपी ने बताया कि फरहान और मो. जाहिद पर पूर्व से आपराधिक मामले दर्ज हैं।

## रांची में मनाया गया राजद का 28वां स्थापना दिवस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : राजद के प्रदेश कार्यालय में शुक्रवार को राष्ट्रीय जनता दल का 28 वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। पूर्व केंद्रीय मंत्री और झारखंड के प्रभारी जयप्रकाश नारायण यादव के जरिये झंडोतोलन और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मौके पर झारखंड प्रभारी जयप्रकाश नारायण यादव ने कहा कि लालू प्रसाद यादव ने गरीबों, पिछड़ों दलितों अल्पसंख्यकों ओर वंचित के कल्याण के लिए और न्याय दिलाने के उद्देश्य से राजद का गठन किया था। उन्होंने कहा कि लालू प्रसाद यादव ने वंचितों के कल्याण के लिए उनके सम्मान के लिए कड़े संघर्ष और मेहनत के साथ सामाजिक न्याय



के लोगों को न्याय दिलाने का काम किया। भाजपा ने लाख षड्यंत्र कर हमारे नेता लालू को फंसाने का काम किया। लेकिन लालू प्रसाद यादव ने हमेशा कहा कि मैं मिट्टी में मिल जाऊंगा लेकिन सांप्रदायिक ताकतों से कभी समझौता नहीं करूंगा। उन्होंने कहा कि हर हाल में भाजपा को देश से भागना है यही संकल्प लेकर यहां से जाना है और राष्ट्रीय जनता दल के संगठन को पंचायत स्तर से लेकर जिला स्तर पर और प्रदेश स्तर पर मजबूत करना है। हमें मजबूत और संगठित रहने की आवश्यकता है। झारखंड में राष्ट्रीय जनता दल संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने कहा कि संगठन को धारदार और मजबूत करना है। लालू की जो नीति और सिद्धांत है तेजस्वी यादव का जो नीति और सिद्धांत है उसे जन-जन तक पहुंचाने का काम करना है। संगठित होकर झारखंड में संगठन को मजबूत करना है और आने वाले विधानसभा के चुनाव में भाजपा से डटकर मुकाबला करना है और उसे झारखंड से समाप्त करना है । यही संकल्प लेकर के राजद के नेताओं और कार्यकर्ताओं को जाना चाहिए।

## महिला से सोने की चेन छिनतई का आरोपित गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** बरियातू थाना पुलिस ने महिला से सोने की चेन छिनतई करने के मामले में एक अपराधी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधी का नाम मो आसिफ अंसारी है। वह लोअर बाजार थाना क्षेत्र के कसाई मुहल्ला का रहने वाला है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने शुक्रवार को बताया कि गत 24 मार्च को बरियातू निवासी प्रभात कुमार झा की पत्नी निशा झा के गले से अज्ञात अपराधियों ने सोने की चेन छिनकर फरार हो गये थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने अनुसंधान के क्रम में रिम्स कैम्पस से आरोपित को गिरफ्तार किया। मामले में आरोपित ने अपनी संलिप्तता स्वीकार की। गिरफ्तार आरोपित के खिलाफ पूर्व से पांच थानों में आपराधिक मामले दर्ज है।

## राज्यपाल से केंद्रीय मंत्री ने की मुलाकात



**रांची** : राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से शुक्रवार को महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने राजभवन में मुलाकात की। दोनों की मुलाकात को शिष्टाचार भेंट बताया गया।

## भगवान जगन्नाथ 15 दिनों के एकांतवास के बाद आज आयेंगे बाहर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** भगवान जगन्नाथ भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ 15 दिनों के एकांतवास के बाद शनिवार को बाहर आयेंगे। इतने दिनों तक भगवान की प्रतिमा का अलौकिक श्रृंगार किया गया। शनिवार को वैदिक मंत्रोच्चार के साथ नेत्रदान होगा। फिर भगवान भक्तों को दर्शन देंगे। भगवान के दर्शन के लिए दोपहर दो बजे से भक्तों की भीड़ जुटने लगेगी। शाम चार बजे नेत्रदान अनुष्ठान शुरू होगा। फिर 108 दीपों से मंगलआरती, जगन्नाथ अष्टकम, गीता के द्वादश अध्याय का पाठ और भगवान की स्तुति की जायेगी। भगवान जगन्नाथ को मालपुआ सहित अन्य मिष्ठानों का भोग लगाया जायेगा। शनिवार को भगवान रात नौ बजे तक दर्शन मंडप में दर्शन देंगे और यहीं रात्रि विश्राम करेंगे। सात जुलाई को प्रभु जगन्नाथ की रथ यात्रा निकाली जायेगी। सुबह चार बजे से ही भक्त पूजा करने के लिए कतारबद्ध होने लगेंगे। महिला और



पुरुष भक्तों के लिए अलग-अलग कतार बनायी जायेगी। दोपहर दो बजे सभी विग्रहों को बारी-बारी से रथारुढ़ किया जायेगा। रथ के ऊपर सभी विग्रहों का श्रृंगार होगा।

विष्णु सहस्त्रनाम अर्चना होगी। इस अनुष्ठान के बाद विष्णु सहस्त्रनाम अर्चना में शामिल भक्त रथ पर सवार होकर भगवान को पुष्प अर्पित करेंगे। मंगल आरती होगी। रथ में रस्सा बंधन होगा। रविवार शाम पांच बजे रथयात्रा शुरू होगी। भक्त रस्सी के सहारे रथ को खींच कर मौसीबाड़ी लायेंगे, जहां महिलाएं भगवान की पूजा करेंगी। शाम सात बजे तक सभी विग्रहों को मौसीबाड़ी में रखा जायेगा। फिर आरती और भोग निवेदन होगा। रात आठ बजे भगवान का पट बंद कर दिया जायेगा, जो अगले दिन सुबह पांच बजे खुलेगा। आठ जुलाई को सुबह छह बजे मंगल आरती व बाल भोग लगाया जायेगा। दोपहर 12 बजे अन्न भोग लगाया जायेगा और 12¬10 बजे पट बंद हो जायेगा। दोपहर तीन बजे मंदिर का पट पुन¬ खुलेगा, जो रात आठ बजे तक खुला रहेगा। शाम 7¬30 बजे आरती व भोग निवेदन होगा। रात आठ बजे पट बंद हो जायेगा। यह क्रम 16 जुलाई तक चलेगा। 16 जुलाई को रात में भगवान को गुंडिचा भोग लगाया जायेगा। खीर, खिचड़ी और सब्जी का भोग लगेगा। पूरे साल में सिर्फ एक ही दिन रात्रि में गुंडिचा भोग लगता है। 17 जुलाई को घुरती रथ यात्रा है।

## सर्राफा व्यवसायी की हत्या के आरोपित का पोस्टर जारी

### 50 हजार का इनाम घोषित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** पुलिस ने शुक्रवार को आभूषण व्यवसायी राजेश पॉल की हत्या के मुख्य आरोपित का पोस्टर जारी किया। इसके ऊपर 50 हजार का इनाम भी घोषित किया गया है। डीएसपी प्रकाश सोय ने बताया कि लगातार प्रयास के बावजूद अब तक राजेश पॉल के हत्यारे की पहचान नहीं हो पाई है। ऐसे में अब उसका पोस्टर जारी किया गया है, ताकि उसकी पहचान की जा सके। डीएसपी ने बताया कि राजेश पॉल की हत्या में शामिल अपराधी के बारे में सूचना देने वाले व्यक्ति को 50 हजार का इनाम दिया जाएगा और उसकी पूरी पहचान गुप्त रखी जाएगी। डीएसपी बताया कि अरविंद ज्वेलर्स में लूट कांड को अंजाम देने वाले आरोपितों की तलाश में रांची पुलिस ने अब तक दूसरे राज्यों में छापेमारी कर चुकी है लेकिन पुलिस को कोई सफलता हाथ नहीं लगी है। अपराधी का सीसीटीवी फुटेज हासिल होने के



बावजूद उसकी पहचान नहीं हो पाई है। उल्लेखनीय है कि सात जून, 2022 को रांची के डेली मार्केट थाना क्षेत्र में स्थित अरविंद ज्वेलर्स को अपराधियों ने दिनदहाड़े लूटने का प्रयास किया था। घटना के व?त अरविंद ज्वेलर्स के मालिक और अपराधियों के बीच जमकर हाथापाई हुई थी। इसके बाद अपराधियों ने अरविंद ज्वेलर्स के मालिक राजेश पॉल को गोली मार दी थी। इससे राजेश की मौत हो गई थी। मौके पर अपराधियों के भागने के क्रम में हथियार गिर गया था। अपराधी हथियार छोड़ कर भाग गए थे।

## टीम यलो ने वॉलीबॉल मीडिया कप पर जमाया कब्जा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** खेलगांव स्थित टाना भगत स्टेडियम में रांची प्रेस क्लब के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय वॉलीबाल लीग टूर्नामेंट का शुक्रवार को समापन हो गया। टीम येलो ने टीम ब्लू को कड़े मुकाबले में परास्त कर मीडिया कप वॉलीबाल टूर्नामेंट के खिताब पर कब्जा जमाया। टूर्नामेंट के दूसरे दिन टीम ग्रीन ने टीम रेड को तीन सेट तक चले संघर्षपूर्ण मुकाबले में 25-17, 23-25, 15-6 से हराया जबकि टीम ब्लू ने टीम येलो को तीन सेट तक चले संघर्षपूर्ण मुकाबले में 25-9, 23-25, 15-6 से हराया। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला टीम येलो और टीम ब्लू के बीच खेला गया। इसमें टीम येलो ने टीम ब्लू को 25-23, 25-23 से हराकर अरपीसी मीडिया कप वॉलीबॉल टूर्नामेंट 2024 का खिताब अपने नाम कर लिया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षक सह झारखंड बॉलीबॉल संघ के महासचिव शेखर बोस मौजूद थे जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ पत्रकार हरिनारायण सिंह, शशी शेखर, प्रकाश सहाय, विनय वर्मा, शम्भूनाथ चौधरी, राघवेन्द्र, चंचल भटाचार्य, दीपक ओझा मौजूद थे। मुख्य अतिथि शेखर बोस ने कहा कि पत्रकारों के बीच खुद को पाकर उन्हें बेहद खुशी महसूस हो रही है।

## कोयलांचल के राय मदरसा में मुहर्रम मनाने को लेकर हुई ग्रामीणों की बैठक



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोयलांचल क्षेत्र के राय मदरसा में मुहर्रम को लेकर ग्रामीणों की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता राय अंजुमन के सदर जुल्फिकार अली और संचालन सेक्रेटरी राजू खान ने किया।बैठक में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी राय में मुहर्रम मनाने को लेकर विचार विमर्श किया गया।इस दौरान मुहर्रम का अखाड़ा जुलूस एवं ताजिया जुलूस निकाले जाने सहित मुहर्रम से संबंधित कई बातों पर चर्चा की गई।बैठक मे 17 जुलाई को मुहर्रम जुलुश निकालने और राय बाजार में अस्त्र-शस्त्र खेल प्रतियोगिता का आयोजन कराने का निर्णय लिया गया।मुहर्रम त्यौहार को लेकर ग्रामीणों की अगली बैठक में मुहर्रम समिति का गठन करने का निर्णय लिया गया।बैठक मे जुल्फिकार अली,राजू खान, साबिर अंसारी,शाहनवाज आलम,मोहम्मद शोएब आलम उर्फ गोल्डन,सहीम अंसारी,मुमताज अहमद, इरफान अंसारी,गुड्डू अंसारी सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## वित्तीय साक्षरता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित




**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली प्रेम वाटिका लॉच में फ्यूजन माइक्रो फाइनेंस लिमिटेड द्वारा वित्तीय साक्षरता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुरी ओ पी एस आई आशीष रंजन, मुन्ना सिंह, उप प्रमुख आरती देवी,मुरी पूर्व मुखिया प्रकाश कुमार बड़ाइक आदि उपस्थित थे। मुरी ओपी के एस आई आशीष रंजन ने महिलाओं को वित्तीय प्रबंधन के बारे में बताया। फ्यूजन के रीजनल मैनेजर नवीन कुमार सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में ऑडियो- विजुअल और नाट्य रूपांतर के माध्यम से महिलाओं को बचत के लाभ और वित्तीय प्रबंधन के विभिन्न तरीके बचत, खर्चे व सरकारी योजनाओं आदि के बारे में जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र की करीब 225 महिलाओं ने भाग लिया। कंपनी की एबीपी हेमंत कुमार ने बताया कि फ्यूजन माइक्रोफाइनेंस रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया से पंजीकृत एक गैर बैंकिंग वित्तीय संस्था है, जो समाज के आर्थिक और सामाजिक रूप से वंचित वर्ग तथा दूर दराज के गांवों और कस्बों में रहने वाले आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की महिला उद्यमियों को ऋष्टा व अन्य सहयोग देती है। कार्यक्रम में बेहतर कार्य करने के लिए चार महिला समूह के अध्यक्ष को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। इस मौके पर शाखा प्रबंधक मुकेश कुमार,हरिशरण रोहित मानिक राज मधुकर समिति काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## भाजपा सिल्ली मंडल ने वृक्षारोपण किया

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली भाजपा मंडल एक वृक्ष मां के नाम कार्यक्रम के तत्वाधान में सिल्ली भाजपा के कार्यकर्ता राजेंद्र साय की आवास पर पर वृक्षरोपण किया गया। इस कार्यक्रम में भाजपा सिल्ली मंडल



कोषाध्यक्ष शैलेंद्र बड़ाईक, मंत्री चंदन गोस्वामी, जिला के पदाधिकारी कानूनी सलाहकार ललित प्रसाद, मंडल के संयोजक राजेंद्र सांय ,शंभूनाथ महतो मौजूद रहे।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में बैठक आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय के सभागार में ''आत्मा'' शासकीय निकाय एवं जिला स्तरीय खाद्य एवं पोषण सुरक्षा कार्यकारिणी समिति की बैठक अयोजित हुई। इसमें वित्तीय वर्ष 2023-24 में आत्मा एवं खाद्य एवं पोषण सुरक्षा योजनान्तर्गत किये गये कार्यों की समीक्षा की गई। इस दौरान आत्मा द्वारा कराये गये मुख्य गतिविधियों को पावर पॉइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात वित्तीय वर्ष 2024-25 में राज्य स्तर से प्राप्त वार्षिक कार्य योजना पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान उपायुक्त द्वारा केवीके के वैज्ञानिक एवं प्रगतिशील किसानों से खेती में उत्पादन एवं रबी फसलों के अच्छादन संबंधी सलाह मांगी गई। वैज्ञानिक एवं किसानों ने लाह की खेती, मडुवा का थ्रेसिंग कराने हेतु किसानों को मदद उपलब्ध कराने का सलाह दी गई। इस संबंध में उपायुक्त ने सहमति व्यक्त की।



उन्होंने निर्देश दिया कि किसानों के प्रशिक्षण एवं परिभ्रमण हेतु उनकी आवश्यकता का आकलन करते हुए कार्यक्रम तैयार किया जाय। उपायुक्त द्वारा खेती की सघनता को बढ़ाने हेतु रबी फसलों का रकवा बढ़ाने पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया गया। रबी फसलों को बढ़ावा देने हेतु अधिक से अधिक कृषक गोष्ठी का आयोजन करने का निर्देश देते हुए कहा कि इसमें प्रगतिशील कृषक एवं प्रखण्ड के पदाधिकारियों को शामिल किया जाना चाहिए ताकि जिले में एक फसली खेती को धीरे-धीरे द्विफसली खेती में परिवर्तित किया जा सके। उपायुक्त द्वारा निर्देशित किया कि विशेषकर अड़की, मुरहू एवं खूँटी के सभी हितधारकों के साथ यथाशीघ्र एक बैठक कर खरीफ के साथ रबी फसलों की खेती को बढ़ावा देने का प्रयास किया जाना चाहिए। किसान समृद्धि योजना एवं मिलेट मिशन योजना पर चर्चा के उपरांत उपायुक्त द्वारा किसानों को पुरस्कृत करने हेतु वैसे किसानों का चुनाव करने को कहा गया, जो रबी मौसम में अच्छी खेती कर आस-पास के किसानों क बीच एक उदाहरण पेश कर रहें हैं।

बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी, परियोजना निदेशक आत्मा जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, प्रतिनिधि महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र एवं स्वयंसेवी संस्था प्रदान के प्रतिनिधि सहित अन्य शामिल थे।

# 26वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल ई समवाय डोंगीडीह के द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** एस. डी. शेरखानी कमांडेंट 26वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल रांची के निर्देशानुशार 26वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल की %ई% समवाय डोंगीडीह के द्वारा सौमेन गोराई (सहायक कमांडेंट) की अगुवाई में वृक्षारोपण अभियान के तहत समवाय के कैम्पस इलाके में वृक्षारोपण किया गया। इस अभियान के अंतर्गत, पीपल, आम, इमली, अमरुद, नीम, जामुन और गुड़हल आदि के पौधे लगाये गए इसके उपरांत समवाय



कमांडर ने सभी कार्मिकों को पर्यावरण की कमी के कारण होने वाले दुष्परिणामों के वारे में अवगत कराया और अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस वृक्षा रोपण कार्यक्रम में समवाय कमांडर के अलावा स.उप.नि. विनोद लाल, स.उप नि. दुलाल बोगोहैन व 20 अन्य कार्मिक सामिल रहे।

## संजीव कुमार बने पिपरवार क्षेत्र के नये महाप्रबंधक

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक सीबी सहाय का सीसीएल मुख्यालय दरभंगा हाउस में तबादला कर दिया गया है। जबकि उनके स्थान पर सीसीएल मुख्यालय दरभंगा हाउस के जीएम संजीव कुमार को पिपरवार क्षेत्र का नया महाप्रबंधक बनाया गया है।सीसीएल मुख्यालय के द्वारा इससे संबंधित आदेश को जारी कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक सीबी सहाय दो महीने के बाद सेवानिवृत हो रहे हैं,जिसको देखते हुए उन्हें सीसीएल मुख्यालय दरभंगा हाउस तबादला किया गया है,वही सीसीएल मुख्यालय के सीएमसी विभाग में महाप्रबंधक के पद पर कार्यरत संजीव कुमार को पिपरवार क्षेत्र का नया महाप्रबंधक नियुक्त किया गया है।ज्ञात हो कि जीएम संजीव कुमार इससे पूर्व पिपरवार क्षेत्र मे मैनेजर के पद पर कार्य कर चुके है और उन्हें पिपरवार क्षेत्र का अनुभव है,जिसको देखते हुए उन्हे पिपरवार एरिया का जीएम बनाया गया है।सूत्रो से मिली जानकारी के मुताबिक सोमवार आठ जुलाई को पिपरवार क्षेत्र के नये महाप्रबंधक संजीव कुमार अपना पदभार ग्रहण कर सकते हैं।

## इनमोसा की बैठक में शामिल हुए पिपरवार के लोग

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल के अरगड्डा एरिया मे इन्मोसा द्वारा आहुत सीसीएल स्तरीय कार्यकारिणी समिति की बैठक मे सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के कई इन्मोसा पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए।बैठक में सीसीएल अध्यक्ष रामराज सिंह एवं उप महामंत्री विजय सिंह सहित सभी क्षेत्रो के प्रतिनिधि शामिल हुए।बैठक में इनमोसा से जुड़े कार्यकर्ताओं की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई एवं सभी को एकजुट होने की अपील की गई।पिपरवार क्षेत्र से एरिया अध्यक्ष एसडी राम,सचिव अनिल कुवंर, सुरैश कुमार,रजी अहमद सहित कई लोग इस बैठक मे शामिल हुए।

## आजीविका महिला संकुल का पांचवा वार्षिक आम सभा आयोजित

**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के महादानी मैदान के समीप विवाह मंडप में शुक्रवार को जरिया आजीविका महिला संकुल स्तरीय प्राथमिक स्वालंबी सहकारी समिति लिमिटेड का पांचवा वार्षिक आम सभा का आयोजन गया।



इस आयोजन का उद्देश्य समूह से जुड़कर दीदियों को होने वाले लाभ की जानकारी देना था, साथ ही एक साल में क्लस्टर के द्वारा आय व्यय की जानकारी सभी दीदियों के बीच दिया गया। कार्यक्रम में बी पी एम मुकेश कुमार सिन्हा ने कहा कि समूह,ग्राम संघटन और क्लस्टर से दिदिया जुड़कर आजीविका, कौशल, बिजनेस जैसी सेक्टरों में अपने आप को आत्मनिर्भर बना रही है और आगे भी दीदियों की आजीविका मजबूत करने के लिए दीदियों की आवश्यकता के अनुसार क्लस्टर हमेशा तैयार रहेगी। मौके पर विधायक प्रतिनिधि प्रो. करमा उरांव, मुखिया सुशांति भगत, जिला प्रबंधक देवाशीष अभिषेक चंद कुलदीप गुप्ता सहित जेएसएलपीएस कर्मी व स्वयं सहायता समूह के दीदी उपस्थित थे।

# पेड़-पौधे लगाने के प्रति जागरुकता जरूरी : डॉ. आर चौधरी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में शुक्रवार को वन महोत्सव मनाया गया।इस मौके पर स्कूल की प्राचार्य डॉ.आर चौधरी सहित स्कूल के सभी शिक्षकों के अलावा छोटे-छोटे बच्चों ने स्कुल प्रागंण मे वृक्षारोपण किया।स्कूल की प्राचार्य डॉ. आर चौधरी के नेतृत्व मे आयोजित इस कार्यक्रम मे स्कूल के कक्षा बाल वाटिका से कक्षा दुसरी तक के सभी बच्चे शामिल हुए।इस दौरान शिक्षकों के साथ बच्चों ने बारी-बारी से पौधा लगाया। इस दौरान बच्चों में भी काफी उत्साह देखा गया।वन महोत्सव को लेकर छोटे-छोटे बच्चे भी कई तरह के पोशाक पहनकर स्कूल पहुंचे थे जो



आकर्षण का केंद्र बना हुआ था।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्कूल की प्राचार्य डॉक्टर आर चौधरी ने कहा कि वन महोत्सव मनाने का मुख्य उद्देश्य बच्चों में पेड़ पौधे के प्रति लगाव रखना और पेड़ पौधे लगाने के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।इस तरह के आयोजन से बच्चों को कई प्रकार की जानकारी मिलती है और बच्चों का मनोबल भी बढ़ता है।उन्होंने कहा कि वर्तमान में पर्यावरण की रक्षा के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने की जरूरत है।पर्यावरण की हरियाली हम सभी के लिए वरदान है।पर्यावरण को बचाने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाकर उसकी देखभाल करना भी जरूरी है।साथ ही पर्यावरण के प्रति सभी को जागरूक होने की जरूरत है।इस मौके पर स्कूल के कई शिक्षको के अलावा बच्चे मौजूद थे।


कार्यालय, नगर पंचायत, बुण्डू (राँची)

पता- ब्लॉक रोड, बुण्डू, पिन – 835204 Email Id- nagarpanchayatbundu@gmail.com

पत्रांक – दिनांक –

आम सूचना

नगर पंचायत बुण्डू की ओर से शहर को स्वच्छ एवं साफ बनाने के संकल्प के साथ लोगों से अपील है कि अपने – अपने घरों एवं दुकानों मे डस्टबिन रखें एवं संग्रहित कूड़ा नगर पंचायत बुण्डू के रिक्शा / वाहन मे दें । घरों मे निर्मित शौचालय का प्रयोग करें । समय से होल्डिंग कर, जल कर, ट्रेड लाइसेन्स, भवन नक्शा, बोरिंग शुल्क एवं सफाई शुल्क का भुगतान समय पर करें ।

नगर पंचयत बुण्डू अंतर्गत सभी नागरिकों को सूचित किया जाता है कि स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत खुले मे शौच, पेसाब, कचड़ा, आम रास्ता पर C&D Waste फेंकना, सरकारी जमीन मे अतिक्रमण करना दंडनीय अपराध है ऐसा करते हुए पकड़े जाने पर निम्नरुपेण दंड का प्रावधान है ।

| क्रम | वर्ग | जुर्माने की राशि (प्रत्येक बार) |
|---|---|---|
| 1 | आवासीय भवन द्वारा खुले मे कचड़ा फेंकने पर | 50/- |
| 2 | दुकान द्वारा कचड़ा खुले मे कचड़ा फेंकने पर | 250/- |
| 3 | होटल मालिक द्वारा खुले मे कचड़ा फेंकने पर | 500/- |
| 4 | प्राइवेट अस्पताल , नर्सिंग होम, क्लीनिक दवाखाना इत्यादि आम रास्ता, सड़क, फुटपाथ पर गंदगी डालकर गंदगी फैलाने पर | 1000/- |
| 5 | हलवाई, चाट, फास्ट फूड, आइसक्रीम, गन्ने का रस, सब्जी, फ्रूट आदि ठेला व्यवसायी पर खुले मे कचड़ा फेंकने पर | 50/- |
| 6 | सार्वजनिक स्थल पर पेसाब करने पर | 25/- |
| 7 | खुले मे शौच करने पर | 500/- |
| 8 | निजी ट्रेक्टर द्वारा बजरी, कचड़ा, गोबर, मलबा इत्यादि परिवहन करते हुए सड़कों पर सामाग्री बिखरने एवं गंदगी | 250/- |
| 9 | अपने मकान का गंदा पानी का निकासी आम सड़क पर करने पर | 1500/- |
| 10 | खाली, सरकारी जमीन, आम रास्ता एवं मकान के सामने गाय भैंस, बकरी, कुत्ता, भेड़, ऊंट, गधा, घोड़ा, सूअर आदि पालतू जानवरों से गंदगी फैलाने पर | 100/- |
| 11 | शादी / विवाह स्थलों के बाहर कचड़ा फैलाने पर | 1000/- |
| 12 | बिना सक्षम स्वीकृति के रोडकट करने वाले पर | 1500/- |

नोट – MLBCPL को आदेश दिया जाता है कि उक्त के आलोक मे आवश्यक कार्रवाई करें ।

आओ मिलकर पर्यावरण बचाये, अपना जीवन बेहतर बनाएं।

प्रशासक
नगर पंचायत, बुण्डू

PR.NO.328783 Urban Development(24-25):D


# कर्रा प्रखंड में किया गया सम्पूर्णता अभियान के तहत मेले का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कर्रा :** प्लस टू हाई स्कूल कर्रा परिसर में शुक्रवार को खूंटी जिला प्रशासन द्वारा सम्पुर्णता अभियान के तहत मेले का आयोजन किया गया. सम्पुर्णता अभियान के तहत बताया गया कि माननीय प्रधानमंत्री मंत्री के द्वारा पुरे देश में 28 राज्यों के 112 जिले के 500 प्रखंडों को आकांक्षी प्रखंड घोषित किया गया है जिसमें खूंटी जिले के कर्रा प्रखंड शामिल हैं. अभी पुरे देश में सम्पुर्णता अभियान 4 जूलाई से 30 सितम्बर तक चलाया जा रहा है इसके तहत खूंटी जिले के आकांक्षी प्रखंड कर्रा में सम्पुर्णता अभियान के तहत मेले का आयोजन किया गया मेले का उद्घाटन उप विकास आयुक्त खूंटी एवं निदेशक आई टी डी ए ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया. बीडीओ स्मिता नगेशिया ने स्वागत भाषण के दौरान बताया की आज हमारा कर्रा प्रखंड देश के टॉप टेन में आ गया है इसमें और थोड़ी



मेहनत करने की आवश्यकता है जिससे हम तीन महिने में पुरा कर लेंगे तो इस आकांक्षी प्रखंड से बाहर निकल जाएंगे. बीडीओ स्मिता नगेशिया ने स्वागत भाषण के उपरांत जिले के सभी पदाधिकारी एवं जिला परिषद उपाध्यक्ष तथा प्रखंड प्रमुख को गमले में लगा पौधा लेकर सम्मानित किया गया. इस मेले में में मुख्य रूप से विभिन्न विभागों के द्वारा दी जा रही सेवाओं को दर्शाया गया है. और विकास की गती को बढ़ाते हुए आकांक्षी प्रखंड को प्रेरणादायक प्रखंड के रुप में बनाना है इसके लिए मेले में विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शनी लगाई गई जिसमें छात्रों की रचनात्मक गतिविधियों को दिखाया गया है. साथ हीं शिक्षा विभाग द्वारा दी जा रही व्यापक सेवाओं को स्टॉल में प्रदर्शनी के माध्यम से बताया गया है. स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी में मधुमेह, उच्च रक्त चाप की स्क्रीनिंग की गयी. साथ में सिकल सैल एनिमिया की जागरूकता के उप विकास आयुक्त,निदेशक आई टी डी ए, बीडीओ स्मिता नगेशिया एवं बीपीओ मनमोहन साहु,तथा पिरामल फाउन्डेशन के कार्यक्रम लीडर रोहीत ने संयुक्त रूप से प्रचार गाड़ी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. तत्पश्चात प्रखंड कार्यालय से निति आयोग के सूचकांकों एवं विकास के लिए रैली का आयोजन किया गया। इस मेले का मुख्य आकर्षण कस्तुरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय के छात्राओं का शिक्षा पर नुक्कड़ नाटक रहा. जन प्रतिनिधि ने सभी विभागों के स्टॉल का अवलोकन किया तथा सम्पर्क फाउन्डेशन के तरफ से तीन विद्यालयों को स्मार्ट टी वी दिया गया साथ हीं कृषि विभाग के तरफ से पाना भगतों के बीच बीज का वितरण किया गया. आज के इस कार्यक्रम में निति आयोग के संजय कुमार, जिला परिषद उपाध्यक्ष मंजू देवी, प्रमुख अंजनी मिंज, प्रखंड बीस सूत्री उपाध्यक्ष शेख फिरोज, एमवाईसी विजय प्रसाद, सीडीपीओ, बीईओ, बीएओ, बीएसओ, मनरेगा बी पी एम प्रेम सुजीत कुजूर, स्वस्थ्य प्रशिक्षक प्रदीप कुंडू, बीटीएम स्नेहलता तिग्गा, वनपाल राकेश कुमार, विभिन्न पंचायत के मुखिया आकांक्षी प्रखंड के फेलो अदिती राज, पिरामल फाउंडेशन के खूंटी टीम ,जे एस एल पी एस, टाटा ट्रूस्ट सिंनी एवं आंगनबाड़ी सेविका एवं सहिया शामिल थे।


झारखण्ड सरकार

कार्यालय जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, राँची।

मत्स्य कृषकों के लिए आवश्यक सूचना

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) के "मत्स्य प्रसार, अनुसंधान एवं प्रशिक्षण योजना" 2024–25 अंतर्गत निर्गत विभागीय राज्यादेश सं0– 05 रा0 (वि0) दिनांक 13.06.2024 के द्वारा स्वीकृत लक्ष्य के आलोक में निम्नांकित तालिका में दिये गये विवरणों के अनुरूप कार्यक्रम कियान्वयन किया जाना है–

| 0 | कार्यक्रम | लघु शीर्ष | इकाई | भौतिक लक्ष्य | इकाई अनुमान्य लागत | लाभुक का अंषदान | चयन हेतु अर्हता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | जलाषयों में केज मत्स्य पालकों हेतु Three Buckle 5 mm EPF foam filled the whole jacket, weight capacity: 70-120 kg, buoyancy 150 N, material – polyster water resistance, size – standard 68 cm x 37 cm x 10 cm, equipped with useful whistle का लाईफ जैकेट | 796 | सं0 | 50 | 2420/– रू0 प्रति इकाई | 25 प्रतिषत् या 605/– रू0 प्रति इकाई जो अधिक हो। | आवेदक केज में मछली पालन कर रहे हो एवं वे अपना अंषदान लगाने हेतु सहमत हों। |
| 2 | पुरस्कार/सम्मान | 796 | संख्या | 03 | 30,000/– रू0 प्रति कृषक | 12 Paddle Wheel Aerator (विभाग द्वारा अनुमोदित) अथवा मत्स्य पैकेजिंग हेतु ऑक्सजन सिलिंडर (Accessories सहित) के कय के विरूद्ध प्रोत्साहन राषि के रूप में 30,000/– रू0 डी0बी0टी0 के माध्यम से भुगतान किया जाएगा। शेष राषि लाभुक का अंषदान होगा। | राँची जिला के उत्कृष्ट मत्स्य कृषक, मत्स्य बीज उत्पादक, हैचरी संचालक इस हेतु आवेदन कर सकते है। |
| | | 789 | संख्या | 01 | | | |

एतद् द्वारा उक्त तालिका में दिये गये विवरणों के आलोक में राँची जिला के ऐसे मत्स्य पालकों से जो आवेदन करने की अर्हता रखते है एवं आवेदित कार्यकम के कियान्वयन में अंशदान हेतु सक्षम है, से आवेदन आमंत्रित किया जाता है।

आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि :– 18.07.2024

आवेदन जमा करने का स्थान :– जिला मत्स्य कार्यालय, डोरंडा, राँची।

आवेदन प्रपत्र जिला मत्स्य कार्यालय, राँची से निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, राँची।

PR 328740 Fish(24-25)D



प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## पत्रकार संगठन ने की एसपी मुकेश लुणायत से औपचारिक मुलाकात



**सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शुक्रवार को ऑल इंडिया स्मॉल एंड मीडियम जर्नलिस्ट वैलफेयर एसोसिएशन के कोल्हान अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा के अध्यक्षता में कोल्हान प्रभारी अजय महतो और सरायकेला-खरसावां जिला ग्रामीण अध्यक्ष रविकांत गोप ने एसपी मुकेश लुणायत से औपचारिक मुलाकात कर पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया और पत्रकारहित के विषयों पर भी चर्चा हुई। इस दौरान एसपी ने कहा कि जिले में सड़क सुरक्षा और अपराध सहित नशे को कंट्रोल करना प्राथमिकता रहेगी।

## योगा प्रशिक्षकों ने डीसी को ज्ञापन सौंपकर किया मानदेय बढ़ाने की मांग



**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के योगा प्रशिक्षकों के एक प्रतिनिधिमंडल की ओर से उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर मानदेय बढ़ाने की मांग किया है। ज्ञापन के माध्यम से बताया गया है कि राष्ट्रीय हेल्थ मिशन के तहत समाहित हेल्थ और वेलनेस सेन्टर पर अपनी सेवा दे रहे योग प्रशिक्षकों को वर्तमान में जो मानदेय दिया जा रहा है वह बहुत कम है। बताया गया है कि उनका मानदेय उनके सेवा कार्य अवधि दो घण्टा को ध्यान में रख कर दिया जा रहा है। योग प्रशिक्षक को प्रतिदिन योग करवाना अनिवार्य है। इसलिए उन्हें प्रतिदिन अपने केन्द्र पर जाना पड़ता है। कई ऐसे प्रशिक्षक है जिन्हें 40 से 50 किमी दूर जाना पड़ता है जिसमे उन्हें मानदेय का 50 प्रतिशत से अधिक राशि खर्च हो जाता है। अतः उनकी इन समस्याओं को देखते हुए योग प्रशिक्षकों को सम्मानजनक मानदेय देने या कार्य समय अवधि बढ़ाते हुए 6 घण्टा करते हुए मानदेय 22,500/- रुपए करने की मांग की गई। प्रतिनिधिमंडल में आनंद महतो, अनिता हेम्ब्रम, पहलवान पूर्ति, लंक बिहारी महतो, संतोष कुमार गोराई समेत कई योगा प्रशिक्षक शामिल थे।

## *उन्नति का पहिया योजना :* पटमदा में विधायक ने 600 विद्यार्थियों में बांटे साइकिल



**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना उन्नति का पहिया के तहत शुक्रवार को पटमदा प्रखंड कार्यालय परिसर में जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने कक्षा 8 में उत्तीर्ण विभिन्न स्कूलों के 600 विद्यार्थियों के बीच साइकिल का वितरण किया। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता में भाग ले चुके पंचायत स्तरीय खिलाड़ियों के बीच फुटबॉल किट एवं पशुपालन विभाग से सुकर पालन हेतु दो किसानो के बीच स्वीकृति पत्र का वितरण भी किया। मौके पर विधायक मंगल कालिंदी ने कहा कि 228 करोड़ रुपए से स्वीकृत हर घर नल योजना के तहत पटमदा-बोड़ाम प्रखंड के सभी गांवों में शुद्ध पेयजल आपूर्ति की जायेगी। जिसमें पाइप लाइन बिछाने का काम लगभग पूरा हो चुका है। जबकि किसानों की सिंचाई सुविधा के लिए चांडिल डैम से पाइपलाइन के माध्यम से यहां के खेतों में पानी पहुंचाने की योजना भी तैयार की जा रही है। मौके पर बीडीओ पियुषा शालीना डोना मिंज, जिला पार्षद प्रदीप बेसरा, उप प्रमुख श्रीदेवी माझी, विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू, बीईईओ प्रभाकर कुमार, झामुमो नेता सुभाष कर्मकार, माणिक महतो, कालीपद महतो, अश्विनी महतो, सिजेन हेंब्रम, ग्राम प्रधान बृंदावन दास, मृत्युंजय महतो, सुधीर माझी, मदन मोहन महतो आदि मौजूद थे।

## लौह अयस्क लदा ट्रैलर अनियंत्रित हो गिरा खेत में लाखों का नुकसान

**ईचागढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ थाना क्षेत्र के सिल्ली रांगामाटी सड़क पर डुमटांड़ मोड़ के पास कुईडीह में एक आयरन ओर लदे अनियंत्रित ट्रैलर सड़क से नीचे करीब 10 फीट नीचे खाई में पलट गयी। ट्रैलर पलटने से आयरन ओर खेत में बिखर गया, जिससे लाखों का क्षति का अनुमान लगाया जा रहा है। हांलांकि चालक किसी तरह छलांग लगाकर अपनी जान बचाने में सफल रहा । अनियंत्रित ट्रैलर आयरन ओर लेकर जमशेदपुर से हजारीबाग जा रहा था, जहां कुईडीह के पास अनियंत्रित होकर पलट गया। घटना शुक्रवार की अहले सुबह करीब दो बजे की बताई जा रही है। घटना की सुचना मिलते ही ईचागढ़ पुलिस घटनास्थल पर पहुंचे व 22 चक्का ट्रैलर को अपने कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई में जुटी।

## भाजपा नेता अबोध कालिंदी ने समर्थकों सहित थामा झामुमो का दामन

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पटमदा प्रखंड के डाकबंगला भवन परिसर में शुक्रवार को पटमदा प्रखंड के बांगुड़दा गांव निवासी भाजपा नेता अबोध कालिंदी ने समर्थकों के साथ झामुमो का दामन थाम लिया। विधायक मंगल कालिंदी ने पार्टी में शामिल होने वाले सभी लोगों का माला पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। कार्यक्रम के बाद कार्यकर्ताओं ने विधायक की उपस्थिति में गाजेबाजे के साथ बेलटांड़ चौक तक पदयात्रा निकाली। मौके पर विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू, सुभाष कर्मकार, माणिक महतो, अश्विनी महतो, विश्वनाथ माझी, मंटू महतो, जितुलाल मुर्मू, जामिनी प्रमाणिक, रामनाथ महतो, सिजेन हेम्ब्रम, रफीक अंसारी , वनमाली माझी, विजय महतो, हरेकृष्ण महतो समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सचिव और उपायुक्त ने डायरिया रोकथाम जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सचिव, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखंड सरकार राजेश शर्मा एवं जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल द्वारा समाहरणालय परिसर, जमशेदुपर से डायरिया बीमारी से बचाव को लेकर लोगो में जागरूकता लाने के लिए जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। मौके पर उप विकास आयुक्त मनीष कुमार तथा अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। यह रथ लोगो के बीच जाकर उन्हें डायरिया बीमारी से बचाव के लिए जागरूक करेगा। मौके पर सचिव ने कहा कि सही जानकारी देने एवं बीमारे से कैसे बचा जा सकता है इसको लेकर लोगों के बीच जागरूकता लाने का प्रयास है। उपायुक्त ने कहा कि बरसात के दिनों में डायरिया का प्रकोप बढ़ जाता है, ऐसे में जिलेवासियों को शुद्ध पानी और ताजा भोजन के साथ ही खाने से पहले हाथ धोकर बीमारियों से बचाव की जानकारी देने हेतु जागरूकता रथ को रवाना किया गया। यह रथ सभी प्रखंडों के गांवों में जाकर लोगों के बीच डायरिया से बचाव को लेकर जागरूकता लाएगा।

### सीआइआइ का 11वां मैन्यूफैक्चरिंग कॉन्क्लेव इस्ट आयोजित

# भारत में मैन्यूफैक्चरिंग उद्योग अगले दशक में कई गुणा बढ़ने को तैयार : कमल बाली




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआइआइ) के तत्वावधान में 11वां मैन्यूफैक्चरिंग कॉन्क्लेव इस्ट का आयोजन किया गया। फ्युचर रेडी टू फ्यूचर प्रुफ मैन्यूफैक्चरिंग थीम पर आयोजित कॉन्क्लेव में उभरती प्रौद्योगिकियों और मैन्यूफैक्चरिंग क्षेत्र को भविष्य की चुनौतियों के बारे में उद्योग जगत के विशेषज्ञों ने अपनी बातों को रखा। विशिष्ठ अतिथि वोल्वो ग्रुप इंडिया के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक कमल बाली ने कहा कि भारत में मैन्यूफैक्चरिंग अगले 10 से 25 वर्षो में कई गुणा बढ़ने को तैयार है। देश की मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर जीडीपी का 16-17 फीसदी योगदान देता है, जिसका लक्ष्य 2025 तक देश की जीडीपी में कम से कम 25 फीसदी योगदान देना है। इस लक्ष्य को पुरा करने में कई चुनौतियां भी है। मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर में सुधार, सुशासन और इसका डिजिटलाइजेशन का होना जरूरी है। सरकार की पॉलिसी के कारण मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर आगे तेजी से बढ़ रहा है। महिलाएं भी इस मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर में कदम से कदम बढ़ा रही है। सीआईआई पूर्वी क्षेत्र के अध्यक्ष और आरएसबी ट्रांसमिशन (आई) लिमिटेड के उपाध्यक्ष और प्रबंध निदेशक सुवेंद्र बेहरा ने कहा कि मैन्यूफैक्चरिंग उद्योग में पूर्वी क्षेत्र के कई राज्य बेहतर कार्य कर रहे हैं। खासतौर पर झारखंड का रोल बहुत ही महत्वपूर्ण है। देश के जीडीपी में मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर में योगदान 17 प्रतिशत है। इसके अलावा यह सेक्टर लाखों लोगों को रोजगार भी दे रहा है। सीआइआइ जमशेदपुर के वाइस चेयरमैने सह टाटा मोटर्स लिमिटेड के जमशेदपुर प्लांट हेड रवींद्र कुलकर्णी ने मैन्यूफैक्चरिंग उद्योग में डिजिटलाइजेशन पर जोर देते हुए कहा कि नयी तकनीक का उपयोग कर इस उद्योग को आगे बढ़ाया जा सकता है। जेसीएपीसीपीएल के प्रबंध निदेशक उज्ज्वल चक्रवर्ती ने कहा कि भारत को मैन्यूफैक्चरिंग हब बनाने में झारखंड का योगदान बड़ा है। यहां मिनिरल सोर्स की कमी नहीं है। राज्य सरकार की इवी, सोलर, एमएसएमई पॉलिसी भी बेहतर है। बस यहां मैन्यूफैक्चरिंग उद्योग को बढ़ावा देने की जरूरत है। सीआइआइ इआर मैन्यूफैक्चरिंग सब कमिटी के चेयरमैन रामफल नेहरा ने कहा कि पूर्वी भारत के राज्यों में मैन्यूफैक्चरिंग उद्योग को आगे बढ़ाने का प्रयास होना चाहिए। वहीं, तकनीकी सत्र में मेटलवर्क इंडस्ट्रीज लिमिटेड के प्रबंध निदेशक संजय सभरवाल, बीसीजी के प्रबंध निदेशक और वरिष्ठ पार्टनर सौरभ वर्मा, टाटा हिताची के वरिष्ठ उपाध्यक्ष आनंद और टाटा स्टील लिमिटेड के बिजनेस ट्रांसफॉर्मेशन सर्विसेज एंड डिजिटल के प्रमुख सरजीत झा समेत अन्य विशेषज्ञों ने अपने विचार रखे।

## जुस्को स्कूल साउथ पार्क में जीरो शैडो डे मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जुस्को स्कूल साउथ पार्क के छात्रों ने आज दोपहर 12ः00 बजे स्कूल परिसर में शून्य छाया ( जीरो शैडो ) का अनुभव किया, जिसमें पृथ्वी के झुकाव और आकाश में सूर्य की स्पष्ट गति के बीच संबंधों के सम्मोहक प्रदर्शन को समझा। यह खगोलीय घटना तब होती है जब कर्क रेखा और मकर रेखा के बीच के स्थानों पर सूर्य बिल्कुल सीधे पृथ्वी पर होता है।शून्य छाया दिवस तब होता है जब स्थानीय दोपहर में सूर्य सीधे सिर के ऊपर होगा, और इसलिए कोई भी वस्तु कोई छाया नहीं डालेगी।

### *सचिव की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन की हुई समीक्षात्मक बैठक*

# सभी गांव और घर में नल से जल पहुंचे



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में सचिव, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखंड सरकार राजश शर्मा की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई। जिला उपायुक्त अनन्य मित्तल, उप विकास आयुक्त मनीष कुमार समेत अन्य विभागीय पदाधिकारी बैठक में शामिल हुए। जमशेदपुर एवं आदित्यपुर प्रमंडल में पेयजलापूर्ति योजनाओं के क्रियान्वयन की अधतन स्थिति, जल जीवन मिशन में प्रगति तथा स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), प्रखंडवार एफएचटीसी कवरेज, मल्टी विलेज स्कीम, प्रोजेक्ट क्लीयरेंस में एनओसी की समस्या, पेयजल जांच लेबोरेटरी, निर्माणाधीन प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट समेत अन्य विभागीय योजनाओं की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश बैठक में दिए। सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जल जीवन मिशन के तहत जितनी भी छोटी-बड़ी योजनायें जिला में ली गई हैं उनको निर्धारित समयावधि में पूर्ण करायें । उन्होने कहा कि जल जीवन मिशन से आच्छादित सभी गांव और घर में नल से जल पहुंचे इसे सुनिश्चित करें। जिन क्षेत्रों में पाइप वॉटर स्कीम स्वीकृत हैं वहां के स्वास्थ्य उप केन्द्र, सरकारी स्कूल, आंगनबाड़ी केन्द्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय आदि को इससे जरूर जोड़ें। बरसात के दिनों में लोगों को दूषित पेयजल की समस्या नहीं हो इसकी जांच करते रहें। लेबोरेटरी से पेयजल जांच के लिए जलसहिया को सक्रिय करने तथा जिन जल सहिया द्वारा कार्य में रूचि नहीं ली जा रही उनके स्थान पर नए जल सहिया रखने के निर्देश दिए। उन्होंने ने योजनाओं के क्रियान्वयन में विभिन्न विभागों से एनओसी संबंधी मुद्दे को जिला समन्वय समिति की बैठक में रखने का निर्देश दिया जिससे जिला स्तर पर ही त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। योजनाओं का उचित प्रचार-प्रसार पर बल देते कहा कि लोगों के बीच इसकी जानकारी रहे कि किसी समस्या के समाधान के लिए किनसे संपर्क करना है। सभी जेई को ब्लॉक दिवस के दिन प्रखंड मुख्यालय में रहने का निर्देश दिया गया। जमशेदपुर एवं अदित्यापुर नें निर्माणाधीन प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट को तय समयावधि में पूर्ण कराने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता, कार्यपालक अभियंता समेत अन्य विभागीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## *जेएससीए स्कूल लीग :* जुस्को स्कूल साउथ पार्क ने चर्च स्कूल को 9 विकेट से हराया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जेएससीए जमशेदपुर स्कूल टी 20 लीग के एक मैच में जुस्को स्कूल साउथ पार्क बिष्टुपुर ने बेल्डीह चर्च स्कूल बिष्टुपुर को 9 विकेट से हराकर लीग में अपनी बेहतरीन शुरुआत की है।कॉपरेटिव कॉलेज ग्राउंड में आज खेले गए एक मैच में जुस्को स्कूल साउथ पार्क बिष्टुपुर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी बेल्डीह चर्च स्कूल 11.2 ओवर में 68 रन बनाकर आउट हो गई। राशिद परवेज 15, अमरदेव सिंह 12 और वंश शर्मा ने 10 रन का योगदान दिया। मैन ऑफ द मैच सिमरदीप सिंह ने घातक गेंदबाजी करते हुए 2.2 ओवर में 3 रन देकर 6 विकेट चटकाएं। लक्ष्य का पीछा करने उतरी जुस्को स्कूल साउथ पार्क के सलामी बल्लेबाज इमरान वकील और चिन्मय शांडिल्य ने शानदार शुरुआत दी। जुस्को स्कूल ने 6.3 ओवर में एक विकेट पर 71 रन बनाकर के मैच 9 विकेट से जीत लिया। इमरान ने 15 रन, चिन्मय ने 27 रन और सत्यम ने 15 रन बनाए। सिमरदीप 3/6 विकेट को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।

### *करीम सिटी कॉलेज के मास कम्युनिकेशन विभाग में व्याख्यान सह प्रदर्शन सत्र आयोजित*

## आवाज़ की दुनिया में युवाओं के लिए रोजगार की संभावनाएं बढ़ी : गौतम शंकर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** करीम सिटी कॉलेज के मास कम्युनिकेशन विभाग में आज एक व्याख्यान सह प्रदर्शन सत्र आयोजित किया गया जिसमें शहर के जाने-माने थिएटर एवं वॉइस आर्टिस्ट गौतम शंकर दास ने विद्यार्थियों को आवाज़ की दुनिया से परिचित करवाया। गौतम शंकर दास ने कहा कि आवाज़ की दुनिया में इस समय कई तरह के परिवर्तन हो रहे हैं जिससे युवाओं के लिए रोजगार की संभावनाएं बहुत ज्यादा बढ़ गई हैं। कार्टून से लेकर ओटीटी प्लेटफार्म हो या दक्षिण का सिनेमा हो या विश्व सिनेमा सभी भाषा अनुवाद के जरिए लोगों तक पहुंच रहे हैं।कार्यक्रम का आरंभ में विभागाध्यक्ष डॉ नेहा तिवारी ने गौतम शंकर दास का परिचय कराते हुए बताया कि वे झारखंड के इकलौते आकाशवाणी द्वारा प्रदत्त टॉप ग्रेड ड्रामा आर्टिस्ट हैं। उन्होंने 150 से अधिक नाटक व 50 से अधिक फिल्मों में चरित्र कलाकार के रूप में शिरकत की है। कार्यक्रम में आकाशवाणी के सेवानिवृत्त उद्घोषक शाहिद अनवर के सौजन्य से प्राप्त हुए रेडियो ड्रामा के क्लिपिंग्स को भी सुनाया गया। इस अवसर पर डॉ रश्मि कुमारी, सैयद साजिद परवेज, सैयद शहज़ेब परवेज भी उपस्थित थे। कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर मोहम्मद रियाज ने कार्यक्रम के लिए विभाग को बधाई दी है।

## संपूर्ण अकांक्षी प्रखंड के तहत छोटा गम्हरिया सामुदायिक भवन में कार्यक्रम आयोजित




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** नीति आयोग के निर्देश पर शुक्रवार से देशभर में संपूर्ण अकांक्षी प्रखंड की शुरुआत हुई है। शुक्रवार को गम्हरिया प्रखंड के छोटा गम्हरिया स्थित सामुदायिक भवन में एक कार्यक्रम आयोजित कर इसकी शुरुआत की गई। इस मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित जिला योजना पदाधिकारी अरुण कुमार द्विवेदी ने बताया कि स्वास्थ्य, महिला बाल विकास एवं कृषि के कुल छह योजनाओं में सरकार की ओर से मिलने वाली सभी सुविधाओं से चयनित प्रखंड के लाभुकों को शत- प्रतिशत आच्छादित कराना है। इसके लिए तीन महीने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बीडीओ प्रवीण कुमार ने बताया कि इसके तहत गर्भवती महिलाओं को समय पर प्रसव से पूर्व देखभाल मिले, सभी बच्चों का पूर्ण टीकाकरण हो, हेल्थ कार्ड का वितरण हो, गर्भवती महिलाओं को पूरक पोषण प्राप्त हो, हर व्यक्ति की मधुमेह और उच्च रक्तचाप की नियमित जांच हो, स्वंय सहायता समूहों को रिवाल्विंग फण्ड प्राप्त हो और स्कूलों में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हो, इसका हमे ध्यान रखना होगा। इस मौके पर विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल भी लगाए गए थे जिसका अधिकारियों ने अवलोकन किया। इस मौके पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी, प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सुनील कुमार चौधरी, कृषक समिति के सोखेन हेम्ब्रम, मुखिया निरोला सरदार समेत कई अधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## डॉ. सेन जैसे त्यागी व्यक्ति की बदौलत ही क्षेत्र में हुआ शिक्षा का विकास : विधायक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** डॉ. सुमंत कुमार सेन जैसे व्यक्ति के त्याग और समर्पण की बदौलत ही क्षेत्र में उच्च शिक्षा का विकास संभव हुआ है। यह बातें शुक्रवार को पटमदा डिग्री कॉलेज, जाल्ला में आयोजित पूर्व प्राचार्य डॉ. सुमंत कुमार सेन की विदाई समारोह में बतौर मुख्य अतिथि जुगसलाई विधायक मगंल कालिंदी ने कहीं। उन्होंने कहा कि कॉलेज की स्थापना के लिए दान में जमीन देने वाले सभी जमींदाताओं व संस्थापक प्राचार्य प्रफुल्ल कुमार महतो एवं समाजसेवी पूर्ण चंद्र महतो को नमन करता हूं। उनका लक्ष्य था यहां के बच्चों को उच्च शिक्षा प्रदान करना। यहां से पढ़कर निकले कई विद्यार्थियों ने विभिन्न क्षेत्रों में सफलता हासिल की है जो कॉलेज के लिए बड़ी उपलब्धि है। इस दौरान शासी निकाय के सचिव चन्द्रशेखर टुडू, प्रभारी प्राचार्य कृष्णपद महतो, इंटर कॉलेज के प्राचार्य अरुण कुमार, विभूति भूषण महतो, माणिक महतो, सुनील वरण महतो ने डॉ. सेन की प्रशंसा करते हुए उनके महत्वपूर्ण कार्यों का उल्लेख किया।

# डॉ. अजय कुमार ने बाल विहार स्कूल के विशेष बच्चों को किया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** संत मेरी स्कूल एलुमनाई एवम् इंटरेक्ट क्लब के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को सोनारी बाल विहार कार्मेल स्कूल में (मूक-बधिर) विशेष बच्चों के लिए ज्ञानवर्धक मनोरंजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे 130 विशेष बच्चों ने भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित डॉ अजय कुमार ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा की अगर आप ने ठान लिया की आपको कुछ बनना है तो शारीरिक कमजोरी आपकी बाधक नहीं हो सकती है। कई दिव्यांगों ने यह साबित करके दिखाया है की असंभव कुछ भी नही बस करने का जज्बा होना चाहिए। स्कूल की शिक्षकों की तारीफ करते हुए अजय कुमार ने कहा विशेष बच्चों के लिए किए जा रहे यह कार्य निश्चित रूप से सराहनीय है। उन्होंने आश्वस्त किया संस्था को हर संभव सहयोग करेंगे। इससे पूर्व संस्था द्वारा अजय कुमार को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं कार्यक्रम के संबंध में संत मेरी स्कूल एलुमनाई के अध्यक्ष गुरुशरण सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य विशेष बच्चों का फन गेम्स के माध्यम से उनका विकास करना है। कहा कि संस्था द्वारा नियमित रूप से मेडिकल कैंप, हेल्थ चेकअप कैंप के साथ बच्चों के मनोरंजन एवम् विकास के लिए कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। इस दौरान विभिन्न खेल में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को डॉ अजय कुमार ने पुरस्कृत किया। इस अवसर पर संत मेरी स्कूल की प्राचार्य डॉ. वर्णन डिसूजा, बाल विहार की प्राचार्य सिस्टर अर्पित,सौरभ सिंह,मनजोत गिल,अमृता धंजल,राजीव सिंह, राजा सिंह राजपूत, रईस रिजवी छब्बन, राजीव रंजन,राकेश साहू, अजीत उज्जैन सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

### *सरायकेला-खरसावां के नये एसपी के रूप में मुकेश कुमार लुणायत ने दिया योगदान, कहा*

# जिले को बनाएंगे अपराध व नक्सल मुक्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** जमशेदपुर सिटी एसपी मुकेश लुणायत ने सरायकेला-खरसावां जिले के नये एसपी के रूप में प्रभार लिया. मौके पर पुलिस अधीक्षक मुकेश लुणायत ने कहा कि सरायकेला-खरसावां जिले के लोगों को एक पीपल्स फ्रेंडली, रेस्पॉन्सिव, प्रोफेशनल एवं सेंसिटिव पुलिसिंग उपलब्ध कराना है ताकि आम जनता एवं पुलिस के बीच की दूरी को कम किया जा सके. उन्होंने कहा कि समाज को अपराध मुक्त बनाना उनकी प्राथमिकता है. अलग-अलग थाना क्षेत्र में अलग-अलग अपराध से संबंधित आंकड़े होंगे, उन सभी अपराधों पर अंकुश लगाना है. सभी प्रकार की घटनाओं पर अंकुश लगाना उनकी प्राथमिकता है. आपराधिक मामलों का त्वरित गति से उद्भेदन करना तथा लंबित मामलों का निपटारा करना भी उनकी प्राथमिकता रहेगी.उन्होंने कहा कि सरायकेला-खरसावां जिला पूर्व में अति नक्सल प्रभावित जिला रहा है और वर्तमान में अंतिम चरण में नक्सल की लड़ाई चल रही है. नक्सलियों को खत्म करना मेरी प्राथमिकता रहेगी. अनुसंधान के क्षेत्र में एक जुलाई से जो नए कानून लागू हुए हैं उनकी मूल भावनाओं को ध्यान में रखते हुए प्रोफेशनल तरीके से मामलों का अनुसंधान हो, इस पर विशेष जोर रहेगा. इस मौके पर पूर्व पुलिस अधीक्षक डॉ मनीष टोप्पो ने कहा कि उनकी बहुत छोटी सी कार्यकाल रही है. इस कार्यकाल में सरायकेला वासियों को बेहतर पुलिसिंग देने का काम किया गया है. मौके पर डीएसपी, एसडीपीओ एवं सभी थाना प्रभारी उपस्थित रहे. ज्ञात हो कि बतौर सिटी एसपी मुकेश कुमार लुणायत का जमशेदपुर में कार्यकाल बेहद सराहनीय रहा. वहां उन्होंने ग्रामीण एसपी के रूप में भी अपनी सेवा दी है. बतौर जिला एसपी उनका यह पहला पदस्थापन है।

संपादकीय

# गेहूं जमाखोरी पर नियंत्रण

एक खबर आई थी कि सरकारी गोदामों में गेहूं का भंडारण कम हो गया है। संभव है कि गेहूं का आयात करना पड़े! दूसरी तरफ, केंद्रीय कृषि मंत्रालय के डाटा पर यकीन करें, तो उसका कहना है कि किसानों ने 112.93 मिलियन टन गेहूं का उत्पादन किया है। फसल की यह सबसे अधिक पैदावार है। बीते साल भी गेहूं 110.55 एमटी पैदा किया गया था। यानी उस उत्पादन को भी पार करके इस बार रिकॉर्ड गेहूं की फसल हुई है। यह अजीब विरोधाभास है। यदि गेहूं का उत्पादन सबसे अधिक हुआ है, तो सरकारी गोदामों में भंडारण कम क्यों है? क्या सरकार ने कम गेहूं खरीदा है? भारत सरकार ने गेहूं के भंडारण की अधिकतम सीमा क्यों तय की है? क्या इससे जमाखोरी पर नियंत्रण लगाया जा सकेगा? अथवा कीमतों में स्थिरता आएगी? या खाद्य सुरक्षा के सकल प्रबंधन के मद्देनजर ऐसा किया गया है? भंडारण सीमा का यह निर्णय अकथनीय और दुरुह लगता है। सरकार ने फैसला किया है कि थोक के व्यापारी और खुदरा की बड़ी शृंखला वाले 3000 टन से अधिक का भंडारण नहीं कर सकेंगे। एकल खुदरा विक्रेता के लिए यह सीमा 10 टन तय की गई है। प्रोसेसर पिसाई की अपनी क्षमता का 70 फीसदी गेहूं या अनाज जमा रख सकते हैं। इन सभी व्यापारियों और कंपनियों को गेहूं भंडारण की अपडेट जानकारी खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के पोर्टल पर नियमित रूप से देनी होगी। सवाल यह है कि नियंत्रण सिर्फ गेहूं के लिए है अथवा सभी अनाजों पर यह लागू होगा? भंडारण की यह अधिकतम सीमा 24 जून, 2024 से 31 मार्च, 2025 तक जारी रहेगी। गेहूं और अनाज की भंडारण सीमा, अंततः, क्यों तय करनी पड़ी? इसके बुनियादी कारण हैं कि खुदरा अनाज की मुद्रास्फीति मई में, साल-दर-साल, 8.69 फीसदी रही है। दूसरे, सरकारी गोदामों में गेहूं का भंडारण एक जून को 29.91 मिलियन टन था। यह बीते 16 सालों में सबसे कम था। सर्वाधिक उत्पादन होने के बावजूद भंडारण इतना कम क्यों हुआ? तीसरे, अभी तक बहुत अच्छा मानसून नहीं हुआ है। यह चावल के उत्पादन को भी प्रभावित कर सकता है। हालांकि चावल के सरकारी भंडार पर्याप्त हैं। क्या खाद्य सुरक्षा पर किसी संकट के आसार हैं? गेहूं उत्पादन में तो भारत विश्व में नंबर दो का देश है। हम कई देशों को गेहूं निर्यात करते हैं। फिर गेहूं भंडारण की कमी और भंडारण सीमा का नियंत्रण समझ के परे है। गेहूं की भंडारण सीमा बीते साल जून में ही पहली बार लागू की गई थी। तब थोक विक्रेताओं और बड़े खुदरा व्यापारियों के लिए अधिकतम भंडारण की सीमा 2000 टन थी। निजी, एकल स्टोर के लिए 10 टन ही थी और प्रोसेसर के लिए पिसाई क्षमता का 75 फीसदी जमा की अनुमति थी। ये सीमा बाद में घटा कर 500 टन, 5 टन और 60 फीसदी कर दी गई। कारण आज तक अज्ञात हैं, क्योंकि बीते साल भी गेहूं का उत्पादन अच्छा हुआ था। जो सीमा घटाई गई, वह फरवरी, 2024 तक थी, लेकिन एक अप्रैल को नई फसल, नई पैदावार आने से भंडारण सीमा फिर बढ़ा दी गई। निजी व्यापारियों को बता दिया गया कि वे किसानों द्वारा लाया गया गेहूं न खरीदें। कमोबेश एक महीने तक खरीददारी न करें। यह इसलिए किया गया, ताकि सरकार अपने भंडारण को मजबूत कर सके। बहरहाल अब फसल की मार्केटिंग का मौसम गुजर चुका है और सरकार ने भंडारण की अधिकतम सीमाएं भी तय कर दी हैं, लिहाजा सवाल है कि भंडारण के नियंत्रण कैसे तय किए जाएंगे? गैर-बासमती चावल और गेहूं के निर्यात पर जो पाबंदियां हैं, रोक हैं, उन पर कैसे निगाह रखी जा सकेगी? यह भी तथ्य है कि अनाज की पैदावार रिकॉर्ड हो रही है। मोदी सरकार एक नियंत्रण को कृषि मंत्रालय के जरिए और दूसरे को उपभोक्ता मामलों, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण के मंत्रालयों के माध्यम से क्रियान्वित नहीं कर सकती।

सरकारी गोदामों में गेहूं का भंडारण कम हो गया है। संभव है कि गेहूं का आयात करना पड़े! दूसरी तरफ, केंद्रीय कृषि मंत्रालय के डाटा पर यकीन करें, तो उसका कहना है कि किसानों ने 112.93 मिलियन टन गेहूं का उत्पादन किया है। फसल की यह सबसे अधिक पैदावार है। बीते साल भी गेहूं 110.55 एमटी पैदा किया गया था। यानी उस उत्पादन को भी पार करके इस बार रिकॉर्ड गेहूं की फसल हुई है। यह अजीब विरोधाभास है। यदि गेहूं का उत्पादन सबसे अधिक हुआ है, तो सरकारी गोदामों में भंडारण कम क्यों है? क्या सरकार ने कम गेहूं खरीदा है? भारत सरकार ने गेहूं के भंडारण की अधिकतम सीमा क्यों तय की है? क्या इससे जमाखोरी पर नियंत्रण लगाया जा सकेगा? अथवा कीमतों में स्थिरता आएगी? या खाद्य सुरक्षा के सकल प्रबंधन के मद्देनजर ऐसा किया गया है? भंडारण सीमा का यह निर्णय अकथनीय और दुरुह लगता है। सरकार ने फैसला किया है कि थोक के व्यापारी और खुदरा की बड़ी शृंखला वाले 3000 टन से अधिक का भंडारण नहीं कर सकेंगे। एकल खुदरा विक्रेता के लिए यह सीमा 10 टन तय की गई है। प्रोसेसर पिसाई की अपनी क्षमता का 70 फीसदी गेहूं या अनाज जमा रख सकते हैं। इन सभी व्यापारियों और कंपनियों को गेहूं भंडारण की अपडेट जानकारी खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के पोर्टल पर नियमित रूप से देनी होगी।

लोक सभा चुनावों पर भी पश्चिमी देशों ने कई प्रकार के सवाल खड़े करने के प्रयास किए थे

# अब भारत को विभिन्न क्षेत्रों में अपने सूचकांक तैयार करना चाहिए

प्रह्लाद सबनानी

वैश्विक स्तर पर विभिन्न देशों की भिन्न भिन्न क्षेत्रों में रेटिंग तय करने की दृष्टि से वित्तीय एवं विशिष्ट संस्थानों द्वारा सूचकांक तैयार किए जाते हैं। हाल ही के समय में इन विदेशी संस्थानों द्वारा जारी किए गए कई सूचकांकों में भारत की स्थिति को संभवत जान बूझकर गलत दर्शाया गया है। इन सूचकांकों में पाकिस्तान, अफगानिस्तान एवं अफ्रीका के गरीब देशों की स्थिति को भारत से बेहतर बताया गया है। उदाहरण के लिए अभी हाल ही में पश्चिमी देशों द्वारा जारी किए गए तीन सूचकांकों की स्थिति देखिए। सबसे पहिले उदार (लिबरल) लोकतंत्र सूचकांक में भारत की रैंकिंग को 104 बताया गया है और भारत के ऊपर निजेर देश को बताया गया है। इसी प्रकार, आनंद (हैपीनेस) सूचकांक में भी भारत का स्थान 126वां बताया गया है जबकि पाकिस्तान को 108वां स्थान मिला है, जहां अत्यधिक मुद्रा स्फीति के चलते वहां के नागरिक अत्यधिक त्रस्त हैं। एक अन्य, प्रेस की स्वतंत्रता नामक सूचकांक में भारत को 161वां स्थान मिला है जबकि इस सूचकांक में कुल मिलाकर 180 देशों को शामिल किया गया है और अफगानिस्तान को 152वां स्थान दिया गया है, अर्थात इस सर्वे के अनुसार, अफगानिस्तान में प्रेस की स्वतंत्रता भारत की तुलना में अच्छी पाई गई है। पश्चिमी देशों में स्थिति इन संस्थानों द्वारा इस प्रकार के सूचकांक तैयार किए जाकर पूरे विश्व को भ्रमित किए जाने का प्रयास हो रहा है। इसी प्रकार, भारत में हाल ही में सम्पन्न हुए लोक सभा चुनावों पर भी पश्चिमी देशों ने कई प्रकार के सवाल खड़े करने के प्रयास किए थे। जैसे, इस भीषण गर्मी के मौसम में चुनाव क्यों कराए गए हैं, जिससे सामान्यजन वोट डालने के लिए घरों से बाहर ही नहीं निकले, ईवीएम मशीन में कोई खराबी तो नहीं है, आदि। परंतु, भारतीय मतदाताओं ने इन लोक सभा चुनावों में भारी संख्या में भाग लेकर पश्चिमी देशों को करारा जवाब दिया है। न ही, ईवीएम मशीन में किसी प्रकार की गड़बड़ी पाई गई और न ही



गर्मी का प्रभाव चुनावों पर पड़ा। हालांकि सत्ताधारी दल को पिछले चुनाव की तुलना में कुछ कम स्थान जरूर प्राप्त हुए हैं परंतु देश में किसी भी प्रकार की कोई घटना घटित नहीं हुई है। विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में चुनाव सामान्यतः शांति के साथ सम्पन्न हो गए। साथ ही, विपक्षी दलों को पिछले चुनाव की तुलना में कुछ अधिक स्थान मिले हैं और उन्होंने भी चुनाव के परिणामों को स्वीकार कर लिया है। चुनाव की प्रक्रिया पर कोई सवाल खड़ा नहीं किया गया है। इस सबके बावजूद पश्चिमी देशों ने पश्चिमी लोकतंत्र सूचकांक में वर्ष 2014 में भारत को 27वां स्थान दिया था और वर्ष 2023 में भारत की रैंकिंग नीचे गिराकर 41वें स्थान पर बताई गई है। जबकि वास्तव में तो इस बीच देश में लोकतंत्र अधिक मजबूत ही हुआ है, परंतु पश्चिमी देशों द्वारा भारतीय लोकतंत्र को ही जैसे खतरे में बताया जा रहा है और एक तरह से भारतीय लोकतंत्र पर ही सवाल खड़े कर दिए गए हैं। दरअसल पश्चिमी देशों में कुछ शक्तियां भारत के हितों के विरुद्ध कार्य कर रही हैं एवं ये ताकतें विभिन्न सूचकांक तैयार करने वाली संस्थाओं को प्रभावित करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़तीं हैं। कुछ समय पूर्व एक अंतरराष्ट्रीय संस्थान ने वैश्विक भुखमरी सूचकांक जारी किया था। इस सूचकांक में यह बताया गया था कि भारत की तुलना में श्रीलंका, म्यांमार, पाकिस्तान, एथीयोपिया, नेपाल, भूटान आदि देशों में भुखमरी की स्थिति बेहतर है। अर्थात, सर्वे में शामिल किए गए 121 देशों की सूची में श्रीलंका का स्थान 64वां, म्यांमार का 71वां, बांग्लादेश का 84वां, पाकिस्तान का 99वां, एथीयोपिया का 104वां एवं भारत का 107वां स्थान बताया गया था। जबकि पूरा विश्व जानता है कि व श्रीलंका, पाकिस्तान एवं म्यांमार जैसे देशों में खाद्य पदार्थों की भारी कमी है जिसके चलते इन देशों के नागरिकों के लिए दो जून की रोटी जुटाना भी बहुत मुश्किल हो रहा है। जबकि, भारत कई देशों को आज खाद्य सामग्री उपलब्ध करा रहा है। फिर किस प्रकार उक्त सूचकांक बनाकर वैश्विक स्तर पर जारी किए जा रहे हैं। ऐसा आभास हो रहा है कि भारत की आर्थिक तरक्की को विश्व के कई देश अब सहन नहीं कर पा रहे हैं एवं भारत के बारे में इस प्रकार के सूचकांक जारी कर भारत की साख को वैश्विक स्तर पर प्रभावित किए जाने का प्रयास किया जा रहा है। युद्ध की विभीषिका झेल रहे एथीयोपिया में नागरिक अपनी भूख मिटाने के लिए घास जैसे भारी पदार्थों को खाकर अपना जीवन गुजारने को मजबूर हैं। इन विपरीत परिस्थितियों के बीच जीवन यापन करने वाले नागरिकों को भुखमरी के मामले में भारत के नागरिकों से बेहतर स्थिति में बताया गया है। वहीं दूसरी ओर भारत में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत 80 करोड़ नागरिकों को केंद्र सरकार द्वारा प्रतिमाह 5 किलो मुफ्त अनाज उपलब्ध कराया जा रहा है ताकि इन लोगों को खाने पीने सम्बंधी किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं हो। फिर भी भारत के नागरिकों को भुखमरी सूचकांक में ईथीयोपिया के नागरिकों की तुलना में इतना नीचे बताया गया है। अब कौन इस प्रकार के सूचकांकों पर विश्वास करेगा। यह भी बताया जा रहा है कि इस सूचकांक को आंकने के लिए भारत के 140 करोड़ नागरिकों में से केवल 3000 नागरिकों को ही इस सर्वे में शामिल किया गया था। इस प्रकार सर्वे का सैम्पल बनाते समय भारत जैसे विशाल देश के लिए अपर्याप्त संख्या का उपयोग किया गया है।

> पाकिस्तान, अफगानिस्तान एवं अफ्रीका के गरीब देशों की स्थिति को भारत से बेहतर बताया गया है। उदाहरण के लिए अभी हाल ही में पश्चिमी देशों द्वारा जारी किए गए तीन सूचकांकों की स्थिति देखिए। सबसे पहिले उदार (लिबरल) लोकतंत्र सूचकांक में भारत की रैंकिंग को 104 बताया गया है और भारत के ऊपर निजेर देश को बताया गया है।

दृष्टि कोण

# नये आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन में दिक्कतें

तीन नये आपराधिक कानून, अर्थात् भारतीय न्याय संहिता 2023 (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 (बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 (बीएसए) 1 जुलाई, 2024 से लागू होने जा रहे हैं। भारत के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चन्द्रचूड़ ने आपराधिक प्रक्रिया को डिजिटल बनाने के उद्देश्य से बनाए गए नए कानूनों की सराहना की है और उन्हें भारतीय न्याय प्रणाली के आधुनिकीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है, जबकि कानूनी बिरादरी के एक वर्ग ने इन कानूनों के कुछ प्रावधानों की अनिश्चितता, अस्पष्टता और संवैधानिकता के बारे में गम्भीर चिंता जताई है। ममता बनर्जी सहित विपक्षी राजनीतिक दल मांग कर रहे हैं कि नये अधिनियमों को तब तक स्थगित रखा जाना चाहिए जब तक कि लोकसभा के नवनिर्वाचित सदस्य उनकी संस्तुति नहीं कर देते। उनका तर्क है कि ये कानून संसद में बिना किसी सार्थक बहस के जल्दबाजी में पारित कर दिए गए थे, क्योंकि अधिकांश विपक्षी सदस्य निलम्बित थे। नए आपराधिक कानूनों की वैधता के बारे में इतनी देरी से चिन्ता व्यक्त करना अवसरों को गंवाने के अलावा और कुछ नहीं है, ये कानून तीन साल की लम्बी परामर्श प्रक्रिया और हितधारकों के साथ व्यापक विचार-विमर्श के बाद बनाए गए थे। इसके बाद गृह मंत्रालय की संसदीय समिति द्वारा इन कानूनों की गहन जांच की गई थी। यहां तक कि दो अलग-अलग अवसरों पर सार्वजनिक नोटिस के जरिए जनता से सुझाव भी मांगे गए थे। सरकार इनमें से किसी भी मांग के आगे नहीं झुक रही है और कानूनों को लागू करने के लिए दृढ़ संकल्पित दिख रही है। इसके अतिरिक्त, नए प्रावधानों की असंवैधानिकता के बारे में चिंताएं इस तथ्य के मद्देनजर सही नहीं हैं कि बीएनएस में बदलाव मुख्य रूप से नवतेज जौहर (2018), जोसेफ शाइन (2018) और पी. रथिनम (1994) के मामलों में सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का प्रतिबिम्ब है। भारतीय न्याय संहिता से राजद्रोह की धारा हटाना राजद्रोह कानून को चुनौती देने वाली याचिका के जवाब में शीर्ष अदालत में केन्द्र सरकार के हलफनामे पर क्रियान्वयन दर्शाता है, साथ ही इसमें लम्बे समय से लम्बित राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दों को भी सम्बोधित किया गया है। बीएनएसएस और बीएसए में संशोधनों पर आपत्तियां भी उचित प्रतीत नहीं होती क्योंकि इनके मूल रूप से आपराधिक कार्रवाई का डिजिटलीकरण और पीड़ति तथा नागरिकों की अपेक्षाओं के अनुरूप प्रावधानों को शामिल करना है। इसके अलावा गुणवत्तापूर्ण जांच और त्वरित न्याय की मांग को पूरा करने के लिए आपराधिक प्रक्रियाओं को फिर से स्थापित किया गया है। विशेषज्ञों की अलग-अलग राय के बावजूद, नये कानूनों का क्रियान्वयन आसान नहीं होगा क्योंकि इसमें विभिन्न प्रकार के बुनियादी ढांचे का निर्माण, हितधारकों को प्रशिक्षण प्रदान करना, नियम और संचालन प्रक्रियाएं निर्धारित करना, मानक प्रपत्रों में संशोधन करना और परिचालन संबंधी मुद्दों को सुलझाने के लिए अन्तर-एजेंसी समन्वय करना शामिल है। साथ ही एक बात जो विश्वास दिलाती है कि ये कानून समय पर लागू होंगे यह है कि एक अनुभवी और समय-परीक्षणित आपराधिक न्याय प्रणाली अस्तित्व में है जिसमें किसी भी बदलाव को अपनाने और सीमित संसाधनों के साथ किसी भी समस्या का व्यावहारिक समाधान खोजने की कुव्वत है। नये कानून तय समय पर लागू होंगे, इसका एक और आश्वासन इस हकीकत से भी मिलता है कि पुलिस, अभियोजकों और न्यायिक अधिकारियों को बड़े पैमाने पर क्षमता-निर्माण प्रशिक्षण दिया गया है, जिसे केन्द्र सरकार द्वारा प्रायोजित किया गया है। हालांकि, कानून लागू करने की व्यवस्था से जुड़े कुछ अधिकारी अभी भी आशंकित हैं, उनका तर्क है कि नए कानूनों के सफल प्रवर्तन से सम्बन्धित कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों को अभी भी सम्बोधित किया जाना बाकी है, ताकि अधिनियमों का निर्बाध प्रवर्तन सुनिश्चित किया जा सके। बीएनएसएस में कई अनिवार्य प्रक्रियाएं हैं, जिसमें तलाशियों, जब्तियों और अपराध के दृश्य की वीडियोग्राफी और केस प्रॉपर्टी आदि की फोटोग्राफी शामिल है, जिनके लिए शुरुआत से ही इलेक्ट्रॉनिक्स और डिजिटल तकनीकी का प्रयोग करना आवश्यक होगा। हालात यह है कि सभी जांचकर्ताओं और निर्णायकों को अभी भी उपयुक्त उपकरण और तकनीकी प्रदान करके उनका उपयोग करना सिखाना अभी तक सम्भव नहीं हो पाया है, ताकि आवश्यक डिजिटल आउटपुट समान रूप से और स्वीकार्य रूप में उत्पन्न, सुरक्षित और संगृहीत किए जा सकें। इसके अतिरिक्त, ई-कोर्ट कार्यवाही का संचालन और इलेक्ट्रॉनिक संचार आदि के माध्यम से समन और वारंट भेजने सहित कई अन्य प्रक्रियाएं हैं, जिनके लिए अदालतों, पुलिस स्टेशनों और जेलों का बड़े पैमाने पर डिजिटलीकरण, नियमों का मानकीकरण, तकनीकी और सहायक कर्मचारियों की भर्ती और प्रशिक्षण, वित्तीय संसाधन और अंतर-एजेंसी समन्वय अति आवश्यक होंगे। जमीनी हकीकत यह है कि अभी तक अधिकांश राज्यों में इस दिशा में कुछ भी ठोस नहीं किया गया है।

# रामगढ़ आस-पास की खबरें

## झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति इकाई रामगढ़ के जिला स्तरीय सम्मेलन सह कार्यकर्ता मिलन समारोह का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति इकाई रामगढ़ के जिला स्तरीय सम्मेलन सह कार्यकर्ता मिलन समारोह एनटीएस बरकाकाना घुटूवा, रामगढ़ में संजीव साहू की अध्यक्षता तथा संचालन देवा नंद महतो ने किया द्य जिला सम्मेलन के मुख्य अतिथि पार्टी सुप्रीमो टाइगर जयराम महतो व विशिष्ट अतिथि पार्टी के प्रधान महासचिव फरजान खांन उपस्थित हुए द्य मुख्य अतिथि टाइगर जयराम महतो ने कहा कि झारखंड अलग राज्य कुछ उदेश्य के साथ अलग हुआ था, लेकिन सपना साकार नही हुआ, दुर्भाग्य यह है कि झारखंड में आज तक स्थानीय नीति, उधोग नीति, नियोजन नीति, विस्थापन नीति नही बन पाया है द्य



सभी को अनुशासन तथा पार्टी के नियमों के बारे मे बहुत ही विस्तृत जानकारी दिये द्य इस संगठन मे सभी समुदायों के लोग सम्मिलित हुए है द्य इस सम्मेलन मे झारखंड किसान बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष व समाजसेवी पंकज महतो , आजसु पार्टी के जिला प्रधान सचिव हजारी बाग से कपिलदेव महतो, हाई कोर्ट अधिवक्ता शिव प्रसाद महतो, ज्योति महतो तथा अन्य दल के लोगों ने भी अपने दल बल के साथ टाइगर जयराम महतो के समक्ष जेबीकेएसएस का दामन थामें द्य सभी ने कहा कि हमलोग टाइगर जयराम महतो के विचारधारा से प्रभावित होकर झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा व झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति ज्वाइन किये द्य लोग बड़ी उम्मीद के साथ पार्टी के विचारधारा से लोग जुड़ रहे हैं द्य और निश्चित तौर पर 2024 एक बदलाव के संकेत है द्य जिला सम्मेलन में मुख्य रूप से जेबीकेएसएस के केंद्रीय अध्यक्ष टाइगर जयराम महतो, केंद्रीय प्रधान महासचिव फरजान खान, रवि महतो, राजेंद्र बेदिया,पनेशवर महतो, संतोष टिडुवार, लीलावती महतो, रूपा महतो, शैल देवी, पवन महतो, जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो, बिहारी महतो, डा. राजेश महतो के अलावा केंद्रीय पदाधिकारी, जिला को कमेटी सदस्य, प्रखंड को कमेटी सदस्य, पंचायत पदाधिकारी, सक्रिय सदस्य समेत हज़ारों लोग उपस्थित थे द्य

## रोटरी रामगढ़ के द्वारा मेंटल वेल बीइंग पर प्रोजेक्ट किया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** रोटरी रामगढ़ के द्वारा मेंटल वेल बीइंग ( मानसिक संतुष्टि ) पर प्रोजेक्ट किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में पीडीजी संजीव ठाकुर मुजफ्फरपुर से आए थे। रोटरी मेंटल वेल बीइंग पर पिछले साल से कार्य करना शुरू की है। संजीव ठाकुर ने कहा मनुष्य में मानसिक संतुष्टि होगा तो मनुष्य का स्वस्थ भी ठीक रहेगा और सभी कार्यों में मन भी लगेगा। मनुष्य का जीवन शैली भी सुचारू रूप से चलेगा। विशिष्ट अतिथि मेंटल वेल बीइंग कमेटी के डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन सुरेश पी अग्रवाल ने कहा कि वर्तमान समय में भाग दौड़ की जीवनशैली के कारण मानसिक फ़िटनेस पर ध्यान देने की आवश्यकता है। इसीलिए रोटरी ने इसके प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से सेल्फ़ी पॉइंट लगाया गया है। सेल्फी प्वाइंट जमुनादास पेट्रोल पंप में लगाया गया।इस मौके पर रो राजेंद्र जैन, रो निलांजन दत्ता, रो संजय जैन, रो अनिल गर्ग, रो मदनलाल महेश्वरी, रो विनोद जैन, रो संतु भाई मानेक, रो अमरेश ग़णक, रो संजय शर्मा, रो राहुल जैन, रो ललित जैन, राजेश कुमार ।

## रामगढ़ के चुटूपालू घाटी में भीषण सड़क दुघर्टना में दो लोग गंभीर रूप से घायल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** रामगढ़ जिले के चुटूपालू घाटी स्थित भीषण सड़क दुघर्टना में दो लोग गंभीर रूप घायल हो गए, जानकारी अनुसार रांची से रामगढ़ की और आ रही स्पंज लदा ट्रेलर ने ओटो को टक्कर मारते हुए बीस फीट खाई में गिरकर पलट गई जिसमें टेंपू चालक गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें रामगढ़ सदर अस्पताल भेजा गया, दुर्घटना में ट्रेलर में फंसे ड्राइवर को पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से निकाला गया, पुलिस व एनएच द्वारा बचाव कार्य में तत्काल दो हाइड्रा व्यवस्था की गई थी,दुर्घटना के बाद सैंकड़ों लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई है जिस कारण एक तरफ की रोड बंद रखा गया वहीं पुलिस की तत्परता से पुनः ट्राफिक व्यवस्था चालू किया गया।

## विधानसभा चुनाव में मजदूर वर्ग निभायेगें निर्णायक भुमिका

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड के मजदूर वर्ग विधानसभा चुनाव में मूक दर्शक नहीं होगें। इस बार श्रम कानूनों में किए मालिक पक्षीय संशोधन, झारखंड न्यून्तम मजदूरी का गजट में प्रकाशन के वावजूद संशोधन का दबाव, कोयला खदानो को निजी कंपनियों के सौंपने, आउट सोर्सिंग कंपनियों को छूट और झारखंड और राज्य के मजदूरों के प्रति केन्द्र सरकार का सौतेला रवैया के मुद्दे को ऐक्टू विधान सभा चुनाव में मजदूर वर्ग को जागरूक करने के लिए अपना मुद्दा बनाएगा। यह फ़ैसला शुक्रवार को ऐक्टू झारखंड की रामगढ़ के नयासराय में आयोजित बैठक में लिया गया। बैठक के पूर्व दिवंगत मानवाधिकार कार्यकर्ता फादर स्टेन स्वामी एवं कोयला मजदूर संतोष महली को एक मिनट की मौन श्रृद्धांजलि अर्पित किया गया। बैठक में ऐक्टू के प्रदेश महासचिव शुभेंदु सेन ने कहा कि 20 जुलाई से 8 अगस्त तक देशव्यापी अभियान के तहत झारखंड में मजदूर के बीच हस्ताक्षर अभियान चलाकर 9 अगस्त को बड़ा कार्यक्रम अयोजित किया जाएगा। 2025 के फ़रवरी माह में दिल्ली में अयोजित ऐक्टू के राष्ट्रिय सम्मेलन के पूर्व कोयला, हेल्थ, असंगठित और स्कीम निर्माण मजदूरों को व्यापक रुप से संगठित किया जाएगा। बैठक में अध्यक्ष बैजनाथ मिस्त्री, विकास सिंह, भूवनेश्वर केवट, कृष्णा सिंह, बालेश्वर गोप, भुनेश्वर बेदिया, जे एन सिंह, महेश कुमार सिंह, विजय पासवान, अमल घोष, जगरन्नाथ उरांव, विजेंद्र प्रसाद, समेत कई मजदुर नेतागण उपस्थित थे।



## रामगढ़ जिला बैडमिंटन टूर्नामेंट 2024 प्रथम नॉकआउट टूर्नामेंट का हुआ शुभारंभ

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ स्पोर्ट्स अकैडमी के तत्वाधान में रामगढ़ जिला बैडमिंटन टूर्नामेंट 2024 प्रथम नॉकआउट टूर्नामेंट का शुक्रवार को शुभारंभ दामोदर इंडोर बैडमिंटन हॉल में छावनी परिषद के मुख्य अधिशासी अधिकारी अनंत आकाश ने दीप जलाकर तथा बैडमिंटन खेल कर बैडमिंटन दिवस के शुभ अवसर पर उद्घाटन किया । इस मौके पर उपस्थित छावनी परिषद के जेइ पिंटू कुमार एवम् मोहम्मद फहीम तथा केवल कुमार, रामगढ़ के प्रसिद्ध व्यवसाय प्रवीण कुमार जैन बैडमिंटन कोर्ट के ट्रेनर आकाश कुमार झा एवं विनीत कुमार संजय वर्मा भोला कुमार रोहित कुमार शिवम कुमार अनिकेत अग्रवाल अपूर्व अनन्या,भूमिका शर्मा,खुशी आनंद, अपूर्व शर्मा, इत्यादि सैकड़ो पार्टिसिपेशन बैडमिंटन टूर्नामेंट के एवं अन्य अतिथि के उपस्थिति में टूर्नामेंट का प्रारंभ किया गया! जानकारी देते हुए रामगढ़ स्पोर्ट्स अकैडमी के संस्थापक एवं टूर्नामेंट के आयोजक अरुण कुमार राय ने बताया मेंस ओपन में 32 प्लेयर 16 टीम पार्टिसिपेट कर रहे हैं, अंडर-17 बॉयज सिंगल में 12 प्लेयर एवं अंडर-19 वूमेन एस में 6 प्लेयर पार्टिसिपेट कर रहे हैं यह टूर्नामेंट नॉकआउट खेला जा रहा है जिसका समापन 6 जुलाई के संध्या में किया जाएगा।रामगढ़ स्पोर्ट्स अकैडमी के संस्थापक अरुण कुमार राय मुख्य अतिथि को बुक के वह सॉल् देकर सम्मानित किया आए हुए तमाम विशिष्ट अतिथि को बुके देकर सम्मानित किया गया है साथ ही उपस्थित सभी ने दीप प्रज्वलित कर टूर्नामेंट का उद्घाटन किए।

## सड़क विकास का पैमाना होता है : सुनीता चौधरी

**रजरप्पा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ जिला के चौकाद पंचायत के चक्रवाली गांव में शुक्रवार को डी एम एफ टी मद से एनएच 23 युगल महतो के घर तालाब के भीड़ होते हुवे प्रा.विद्यालय चक्रावाली तक पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया।बतौर मुख्य अतिथि रामगढ विधायक सुनीता चौधरी द्वारा नारियल फोड़कर वा शिलापठ का अनावरण कर शिलान्यास किया गया।इस दौरान मुख्य अतिथि ने कहा की गांव की सड़क निर्माण से गांव का विकास होता है।सड़क विकास का पैमाना होता है।उन्होंने कहा कि अब सड़क बन जाने के बाद लोगों को परेशानी नहीं होगी। सड़क बन जाने के बाद लोगों को आने जाने में सहूलियत होगी। उन्होंने संवेदक को गुणवत्तापूर्ण सड़क का निर्माण करने का निर्देश दिया. वही ग्रामीणों ने विधायक को सड़क निर्माण को लेकर धन्यवाद किया। इससे पूर्व स्थानीय ग्रामीणों ने मुख्य अतिथि का बुके देकर एवं माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया।मौके पर सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# राज्य सरकार की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति का लाभ लें : गरिमा सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** दो नक्सलियों के आत्मसमर्पण के अवसर पर उपायुक्त गरिमा सिंह ने कहा कि जो मुख्य धारा से भटक चुके हैं एवं हिंसा की रास्ते को अपना लिये हैं।ओ लोगों के लिए संदेश है कि राज्य सरकार की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति का लाभ लें। यह उन्हें मुख्य धारा से जुड़कर सामान्य जीवन जीने का अवसर प्रदान करती है। इस नीति के तहत पुनर्वास हेतु जमीन एवं बच्चों कि पढ़ाई के लिए शिक्षा भता तथा व्यवसाय के लिए बैंक द्वारा ऋण की भी प्रावधान है।कई तरह कि मुलभूत सुविधाएं दी जाती है। पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने कहा कि महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक, झारखण्ड पुलिस के दिशा निर्देश पर माओवादियों, नक्सलियों, उग्रवादियों के विरुद्ध लातेहार पुलिस के नेतृत्व में कई नक्सल अभियान किया गया है। प्रमुख नक्सल अभियान जिसने उग्रवादियों को हथियार डालने, घुटने टेकने, प्रतिबंधित उग्रवादी संगठनों के उग्रवादी आत्मसमर्पण करने एवं झारखण्ड सरकार कि आत्मसमर्पण नीति के तहत मुख्य धारा में लौटने को मजबूर किया है। वर्ष 2022 में झारखण्ड, छत्तीसगढ़ के सीमावर्ती क्षेत्र नक्सलयों का गढ़ व सुरक्षित ठिकाना कहे जाने वाले बुढ़ा पहाड़ को झारखण्ड पुलिस ने नक्सल मुक्त कराने के लिये आपरेशन आक्टोपस प्रारम्भ किया गया, जिसमें लातेहार पुलिस, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, सीआपीएफ, कोबरा झारखण्ड जगुआर की टीम के द्वारा संयुक्त रुप से बुढ़ा पहाड़ एवं आस-पास के इलाकों में व्यापक रूप से अभियान चलाया गया। इसी क्रम में सक्रिय जोनल कमांडर 10 लाख का इनामी नीरज सिंह खरवार उर्फ संजय खरवार पिता-पूचू खरवार साकिन आबून थाना-पॉकी जिला पलामु एवं सकिय जोनल कमांडर 10 लाख का इनामी सालमान उर्फ लोकश उर्फ राजकुमार गंझू, आत्मसमर्पण कर रहे हैं। आत्मसमर्पण किये नक्सलियों को अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ व शॉल देकर सम्मानित किया।

**आत्मसमर्पण किए नक्सलियों का इतिहास**

सक्रिय जोनल कमांडर 10 लाख का इनामी सालमान उर्फ लोकश उर्फ राजकुमार गंझू प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन मा0क0पा0 माओवादी में वर्ष 2002 में शामिल हुए थे और करीब 22 वर्षो तक भा0क0पा0 माओवादी में रहे। नीरज सिंह खरवार उर्फ संजय खरवार पिता-पूचू खरवार साकिन आबून थाना-पॉकी जिला पलामु प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन भा0क0पा0 माओवादी में वर्ष 2004 में शामिल हुये थे।

# प्रेम प्रसंग में युवक की हुई हत्या, जंगल में फेका शव




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुन्दा :** कुन्दा थाना क्षेत्र के अनगड़ा जंगल से कुन्दा पुलिस ने गुरुवार को एक युवक की शव बरामद की हैं। शव की पहचान पलामू जिले के मनातू थाना क्षेत्र के करमा गांव निवासी कमेशर सिंह के 19 वर्षीय पुत्र सुबोध कुमार के रूप में हुई हैं।बताया जाता हैं कि हत्या प्रेम प्रसंग में हुई हैं। परिजनों ने बताया कि मंगलवार को सुबोध अपने घर से प्रदेश काम करने के लिए जा रहा था।जाने के क्रम में अपने चार पाँच दोस्तो के साथ दोपहर लगभग एक बजे अनगड़ा स्कूल के पास ताड़ी पीने लगा इतना ही देर में लड़की के भाई और एक और वहाँ पहुँचे जब तक लोग कुछ समझ पाते तब तक दोनों व्यक्ति सुबोध को जमीन पर गिरा दिया और हाथ पैर बांध कर जंगल की ओर ले गया। उपस्थित लोग हल्ला करने लगे तो उक्त दोनों व्यक्ति बोलने लगा कि तुमलोग चुप रहो नही तो गोली मार देंगे डर से उपस्थित लोग चुप रहे। सुबोध को दोनों युवक जंगल की ओर ले जाकर लाठी डंडे व पत्थर से मार कर हत्या कर दिया। हत्या कर शव को जंगल मे छोड़ कर दोनों हत्यारे भाग गए।परिजनों के द्वारा काफी खोज बिन के बाद सुबोध की शव अनगड़ा के जंगल मिला।हत्या की सूचना कुन्दा पुलिस को दिया गया पुलिस ने सूचना पाते ही घटना स्थल पर पहुच कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए चतरा भेज दिया हैं। इस संबंध में थाना प्रभारी सनोज चौधरी ने बताया कि हत्या प्रेम प्रसंग का ही हैं। इस मामले में मृतक के पिता के फर्द ब्यान पर दो नामजद मामला दर्ज कर हत्यारो को पकड़ने के लिए छापा मरी की जा रही हैं।

## बरसात के मौसम में आधा अधूरा डायवर्सन बना कर पुलिया निर्माण के लिए सड़क काट डाला, राहगीर परेशान



**कुन्दा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दारी से कुन्दा तक कालीकरण सड़क मरम्मती का कार्य किया जाना है, जिसमे संवेदक के द्वारा अनियमितता बरतने का आरोप नवादा, कोयता, सिंदरी, टयाकरम व दारी के ग्रामीणों ने लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि संवेदक द्वारा आधा अधूरा डायवर्सन बनाकर पुलिया निर्माण के लिए सड़क को काट डाला गया है जिसके कारण राहगीरों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है डायवर्सन काफी कीचड़मय हो चुका है।जिसके कारण अक्सर वहाँ दुर्घटना हो रही है।वही छोटे छोटे स्कूली बच्चों को स्कूल जाने के लिए लगभग दो से तीन किलोमीटर की दूरी का सफर करना पड़ रहा है क्योंकि स्कूल बस डायवर्सन खराब होने के कारण सीधे गांव तक नहीं पहुंच पा रहा है। वही ग्रामीणों का कहना है कि यदि संवेदक द्वारा उक्त डायवर्शन को ससमय ठीक नहीं किया गया तो ग्रामीण काटे गए गढ़े को भरने के लिए बाध्य होंगे।वही ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया है कि संवेदक द्वारा अभी तक कहीं पर सूचना बोर्ड नहीं लगाया गया है। जिसके कारण संवेदक को ढूंढने के लिए भी काफी जदो-जहद करना पड़ रहा है।हालांकि इस संबंध में संवेदक से संपर्क करने की प्रयास की गई पर उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया।

## राजद की स्थापना दिवस में पहुंचे दिग्गज, सिमरिया विधानसभा में होगा आरजेडी का बड़ा कार्यक्रम : रामभरोस यादव



**मयूरहंड(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राष्ट्रीय जनता दल की स्थापना दिवस कार्यक्रम में मयूरहंड से दिग्गजों के दल ने शिरकत किया। दूरभाष पर बातचीत करते हुए मयूरहंड बीस सूत्री अध्यक्ष श्री रामभरोष ने बताया कि गरीबों की पार्टी राष्ट्रीय जनता दल की स्थापना दिवस प्रत्येक साल 5 जुलाई को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है।श्री यादव ने इस बाबत बताया कि सिमरिया विधानसभा क्षेत्र में राष्ट्रीय जनता दल का हर कार्यकर्ता समर्पण नीति के तहत हर घर तक पहुंचकर राष्ट्रीय जनता दल की नीति- सिद्धांतों से अवगत कराएंगे ताकि आने वाले विधानसभा चुनाव में आरजेडी भी अपनी दावा मजबूती के साथ पेश कर सके।आपको बताते हैं चलें कि 5 जुलाई 1997 को जगदानंद सिंह और राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने मिलकर राष्ट्रीय जनता दल राजनीतिक दल की स्थापना की थी उसके बाद से लगातार यह दल नयी ऊंचाइयों की ओर आगे बढ़ता जा रहा है। इस खास मौके पर महासचिव श्री अरुण यादव,सचिव इंद्रदेव ठाकुर, सेवानिवृत शिक्षक श्री अशोक रजक, समेत अन्य हिस्सा लिया।

# सीआरसी क्षेत्र के शिक्षकों ने किया बैठक, कई विषय पर हुई चर्चा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत गांगपुर में स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में सीआरसी की बैठक शुक्रवार को शिक्षकों किया। बैठक में सीआरसी के अंतर्गत विद्यालय के शिक्षक उपस्थित हुए। बैठक का संचालन सीआरपी प्रेमचंद साव व शम्भू पांडेय ने किया। बैठक में शिक्षकों को विद्यालय में चलने वाली पोषण वाटिका, तड़ित चालक, शौचालय, जर्जर विद्यालय भवन, पेयजल, आधार बैंक खाता की स्थिति, मुख्यमंत्री विशेष छात्रवृति योजना, एमडीएम, बच्चों की उपस्थिति सहित कई बिंदुओं पर चर्चा हुई तथा इसका प्रतिवेदन जमा करने को कहा गया। बैठक में शिक्षक बीरेंद्र यादव, गन्देश्वर उरांव, धर्मेंद्र दांगी, के अलावा कई शिक्षक मौजूद थे।

## शिवपुर साइडिंग सड़क पर डीजल चोरों का आतंक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** आम्रपाली से शिवपुर साइडिंग ट्रांस्पोर्टिंग सड़क पर डीजल चोरों का आतंक है। सड़क पर चलने वाले हाइवा को चोर जबरन रुकवाकर डीजल निकाल लेते हैं। उक्त सड़क से आरकेटीसी बीएलए ज्वाइंट भेंचर द्वारा ट्रांस्पोर्टिंग का काम किया जाता है। डीजल चोरी होने से भाड़े पर चलने वाले वाहनों को काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है।जिस कारण वाहन मालिक अपना वाहन कंपनी से हटा लें रहे हैं।जिससे वाहनों को सँख्या दिन प्रतिदिन कम होती जा रही है।वाहनों की संख्या घटने से ट्रांस्पोर्टिंग कंपनी को तय टारगेट पूरा करने में समस्या हो रही है। यही कारण है कि कोयलांचल में वर्तमान समय पेट्रोल पंप से कम दर पर डीजल मिल रहा है। सूत्रों की माने तो डीजल चोरी का एक सरगना है जो नियोजित योजना के तहत चोरी की घटना को अंजाम देता है।

# 20 सूत्री समिति की समीक्षा बैठक सभागार कक्ष में की गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में 20 सूत्री समिति की समीक्षा बैठक की गई । बैठक में विभिन्न विभागों के जनप्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में विभागों के कार्यों की समीक्षा बारी बारी से की गई। जहां कुछ विभागों के क्रिया कलाप से 20 सूत्री अध्यक्ष काफी नाराज दिखें। वहीं एक के बाद एक अपना अपना विभागों के कार्यों की जानकारी दी। वहीं मनरेगा योजना के तहत लाभुकों के रुपए खाते में ना भेज भेंडर के खाते में जाने को लेकर मुद्दा गर्माया रहा। 20 सूत्री अध्यक्ष बिरेंद्र यादव ने भेंडर के खाते में लाभुकों के रुपया जाने को लेकर नाराजगी जताते हुए कहा कि आगे से भेंडर के खाते में भेजने की प्रक्रिया को समाप्त करने के लिए उपायुक्त से बात की जाएगी। चुकी भेंडर के खाते में रूपये भेज गरीब लाभुको का रुपए का दोहन किया जाता है। साथ हीं पैक्स में गड़बड़ी को लेकर पदाधिकारी काफी नाराजगी जताया । पैक्स पदाधिकारी आशीष कुमार ने बताया कि कई पैक्स अध्यक्ष को कंप्यूटर के साथ सिस्टम दिया गया है। साथ हीं कहा कि सभी पैक्स अध्यक्ष को कार्यकारणी की गठन कर सुचारू रूप से चलाना है साथ हीं पैक्स की जानकारी लाभकों को पैक्स अध्यक्ष द्वारा दी जानी है। यदि कोई पैक्स अध्यक्ष नहीं करता है तो वह जिम्मेवार खुद होगा और उस पर कानूनी कारवाई की जाएगी। वहीं दूसरी बैठक प्रमुख का समीक्षा बैठक की गई जहां विभिन्न विभाग के पदाधिकारी नहीं आने के कारण बैठक को स्थगित कर दी गई। प्रमुख रोहन साहू ने बताया कि पिछले बैठक में भी पदाधिकारी छोड़ उनके निचले स्तर के प्रतिनिधि बैठक में आते हैं। जबकि अपने हीं विभाग को पूर्ण रूपेण जानकारी नहीं रहने के कारण समीक्षा बैठक में पूछे गए सवालों को जवाब दे नहीं पाते है। इसके लिए पूर्व में स्पष्टीकरण निकाला गया था।

## कार्यकारणी की हुई बैठक, कई योजनाओं का किया चयन



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड परिसर में स्थित पंचायत भवन में कार्यकारिणी समिति की बैठक शुक्रवार को किया गया। बैठक मुखीया निर्मला देवी के अध्यक्षता में किया गया। एवं संचालन पंचायत सचिव प्रियंका प्रिया ने किया। बैठक में पंचायत में चल रहे 15 वीं, 16 वीं में वित्त आयोग की पूर्ण योजनाओं को बंद करने की निर्णय लिया। तो वही कई नई योजनाओं का चयन किया गया है। जिसमें कुआं मरामाती पीसीसी निर्माण नाली जैसे योजना का चयन किया गया है। मौके पर उपस्थित वार्ड सदस्य मुसाफिर कुशवाहा कैलाश दांगी ममता कुमारी रंजू देवी रामदेव यादव अमिर दांगी वअन्य उपस्थित थे।

# जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में झंडोतोलन और केक काटकर मनाया गया स्थापना दिवस

**पार्टी की 28 वां स्थापना दिवस पर राजद ने मनाया स्थापना दिवस**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला मुख्यालय के करकट स्थित राजद जिला कार्यालय में शुक्रवार को पार्टी कि 28 वां स्थापना दिवस जिलाध्यक्ष राम प्रवेश यादव की अध्यक्षता में झंडोतोलन कर और केक कटकर मनाया गया। मौके पर प्रदेश महासचिव अजय चंद्रवंशी जिला प्रधान महासचिव मोहर सिंह यादव जिला उपाध्यक्ष रंजित यादव लातेहार जिला सचिव दामोदर यादव लातेहार प्रखंड अध्यक्ष नेजाम अंसारी मनिका प्रखंड अध्यक्ष रामसेवक उरांव बरवाडीह आदित्य यादव जिला सचिव नेशार अहमद एसटी मोर्चा जिलाध्यक्ष बिट्टू सिंह चंदवा प्रखंड अध्यक्ष अजीत श्रीवास्ताव अनिल सिंह बीडीओ सिंह संतोष यादव विशुन देव कुमार चिंटू यादव श्याम बिहारी यादव उपेंद्र राम शनि बर्मा चंद्रदेव सिंह धीरेंद्र यादव समेत अन्य पार्टी कार्यकर्ता शामिल थे।कार्यक्रम के दौरान जिलाध्यक्ष रामप्रवेश यादव द्वारा जिला उपाध्यक्ष के पद पर रघुपाल सिंह नाम की घोषणा की गई।

# शराब के नशे में धुत मोटरसाइकिल दुर्घटना में तीन घायल, एक रेफर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** थाना क्षेत्र के पीएचडी कार्यालय के समीप एक मोटर साइकिल पर स्वार तीन लोग अनियंत्रित होकर गिरने से घायल हो गए। तीनों घायलों को सिमरिया थाना के एसआई सुशील टुडू ने अपने पुलिस बल के सहयोग से सिमरिया रेफरल अस्पताल में एक वाहन के माध्यम से लाया। जहां मौजूद चिकित्सकों ने तीनों को प्राथमिक उपचार किया। वहीं राकेश ठाकुर को गंभीर अवस्था में रहने के कारण हजारीबाग रेफर कर दिया गया है। घायलों में टंडवा थाना क्षेत्र के दशरथ भुइंया, पिता लटन भुइंया, ग्राम खदैया, ललन कुमार सिंह, पिता स्व गजेंद्र सिंह, लय शुकवार, थाना केरेडारी, राकेश ठाकुर, ग्राम सीमा हफुआ थाना चतरा का नाम शामिल हैं। जानकारी के अनुशार तीनों एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर टंडवा की ओर से चतरा सीमा की ओर जा रहे थे। इसी बीच सिमरिया पीएचडी कार्यालय के समीप पहुंचते हीं अनियंत्रित होकर पैदल चल रही एक महिला शिक्षिका को टक्कर मार दिया जिससे तीनों बुरी तरह से घायल हो गए। तीनों शराब के नशे में धुत थे। हालांकि सड़क दुर्घटना जब जब हुई है तो अधिकांश दुर्घटना में शराब के नशे में होने से हुई है। लोग शराब पीकर वाहन चलाना अपनी शान व दबंग समझते है। परिजन अपने बच्चों को शराब का सेवन पर प्रतिबंध नहीं लगाएंगे तो इस तरह की घटनाओं में इजाफा होगी।

**वाहनों की टक्कर में दो घायल**

# दुर्घटना ग्रस्त कार से 21 किलो गांजा बरामद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** चंदवा थाना क्षेत्र अन्तर्गत नेवाड़ी के पास शुक्रवार की सुबह दो कारों में भिड़ंत हो गया। इस घटना के बाद कार चालक वहां से फरार हो गया। पर दूसरी कार में सवार चालक और दो लोगों को मामूली चोटें आई है, जिनका चंदवा स्वास्थ्य केन्द्रं में प्राथमिक उपचार किया जा रहा है। फिलहाल इनकी पहचान नहीं हो पाई है। इधर घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने चंदवा थाना को दी। जिसके बाद चंदवा थाना पुलिस ने मौके पर पहुंची जब यूपी नंबर के गाड़ी के अंदर देखा तो दंग रह गई। गाड़ी में गांजा भरा हुआ था। इस संबंध में चंदवा पुलिस ने बताया कि जिस गाड़ी में गांजा ले जाया जा रहा था वह रांची से लातेहार की ओर जा रही थी और दूसरे कार में सवार लोग लातेहार से रांची की ओर जा रहे थे की तभी नेवाड़ी के पास दोनों वाहनों में भिड़ंत हो गई। फिलहाल घायलों का उपचार चंदवा स्वास्थ्य केन्द्र में कराया जा रहा है। वहीं गांजा लदा वाहन को जब्त कर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है। बतादें की उक्त वाहन से 21 किलोग्राम गांजा भी बरामद किया गया है।

## जरुरतमंद योजनाओं को ही दें प्राथमिकता : संतोषी



**बरवाडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शुक्रवार को जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर के द्वारा बरवाडीह पंचायत में नाली निर्माण और खुरा पंचायत के बभंडीह में छठ घाट निर्माण का शिलान्यास जिला परिषद की अध्यक्ष पूनम देवी के साथ जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर,जिप सदस्य बलवंत सिंह समेत अन्य लोगों के द्वारा पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना करते शिलान्यास किया गया । मौके पर मौजूद जिला परिषद अध्यक्ष पूनम ने कहा कि जिला परिषद मद के माध्यम से अल्प आवंटन के बाद भी क्षेत्र में विकास पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है जिसमें सफलता भी मिल रही है। वही जिला परिषद की सदस्य संतोषी ने कहा कि पंचायत स्तर पर महत्वपूर्ण और जरूरतमंद योजनाओं को ही प्राथमिकता के आधार बनाकर स्थल चयनित कर उसे विकास से जोड़ा जा रहा है। हमारी कोशिश होगी कि क्षेत्र के सभी हिस्सों में अत्यंत जरूरी योजनाओं को सूचीबद्ध कर एक के बाद एक कर निर्माण कार्य किया जाएगा। जिसमें छोटी छोटी योजनाएं जैसे नाली सड़क, पुलिया, छठ घाट समेत अन्य योजनाओं को धरातल पर उतारा जा रहा है। इस दौरान मौके पर पूर्व जिला परिषद सदस्य रामदेव सिंह पूर्व सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष रुपाली देवी, भाजपा नेता सुनील कुमार सिंह मनोज प्रसाद मनोज यादव, शिबू प्रसाद, मुखिया कालो देवी सतीश यादव, विकास तिवारी, दीपक तिवारी,ओम प्रकाश गुप्ता नागेंद्र प्रसाद मोनू, मनी ठाकुर अवधेश प्रसाद समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# बालूमाथ में राष्ट्रीय जनता दल का 28 वां स्थापना दिवस मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्तिथ राष्ट्रीय जनता दल कार्यालय में शुक्रवार को राष्ट्रीय जनता दल का 28वां स्थापना दिवस मनाया गया। मौके पर राजद प्रखंड अध्यक्ष प्रीतलाल यादव के द्वारा पार्टी के झंडा का झंडोत्तोलन किया गया। मौके पर बोलते हुए प्रीतलाल यादव ने कहा कि आज राष्ट्रीय जनता दल के गठन हुए 28 वर्ष पूरा हो गया है। इस पार्टी का गठन गरीब शोषित एवं पिछड़े वर्ग के लोगों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है ।राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव हमेशा गरीब पिछले लोगों के न्याय के लिए कटिबद्ध रहते हैं। और उनकी इस लड़ाई में पूरा देश उनके साथ है। बिहार में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनता दल की सरकार बनेगी और गरीबों से शोषितों को हक और अधिकार मिलेगा। भाजपा देश मे सिर्फ नफरत की राजनीति करती है। लेकिन राष्ट्रीय जनता दल देश में गरीबों को न्याय दिलाने का काम करती है। मौके पर प्रखंड सचिव अजय कुमार गुप्ता, मो. अजमल हुसैन, मो.जसीम, प्रखंड महासचिव उमेश यादव, प्रखंड कोषा अध्यक्ष राजेश कुमार रजक, प्रखंड उपाध्यक्ष हरिहर यादव, सुरेश राम,दशरथ यादव, सत्येंद्र यादव, अशोक भुइयां, निर्मल गंझु, राजेश कुमार कुशवाहा, अब्दुल शमद, रेवालाल यादव, तसाउर अंसारी, मो.इस्लाम मजदूर प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष सरयू कुमार यादव, महादेव यादव, हरेंद्र कुमार रवि, मनोज यादव, राजन यादव, ओमप्रसाद गुप्ता, विपिन साहू, कमलेश यादव, श्यामलाल भुइयां, पंकज कुमार सिन्हा, संजय यादव, रामेश्वर यादव, आशीष कुमार, विदेश कुमार, रितेश कुमार मुनेश यादव, मो.अजहर, अर्जुन उरांव जगदेव उरांव, जितेंद्र उरांव, यशोदा महतो, चंद्रदेव राम समेत कई राजद कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# आजसू पार्टी के हल्ला बोल कार्यक्रम में जुटे सैंकड़ों कार्यकर्ता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** राज्य सरकार की नाकामयाबियों विरोध में आजसू पार्टी ने हंटरगंज प्रखंड मुख्यालय में हल्ला बोल कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में हंटरगंज प्रखंड के साथ-साथ प्रस्तावित प्रखंड जोरी एवं प्रस्तावित प्रखंड पांडेपुरा के सभी पंचायत के महिला, युवा, बुजुर्ग, किसान एवं अन्य मंच मोर्चा के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, महासचिव सहित अन्य संकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए। इस मौके पर पार्टी के कार्यकर्ताओं ने प्रखंड मुख्यालय के समीप राज्य सरकार की विफलताओं के बारे में लोगों को जानकारी दी। आजसू के केंद्रीय महासचिव अशोक गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार के नेतृत्व में चतरा में अवैध बालू उत्खनन, सभी कार्यालय में भ्रष्टाचार, जमीन के संबंधित कार्यो सहित अन्य विकास कार्यों में लूट आदि मामले को लेकर आजसू ने जमकर जमकर हल्ला बोल किया। कार्यक्रम के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं ने हंटरगंज प्रखंड के बीडीओ को 11 सूत्री मांगों का ज्ञापन भी सौंपा। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव अशोक गहलोत, केंदीय सचिव पारस सिंह, जिला उपाध्यक्ष विनोद यादव, जिला सचिव इंद्रदेव यादव, जिला कार्यकारी सदस्य उमेश यादव, मनोहर यादव, प्रखंड अध्यक्ष पप्पू चंद्रवंशी युवा प्रखंड अध्यक्ष पुटी सिंह, अजमल हुसैन, युवा जिला उपाध्यक्ष अनूप यादव सनोज यादव, विजय यादव, अवधेश सिंह, राजीव शर्मा, रणजीत सिंह, सुबोध सिंह, चंदन गुप्ता, महिला अध्यक्ष वैजयंती माला, गायत्री देवी, खेमलाल यादव, दिलीप दास, पिंटू यादव, संतोष यादव, धर्मेंद्र सोनी, ओमप्रकाश भारती, सतन यादव, दीपक गुप्ता, राजन सहित अन्य उपस्थित थे।

## मयूरहंड की थाना प्रभारी बनी मंजू कुमारी



**मयूरहंड(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रशासनिक व्यवस्था में शिथिलता बरतने के कारण थाना प्रभारी राहुल सिंह को लाइन हाजिर करते हुए इटखोरी इंस्पेक्टर मंजू कुमारी को मयूरहंड थाना प्रभारी नियुक्त किया गया है।ज्ञात हो कि मयूरहंड प्रखंड बनने के बाद पहली बार महिला थाना प्रभारी मंजू कुमारी के रूप में मयूरहंड प्रखंड वासियों को मिल रहा है। प्रभात मंत्र से बातचीत करते हुए दूरभाष पर नए थाना प्रभारी मंजू कुमारी ने बताया कि प्रशासनिक व्यवस्थाओं को सुदृढ करना लोगों से मित्रवत व्यवहार बनाना,अपराधियों पर शिकंजा कसना,कानून को हाथ में लेनेवालों पर निगरानी रखना पुलिस प्रशासन की और मेरी पहली प्राथमिकता होगी।एक सवाल के जवाब में इन्होंने कहा कि पुलिस और आम लोगों के बीच की जो दूरी की खबर मिलती है यह अफसोसजनक है मेरी पूरी कोशिश होगी कि पुलिस और आम लोगों की नजदीकियों को सरल बनाया जाए।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




# नगर निगम के द्वारा चलाया जा रहा अतिक्रमण हटाओ अभियान

- पहले नगर निगम करे वैकल्पिक व्यवस्था तब हटाये छोटे दुकानदारों को : नीरज गुप्ता
- हमलोगों के पास अब नही है कोई सहारा : फुटपाथ दुकानदार
- शहर के कई इलाकों से हटाया गया अतिक्रमण स्थाई अतिक्रमणकारियों पर प्रशासन क्यों नही करती कार्यवाई : चितरंजन गुप्ता







**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** नगर निगम व जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान मे शहर मे ट्रैफ़िक व्यवस्था मे सुधार करने के उद्देश्य से पिछले कई दिनों से शहर मे अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जा रहा है. अब तक के अभियान मे शहर के डिस्ट्रिक्ट बोर्ड चौक, पी टी सी चौक, वुमेंस कॉलेज, कचहरी, बंशीलाल चौक के आस पास अतिक्रमण हटाया गया है. इस अभियान मे सड़क किनारे लगाये गए गुमटी, छोटे दुकान, ठेला इत्यादि को हटाया गया है. अतिक्रमण हटाओ अभियान को लेकर अब धीरे धीरे शहर के समाजसेवी और नेता मुखर होते दिखाई दे रहे हैं. इस संबंध मे भारतीय नागरिक अधिकार रक्षा मंच के अध्यक्ष सह आरटीआई कार्यकर्ता चितरंजन गुप्ता ने कहा की हजारीबाग जिला प्रशासन व नगर आयुक्त सिर्फ गरीब व फुटपाथ पर दुकान लगाकर अपना जीविका चलाने वाले को ही अतिक्रमणकारी समझती है. अतिक्रमण हटाने के नाम पर प्रशासन के द्वारा सिर्फ उन्हें ही निशाना बनाया जाता है जबकि शहर में कई ऐसे अतिक्रमणकारी है जो सार्वजनिक संपत्ति पर स्थाई निर्माण कर अतिक्रमण कर चुके हैं उन पर नगर निगम या जिला प्रशासन के द्वारा किसी भी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की जाती है . उन्होंने नगर निगम के कार्यशैली पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि जब कभी भी नगर निगम के पदाधिकारी का मन करता है तो वह अतिक्रमण हटाने के नाम पर सड़क किनारे दुकान लगाकर गुजर बसर करने वाले गरीब लोगों को हटाकर खानापूर्ति कर देती है लेकिन जो अतिक्रमणकारी सार्वजनिक संपत्तियों पर स्थाई निर्माण कर चुके हैं उनकी ओर वे नजर उठाकर भी नहीं देखते हैं. उन्होंने आगे कहा कि जिस कार्यालय में प्रतिदिन हजारीबाग के उपायुक्त, अपर समाहर्ता, एसडीओ समेत तमाम आलाधिकारी आते जाते हैं उसके ठीक सामने एक होटल का निर्माण कर सरकारी भूमि का अतिक्रमण किया गया है इस पर उनकी नजर क्यों नहीं जाती है . नया समाहरणालय के ठीक सामने अवस्थित गैराज के ठीक पीछे मौज सारले में गैर मजुरआ / केसर हिंद जमीन पर स्थाई भवन बनाकर अतिक्रमण कर लिया गया इस पर भी किसी की निगाह नहीं जाती है.उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि डेली मार्केट जाने के लिए जो रास्ता पहले था उसे भी अतिक्रमण कर दिया गया साथ ही वहां अवस्थित कुआं पर मार्केट का निर्माण कर दिया गया क्या यह अतिक्रमण नहीं है आखिर नगर निगम या जिला प्रशासन में स्थाई अतिक्रमण कार्यो के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं करती है? अतिक्रमण हटाने के नाम पर सिर्फ गरीब गुरुबो को ही क्यों उजाड़ा जाता है? क्या नगर निगम या जिला प्रशासन की नजर में गरीब होना गुनाह है?

वहीं भाजपा नेता नीरज गुप्ता ने कहा की अतिक्रमण हटाने के नाम पर गरीब गुरबों का रोजगार छीना जा रहा है. नगर निगम पहले फुटपाथ दुकानदारों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करे तब इनलोगो को हटाये. वहीं ट्रैफ़िक व्यवस्था के मामले को लेकर उन्होंने कहा की जब तक सड़कों का चौडीकरण नही होगा तब तक शहर को जाम से मुक्ति नही मिलेगी.

इस अतिक्रमण से बेरोजगार हुए दुकानदारों को इस अभियान से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क किनारे ठेले लगाकर अपना गुजारा चलाने वाले दुकानदारों का कहना है कि उनके पास दुकान लगाने के लिए कोई और जगह नहीं है। दुकानदार संजय कुमार का कहना है, ÷हमारे पास दुकान नहीं है, इसीलिए सड़क किनारे ठेला लगाकर रोजी-रोटी कमाते हैं. अगर निगम हमें कोई विकल्प देता तो ठीक था, मगर अभी तो यही हमारा सहारा है.

## आजसू नेता के नेतृत्व में हल्ला बोल कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** आजसू पार्टी बड़कागांव प्रखंड कमिटी ने पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत बड़कागांव प्रखंड सह अंचल कार्यालय के समक्ष हल्ला बोल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा एवं संचालन केंद्रीय सदस्य कामेश्वर महतो ने किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव रोशनलाल चौधरी शामिल हुए। वही विशिष्ट अतिथि के रूप में केंद्रीय महासचिव विजय साहू,जिला अध्यक्ष परमेश्वर महतो,केंद्रीय सदस्य विजय वर्मा,केंद्रीय सचिव कौलेश्वर गंझु शामिल हुए। हल्ला बोल कार्यक्रम गुरुचट्टी के पार्टी आवासीय कार्यालय बड़कागांव से सैकड़ों पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ रोशनलाल चौधरी के नेतृत्व में जुलूस प्रखंड सह अंचल कार्यालय पहुंचा। अंचल कार्यालय पहुंचकर पार्टी नेताओं ने कार्यक्रम को संबोधित किया। मुख्य अतिथि रोशनलाल चौधरी ने कहा कि वर्तमान झारखंड सरकार सिर्फ लूटने में मस्त है,जनता भ्रष्टाचार से त्रस्त है। पूरा प्रदेश भ्रष्टाचार की बुनियाद खड़ी है। जेएमएम आदिवासियों मूलवासियों की पार्टी नहीं बल्कि सोरेन परिवार की पार्टी बनके रह गई है। हर क्षेत्र में सरकार के शासन प्रशासन में भ्रष्टाचारी कूट कूट के भरी हुई है। राज्य सरकार हर मोर्चे पर विफल है। जनहित की योजनाएं धरातल पर नहीं हैं। राज्य में जमीन दाखिल - खारिज हेतू लाखों आवेदन लंबित हैं, अबुआ आवास योजना में पारदर्शिता नहीं है, नदी घाटो की नीलामी नहीं हुई है। लाभुक घर बनाए तो बनाए कैसे उसमे भी कालाबाजारी, मनरेगा का भुगतान नहीं हो रहा। छात्र - छात्राओं को जाती एवं आवासीय प्रमाण पत्र बनवाने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा। प्रखंड सहित पूरे राज्य में बिजली आपूर्ति व्यवस्था चरमराई हुई है। सरकारी कार्यालयों में कर्मियों की उपस्थिति नगण्य रहती है। ऐसी सैंकड़ों जनहित के मुद्दे पर राज्य सरकार गंभीर नहीं है। युवा रोजगार हेतू पलायन को मजबूर हैं। राज्य में बढ़ रही अव्यवस्था अगर सुधार नहीं हुई तो इसके खिलाफ आजसू पार्टी निर्णायक आंदोलन को तैयार है। केंद्रीय महासचिव विजय साहू ने कहा प्रदेश में विधि व्यवस्था चरमराई हुई है, अपराध का ग्राफ बढ़ा है, सरकारी कार्यालयों में भ्रष्टाचार चरम पर है। केंद्रीय सदस्य राजा खान ने कहा कि युवा रोजगार हेतु अन्यत्र राज्यों में पलायन हो मजबूर हो रहें है। मौके पर केंद्रीय सदस्य सुनील सोरेन, संदीप कुशवाहा, कामेश्वर महतो, राजा खान, राजू, पंकज साहा, मुखिया प्रभु महतो, पंचायत समिति सदस्य अरुण कुमार,जिला उपाध्यक्ष दिनेश महतो, वरिष्ठ नेता उमेश दांगी ,शंकर मिश्रा,निर्मल महतो, रीना देवी,रिंकी देवी, रेखा देवी ,विमला देवी ,बीना देवी ,गीता देवी ,निक्की देवी, बिजली देवी, संजय कुमार, बलदेव महतो, जावेद खान, तारकेश्वर महतो, फिरोज खान सहित सैंकड़ों कार्यकर्ता शामिल थे।

## नवादा में फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के कार्यालय का हुआ उद्धघाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़-गोमियाँ मुख्य पथ नवादा में गुरुवार को फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड का कार्यालय का उद्घाटन विष्णुगढ़ प्रमुख जैबुन निशा ,उपप्रमुख सरयू साव,जिला परिषद प्रतिनिधि प्रकाश पटेल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। कार्यालय उद्धघाटन के पश्चात उपस्थित किसानों के बीच खरीफ फसल व बीजों का वितरण किया गया। इस मौके पर रोहित कुमार ने कहा कि किसान भाई उत्पादक संगठन से जुड़ कर बीज, खाद मशीनरी, मार्केट लिंकेज, ट्रेनिंग, नेटवर्किंग, आर्थिक और तकनीकी सहायता ले सकते हैं। उद्धघाटन के मौके पर मुख्य रूप से कांति कुमारी, रोहित साव,मो. इक़बाल अंसारी,मो.आशिक, मो.इमरान अंसारी समेत सैकड़ो की सँख्या में किसान भाई एवं महिलाएं भी उपस्थित थे।

## जनप्रतिनिधियों के हाथों बच्चों के बीच किया गया निःशुल्क पुस्तक का वितरण



**बरही :** बरही प्रखंड अंतर्गत राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय खेरौन में जनप्रतिनिधियों के हाथों बच्चों के बीच निशुल्क पुस्तक का वितरण किया गया। मौके पर स्थानीय मुखिया सरिता देवी, पंसस विकास सिंह, मुखिया प्रतिनिधि विश्वेश्वर यादव, वरिष्ठ समाजसेवी भोला सिंह, उप मुखिया कंचन देवी, समाजसेवी प्रद्युमन सिंह, शंभू सिंह, श्रवण सिह, उमेश सिंह, लोकेश सिंह, अवध सिंह, उप मुखिया प्रतिनिधि दीपक कुमार साव, श्रीसीताराम सिंह, विद्यालय के अध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह, प्रधानाध्यापक तुलसी कुमार दास, सहायक अध्यापक बहादुर मिस्त्री, सहायक अध्यापिका कुमारी विनीता सिंह एवं अन्य गणमान्य ग्राम वासियों उपस्थित थे। मौके पर मुखिया ने बच्चों से बातचीत की एवं उनके प्रतिभा से अवगत हुए। वहीं बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए खेलकूद एवं अन्य सहायक गतिविधियों में भी बच्चों को शामिल करने के लिए शिक्षकों से आग्रह किया। मुखिया प्रतिनिधि विशेश्वर यादव ने बच्चों की समस्याओं से अवगत हुए साथी खेलकूद में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने एवं शैक्षिक क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा की कठिन मेहनत से हम अपने देश अपने गांव अपने प्रखंड का नाम रौशन कर सकते हैं, इसलिए शिक्षा के क्षेत्र में आप सभी खूब मेहनत करें।

## गौरियाकरमा पीएचसी में जन आरोग्य समिति का हुआ गठन



**बरही :** शुक्रवार को गौरिया करमा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) में जन आरोग्य समिति का गठन को लेकर स्वास्थ्य पदाधिकारियों एवं कर्मियों के बीच बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता बरही अनुमंडलीय उपाधीक्षक डॉ प्रकाश ज्ञानी ने किया। बैठक में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गौरिया करमा में जन आरोग्य समिति का गठन किया गया है। जिसमें सर्वसम्मति से कार्यकारिणी में अध्यक्ष के रूप मे जिला परिषद सदस्य मंजू देवी को बनाया गया। वहीं सचिव के रूप मे वर्तमान चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर राजीव रंजन बने और सदस्य के रूप मे स्थानीय क्षेत्र के एएनएम बदेही को चुना गया। बैठक के अंत में उपाधीक्षक के द्वारा सभी को धन्यवाद ज्ञापन के साथ कारवाई को समाप्त किया। मौके पर स्थानीय जनप्रतिनिधि जिप सदस्य मंजू देवी, भाजपा नेता गणेश यादव, मुखिया कुमारी मीरा, चिकित्सा पदाधिकारी गौरियाकरमा, आयुष चिकित्सा पदाधिकारी, महिला एवं बाल विकास सुपरवाइजर, ऊ. वि.प्रधानाध्यापक गौरियाकरमा, लोक निर्माण विभाग प्रतिनिधि, एएनएम पीएचसी, योग शिक्षक नंदकिशोर, एमपीडब्ल्यू संतोष कुमार, बीटीटी एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

## टाटीझरिया डीलर संघ अध्यक्ष सह डहरभंगा पंचायत पूर्व मुखिया का आकस्मिक निधन



**टाटीझरिया :** प्रखण्ड के डहरभंगा पंचायत के पूर्व मुखिया सह टाटीझरिया प्रखण्ड के डीलर संघ अध्यक्ष मथुरा साव का अपने पैतृक गांव डहरभंगा में आकस्मिक मृत्यु होने से क्षेत्र मे शोक की लहर है , मथुरा साव एक सामाजिक कार्यकर्ता थे अपने क्षेत्र के जनता के सुख दुःख में हमेशा तत्पर रहते थे , और वे टाटी झरिया के दूधमटिया वन पर्यावरण कमिटी का सक्रिय सदस्य थे , उन्होंने वन पर्यावरण मेले में चढ़ बढ़ कर हिसा लेते थे , वही मथुरा साव , जे एम एम पार्टी के वर्तमान प्रखण्ड कोषा अध्यक्ष थे, जिसमें जे एम एम पार्टी में कार्यकर्ताओ में शोक की लहर है। मृतक ने अपने पीछे दो बेटा एक बेटी पत्नी समेत नाती पोता समेत भरा पुरा परिवार छोड़ कर चले गए, इसका अग्नि संस्कार डहरभंगा के श्मशान घाट में किया गया,इसका शव यात्रा में टाटीझरिया के जेएमएम कार्यकर्ता एव सभी डीलर संघ शामिल हुए, वही सभी ने मिलकर शोक संवेदना व्यक्त किया , शोक संवेदनाएं व्यक्त करने वालों में जेएमएम प्रखण्ड अध्यक्ष सह बीस सूत्री अध्यक्ष रवि सिंह, प्रेम चन्द गुप्ता ,जगदीश यादव , कामेश्वर पांडेय , विजय प्रकाश मेहता , झमन राम सीता राम , रविंद्र यादव, सुखदेव ठाकुर , आदि सैकडो लोग शामिल थे।

## महूदी मामले में हिन्दू पक्ष के सभी नामजद अभियुक्त की हुई जमानत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** महुदी रामनवमी जुलूस विवाद में सभी हिन्दू पक्ष के नामजद 21 अभियुक्तों को माननीय न्यायालय द्वारा अग्रिम जमानत बाहर से दे दी गई है। थाना कांड संख्या 105/24 एवं 106/24 में नामजद हिंदू पक्ष के लोग न्यायालय की शरण में गए थे। आरोपित नामजद अभियुक्त में पुर्व विधायक लोकनाथ महतो, खेमलाल महतो, टुकेश्वर प्रसाद, बच्चन देव कुमार, सुनीता देवी, दामोदर प्रसाद मेहता, सीताराम राणा, रविकांत महतो, राजकुमार राणा, छात्रधारी राणा, रवि कुमार, आनंद महतो, चंद महतो, सुधीर राणा, ललिता देवी, रेखा देवी, भोला महतो, सिकंदर महतो, भोला महतो, सिकंदर महतो, प्रकाश महतो, खिरोधर महतो, देव कुमार राणा न्यायालय की शरण में गए थे। जहां पर सभी को अग्रिम जमानत बाहर से ही दे दी गई है। मामले को लेकर आरोपित रामभक्तो ने कहा कि महुदी रामनवमी जुलूस शोभायात्रा शांतिपूर्वक निकलने के बाद प्रशासन के द्वारा वापसी में भोले भाले निर्दोष रामभक्तो के ऊपर जानबूझकर मामले को जिंदा रखने के लिए झुठा केस कर फंसाया गया था। हम लोगों को न्यायालय के ऊपर पूर्ण भरोसा था और आगे भी सम्मान करते रहेंगे इसीलिए आज हम लोगों के ऊपर दो झूठे मुकदमे किए गए थे उनमें जमानत मिली है इसके लिए हम लोग न्यायालय का आभार प्रकट करते हैं एवं आगे भी शांतिपूर्वक महुदी आंदोलन को निरंतर जारी रखते हुए संघर्षरत रहेंगे। अधिवक्ता दामोदर कुमार सिंह, श्रवण कुमार एवं अंचल कुमार थे। इस मौके पर हजारीबाग न्यायालय के बाहर सैकड़ो की संख्या में सनातनी राम भक्त मौजूद थे।

## कलश यात्रा के साथ टाटीझरिया के मंडपा में शुरू हुई शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टाटीझरिया :** प्रखंड के धरमपुर पंचायत अंतर्गत मंडपा गांव में श्री श्री प्राचीन शिव मंदिर जिर्णोद्धार पुर्नप्रतिष्ठा यज्ञ का शुभारंभ शुक्रवार को भव्य कलश यात्रा के साथ किया गया. मंदिर प्रांगण में बने यज्ञशाला से 251 महिलाएं और कुंवारी कन्याओं ने अपने सिर पर कलश लेकर यात्रा शुरु की. कलश यात्रा होलंग के अरघवा नदी पहुंची, जहां आचार्य कृपाशंकर पांडेय, सोनु पांडेय, राजेश शास्त्री, नकुल शास्त्री, सुर्यकांत मणि त्रिपाठी, योगेन्द्र शुक्ला ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश में जल भराया. जिसके बाद यात्रा हर हर महादेव, जय शिव शंकर, जय महाकाल, जय श्री राम, जय हनुमान के जयकारों के साथ वापस मंदिर पहुंची. जहां यज्ञशाला में विधि विधान से कलश की स्थापना की गई. कलश यात्रा के दौरान पूरे क्षेत्र में भक्ति का माहौल बना रहे.

## उपायुक्त के जनता दरबार में लगभग एक दर्जन से अधिक फरियादियों ने दिया आवेदन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** समाहरणालय सभागार में शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। उपायुक्त नैन्सी सहाय के निर्देश पर सहायक निदेशक समाजिक सुरक्षा निवेदिता रॉय ने आमजनों की समस्याओं को सुना तथा इसके त्वरित समाधान के निदेश संबंधित अधिकारियों को दिया। इस अवसर पर शहरी सहित विभिन्न प्रखंड से आये लगभग एक दर्जन फरियादियों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन समर्पित किये। आवेदकों ने भूमि अतिक्रमण से सुरक्षा, भूमि त्रुटि सुधार, मारपीट, रोजगार प्रदान करने, दाखिल-खारिज, जमीन मापी, आवास, सरकारी योजना का लाभ सहित पेंशन आदि से संबंधित आवेदन देकर समाधान की मांग की।

**दुर्घटना में अपने पति को खोने वाली रूबी कुमारी ने मांगी सरकारी सहायता**

दुर्घटना में मृत्यु उपरांत आर्थिक संकट से जूझ रही कटकमदाग थाना क्षेत्र की रूबी कुमारी ने सरकारी सहायता एवं योजना से जोड़ने का अनुरोध किया। जिस पर उनके आवेदन को जिला समाज कल्याण विभाग को भेजते हुए उचित निर्णय लेने का निर्देश दिया गया।

वहीं बड़कागांव के दिव्यांग मासुम रजा ने आर्थिक तंगी का हवाला देते हुए विकालंगता पेंशन से जोड़ने का अनुरोध किया, जिसके आवेदन को समाजिक सुरक्षा को जांचोपरांत त्वरित कार्रवाई करते हुए लाभूक को योजना से जोड़ने का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही तिलैडीह के स्थानीय ग्रामीणों ने गैरमजूरवा जमीन के अतिक्रमण से बचाने, नूरा की मंजू देवी ने रोजगार से जोड़ने, कटकमदाग की कैली देवीन ने पड़ोसियों द्वारा जमीन के लेकर मारपीटर करने, जैबुन निशा लोहसिंघना ने जमीन मापी, नेहा देवी नावाडीह ने मारपीट एवं जान से मारने की धमकी मिलने, मालो देवी टाटीझरिया ने भतीजे के पिता के देहांत के उपरांत मकान विहीन होने आदि से संबंधित आवेदन देकर इसके समाधान का अनुरोध किया। मौके पर आये सभी आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को भेजते हुए जांचोपरांत त्वरित करने का निर्देश दिया गया।

## मुखिया शमशेर आलम ने खिलाड़ियों के बीच किया फुटबॉल जर्सी का वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही पश्चिमी पंचायत के मुखिया शमशेर आलम ने आर्यन क्लब बारीडीह के खिलाड़ियों के बीच फुटबॉल जर्सी व कीट का वितरण किया। मौके पर उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि फुटबॉल खेल खेलने से शरीर स्वस्थ व मन शांत रहता है। इसलिए सभी युवाओं को फुटबॉल का खेल खेलना चाहिए। वही कहा कि हम चाहते हैं कि हमारे पंचायत से युवा फुटबॉल खिलाड़ी निकले और राज्य व देश स्तर पर नाम रोशन करें। मौके पर वार्ड सदस्य प्रतिनिधि इंद्रदेव भुइंया एवं मुखिया प्रतिनिधि टिंकू आलम भी मौजूद थे।

## डायन-बिसाही, गाली-गलौज व मारपीट करने के आरोप में पीड़िता ने थाना में दिया आवेदन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही थाना क्षेत्र के धनवार गांव निवासी हेवन्ती देवी पति राजन रविदास ने बरही थाना में आवेदन देकर अपने गोतिया पर डायन भूत कहकर गाली गलौज करते हुए मारपीट करने एवं जान से मारने के प्रयास का आरोप लगाया है। आवेदन में उन्होंने बताया है कि में स्वयं सहायता समूह की सदस्य हूं, में स्वयं के गारंटर पर अपने पड़ोसी व गोतिया उर्मिला देवी पति सुभाष दास को महिला स्वयं सहायता समूह के सहयोग से तीन हजार सहयोग राशि का लाभ दिलवाया था। जब राशि जमा करने बोले तो उर्मिला देवी व उनके पति सुभाष दास व निर्मल रविदास व इनकी पत्नी तेतरी देवी, प्रकाश रविदास, किशुन रविदास समेत 10 से 12 लोगो के द्वारा घर के सामने आकर डायन-बिसाही का आरोप लगाते हए एवं अश्लील गाली-गलौज करते हुए दरवाजा तोड़ने का प्रयास करने लगे। घर से निकलते ही सभी लोग मुझपर हावी हो गए और हाथापाई करने लगे। बचाव करने आए मेरे पुत्र रोहित कुमार दास व पुत्रवधु के साथ भी हाथापाई किया गया। इधर आवेदन के आधार पर बरही थाना में कांड संख्या 290/24 मामला दर्ज कर लिया गया है। वहीं पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है। इधर उर्मिला देवी ने भी बरही थाना में गलौज मारपीट करने को लेकर बरही थाना में आवेदन दिया है। जिसमें हैवंती देवी पति राजन रविदास, राजन रविदास पिता स्व. महावीर रविदास, सिकंदर कुमार दास, रोहित कुमार दास दोनों के पिता राजन रविदास के ऊपर मारपीट व गाली गलौज करने का आरोप लगाया है।

## विष्णुगढ़ में हर घर नल योजना विफल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड में केंद्र सरकार की अतिमहत्वपूर्ण हर घर नल योजना अधर में लटकी है। इस योजना में ठेकेदारों के द्वारा भारी अनियमितता खुली आँखों से देखी जा सकती है।प्रखण्ड के भिन्न-भिन्न पंचायतो में जल -नल योजना का बुरा हाल है।जलमीनारे तो खड़ी कर दी गई है,परन्तु नल तक जल पहुँचा ही नही,और अगर कहीं-कहीं जलमीनार से पानी दी जा रही है,तो सभी लाभुकों को इसका लाभ नही मिल पा रहा। इस भारी अनियमितता के विरुद्ध प्रखण्ड के तमाम मुखिया ने बैठक कर इस विकराल एवं ठेकेदारों के विरुद्ध कदम उठाने की बात कही गई। जिसको अमलीजामा पहनाते हुए विष्णुगढ़ मुखिया संघ अध्यक्ष उत्तम कुमार महतो एवं विष्णुगढ़ मुखिया संघ सचिव निर्मल कुमार समेत चार सदस्यीय दल ने जिसमे शामिल कुसुम्भा मुखिया दुलारचंद महतो तथा बकसपुरा मुखिया नन्हकू महतो शामिल रहे। उपरोक्त सभी ने आज 05 जुलाई 2024 को हज़ारीबाग उपायुक्त महोदया नैंसी सहाय को एक्सक्यूटिव मजिस्ट्रेट के माध्यम से लिखित शिकायत सौपा गया। इसकी जानकारी देते हुए विष्णुगढ़ मुखिया संघ अध्यक्ष उत्तम कुमार महतो ने कहा कि अभी तो जल नल योजना में लिप्त संवेदकों के गलत कार्यशैली के खिलाफ आवेदन दिया गया है। जनसरोकार से जुड़े मुद्दे पर जल्द कार्यवाही नही हुई तो यह आंदोलन का रूप भी ले सकती है।जिसकी पूरी जवाबदेही आला-अधिकारियों की होगी। आम जनता ने हमे चुनकर जो जिम्मेदारी दी उससे हम पीछे कदम नही हटा सकते।इस लीपापोती वाली योजना पर जल्द संज्ञान लिया जाय,जो जनहित में भी है। इस मुद्दे पर गंभीर चर्चा करते हुए विष्णुगढ़ मुखिया संघ सचिव ने कहा करोड़ो की इस योजना में जो भ्रष्टाचार हुआ या हो रहा है, इसमें ऊपर से लेकर नीचे तक के भी अधिकारी शामिल हो सकते है,वर्ना इतनी हिम्मत इन ठेकेदारों को कहाँ से मिल रही है,ये सोचनीय प्रश्न है। सबसे बड़ा प्रश्न तो तब उठता है,जब पंचायत में हर घर नल योजना होनी हो और मुखिया को इस कार्य से अलग-थलग रखा जाना क्या साबित करता है ?

## सेवा सहयोग समिति के द्वारा चार छात्र छात्राओं को दिया गया स्कॉलरशिप



**हजारीबाग :** सेवा सहयोग समिति के द्वारा जैक माध्यमिक परीक्षा में सदर विधानसभा क्षेत्र के समस्त प्रखंडों में सफल हुए विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया था इसके उपरांत सभी विद्यार्थियों का एक सामूहिक परीक्षा लिया गया जिसमें डेढ़ सौ विद्यार्थी शामिल हुए थे। जिसमें चार विद्यार्थियों को सेवा सहयोग समिति के द्वारा स्कॉलरशिप प्रदान किया गया। इस स्कॉलरशिप में विद्यार्थी की पढ़ाई से संबंधित सारा खर्चा सेवा सहयोग समिति प्रदान करेगी विद्यार्थी के रहने की व्यवस्था उन्हें स्वयं करनी होगी।

**इन विद्यार्थियों को मिला है स्कॉलरशिप :** मुस्कान सिंह पिता अजीत कुमार दारू प्रखंड, पिता प्राइवेट ट्यूशन का कार्य करते हैं, नंदनी कुमारी पिता स्वर्गीय विनोद साहू कृष्णा नगर कटकमदाग प्रखंड, रोशनी सिंह पिता अरविंद कुमार सिंह पिता ट्रक चालक है,अंतू कुमार पिता राजेश कुमार मेहता सदर प्रखंड पिता किसान है। मौके पर युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा ने कहा कि सेवा सहयोग समिति द्वारा चार बच्चों को स्कॉलरशिप प्रदान किया गया है जिसमें प्राइवेट टीचर,किसान एवं ट्रक चालक के बच्चे शामिल है बच्चों के उज्जवल भविष्य की हम सभी कामना करते हैं साथ ही उन्हें पढ़ाई के लिए हर संभव मदद करने के लिए हम लोग सदैव तैयार हैं। बच्चों के चेहरे पर एक अलग उत्सव और उमंग देखने को मिला है आने वाले दिनों में यह आंकड़ा और भी बढ़ाया जाएगा।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# सयुक्त मोर्चा के बैठक की तैयारी संपन्न

**गिद्दी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** वाशरी कॉलोनी में मासस कार्यालय में संयुक्त मोर्चा की बैठक की गई जिसकी अध्यक्षता मोर्चा के संयोजक सुंदरलाल बेदिया ने किया। बैठक में शनिवार को गिद्दी दुर्गा मंडप में मोर्चा के 149 दंगलो के मजदूरो के साथ होने वाली बैठक की तैयारी को लेकर चर्चा किया गया। साथ ही मजदूरों से बैठक को सफल बनाने के लिए ज्यादा से ज्यादा संख्या में जुड़ने की अपील की गई। बैठक में पाचु राणा, प्रदीप रजक, नेमन यादव, विजय प्रसाद, अजीत प्रजापति, राजेंद्र गोप, आर डी मांझी, शाहिद अंसारी, सोहराई मांझी, गुलाम मुस्तफा, रामप्रवेश गोप,दिनेश्वर महतो, गणेश महतो, कोलेश्वर भुईया,गणेश भुइयां,रामप्रसाद सिंह, आदि मोर्चा के सदस्य उपस्थित थे।



# 37 लाख की लागत से बना हुआ पुलिया धराशाही

**भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड राज्य के रामगढ़ में इन दिनों भ्रष्टाचार का बोलबाला चरम पर है, रामगढ़ जिला के पतरातू प्रखंड अंतर्गत साकी गांव के बुच टोला में बने हुए पीसीसी सड़क और पुल भ्रष्टाचार का चढ़ा भेंट, संविदा के द्वारा कार्य में की गई घोर अनियमितता दिखाई दे रही हैं पहली बरसात में ही पुल हुआ धराशाही हो गया। साकी गांव के बुच टोला में बना हुआ पुलिया पूरी तरीका से हुआ क्षतिग्रस्त , पुल के बने हुए महज 10 दिन ही हुए थे और पुल पूरी तरीका से बीचों-बीच फट गया है इसको लेकर ग्रामीणों में रोश देखा जा रहा है। अब देखना है कि ग्रामीण विकास विभाग संवेदक पर क्या कार्रवाई करता है। यह विभाग द्वारा मामले को लीपा पोती कर दबा दिया जाएगा।



# यूसीडब्लू कार्यक्रम में संयुक्त मोर्चा की हुई बैठक

**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उरीमारी के चेकपोस्ट स्थित युनाइटेड कोल वर्कश युनियन कार्यालय में शुक्रवार को संयुक्त मोर्चा कि बैठक हुई। वहीं इस बैठक कि अध्यक्षता विंध्याचल बेदिया व संचालन बासुदेव साव ने किया। वहीं सभी नेताओं ने एक स्वर में कहा कि बरका सयाल प्रबंधन पुर्णरूपेण निष्क्रिय हो चुकी है। बरकासयाल में संचालित समिति कार्य नहीं कर रहा है। जैसे एसीसी, वेल्फेयर, सेफ्टी कमिटी कि कोई भी बैठक नहीं हो पा रही है। मजदूरो का कार्य बाधित हो रहा है। प्रबंधक व युनियन कि वार्ता नहीं हो रही है। सीसीएल प्रबंधन मजदूर विरोधी कार्य कर रही है। जिसका संयुक्त मोर्चा विरोध करता है। संयुक्त संगठन मोर्चा बरकासयाल क्षेत्र में क्रमवार तरीके से आंदोलन करेगी। वहीं अगली बैठक 13 जुलाई को होगी। वहीं इस बैठक में अशोक गुप्ता, संजय वर्मा, संजय मिश्रा, अर्जुन सिंह आदि दर्जनों लोग मौजूद थे।



# पत्रकार समाज का दर्पण होता हैं : एसपी

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रेस क्लब रामगढ़ का वार्षिक आम सभा शुक्रवार को प्रेस क्लब के सभागार में उल्लास के साथ संपन्न हुई। समारोह की अध्यक्षता प्रेस क्लब के अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, संचालन दिलीप सिंह एवं दुर्वेज आलम ने संयुक्त रूप से किया। बतौर मुख्य अतिथि रामगढ़ के एसपी डॉ विमल कुमार एवं बतौर विशिष्ट अतिथि अधिवक्ता संघ के वरीय अधिवक्ता बंशीधर गोप मुख्य रूप से उपस्थित थे। समारोह की शुरुआत मुख्य अतिथि एसपी डॉक्टर विमल कुमार एवं वरीय अधिवक्ता बंशीधर गोप ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर की। जबकि, अतिथियों का स्वागत प्रेस क्लब रामगढ़ के अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, सचिव योगेंद्र कुमार सिन्हा ने गुलदस्ता और मोमेंटो देकर किया। प्रेस क्लब की वार्षिक आमसभा को संबोधित करते हुए रामगढ़ एसपी डॉक्टर विमल कुमार ने कहा की प्रेस क्लब के वार्षिक आमसभा में आया हूं। क्लब को मैं हर संभव सहयोग करने का वचन देता हूं। हमसे जिस प्रकार के सहयोग की आवश्यकता होगी, मैं करने के लिए तैयार हूं । साथ ही राष्ट्रगान गान की समाप्त के बाद समारोह समाप्त हुई। बताया गया कि समारोह में गोदावरी कमोडिटी और जयनंदनी कमोडिटीज़ प्राइवेट लिमिटेड का उल्लेखनीय सहयोग रहा। समारोह में भारी संख्या में पत्रकार एवं छायाकार उपस्थित थे। कृप्या अपने हिसाब से उपस्थित पत्रकारों का नाम लिख लेंगे।



**लंबे समय से पत्रकारिता करनेवाले पत्रकारों को किया गया सम्मानित**

पंडित देवदत्त ज्योतिष कार्यालय गोला के दिवंगत पंडित प्रभाकर मिश्र की स्मृति में पत्रकार मनोज मिश्र के परिवार की ओर से पत्रकारिता जगत के भीष्म पितामह स्वतंत्रता सेनानी आज अखबार के संस्थापक संपादक पंडित बाबूराव विष्णु पराड़कर सम्मान में क्षेत्र के वरिष्ठ पत्रकारों को सम्मानित किया गया। सम्मान पाने वाले पत्रकारों में प्रभात खबर रामगढ़ के मनोज सिंह, रांची एक्सप्रेस रजरप्पा के प्रदीप बर्मन, हिंदुस्तान रामगढ़ के अशोक मेहता, प्रभात खबर रजरप्पा के सुरेंद्र कुमार, हिंदुस्तान गिद्दी के नंदकिशोर पाठक, प्रभात खबर गिद्दी के अजय कुमार को सम्मानित किया गया। पत्रकार मनोज मिश्रा ने बताया कि यह सम्मान पूरे प्रदेश के सभी जिलों के 10-10 पत्रकारों को प्रतिवर्ष सम्मान किया जाएगा।

# भाजपा जिला की विशेष बैठक संपन्न, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह रहे उपस्थित

**कार्यकर्ता हीं पार्टी के प्राण हैं और मैं इनके सम्मान की रक्षा करूंगा : शिवराज सिंह चौहान**

**अगर हम 2024 का विधानसभा चुनाव नही जीते तो झारखंड भी बंगाल बन जाएगा : मनीष जयसवाल**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रामगढ :** शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ जिला कार्यसमिति बैठक संपन्न हुई जिसकी अध्यक्षता एवं स्वागत भाषण जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता, मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय कृषि मंत्री,झारखंड विधानसभा चुनाव प्रभारी सह मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान,विशिष्ट अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद,प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह,हजारीबाग लोकसभा सांसद मनीष जयसवाल,प्रदेश प्रवक्ता अविनेश सिंह,जिला प्रभारी शशिभूषण भगत मंचस्थ हुए। कार्यक्रम का मंच संचालन महामंत्री रंजन फौजी,एवं धन्यवाद महामंत्री खिरोधर साहू, रामगढ़ जिला कार्यालय में आयोजित इस अति महत्वपूर्ण बैठक में विधानसभा चुनाव प्रभारी के रूप में उपस्थित हुए। शिवराज सिंह चौहान ने सर्वप्रथम जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश के नेताओं के साथ जिला कार्यालय परिसर में फलदार पौधारोपण किया तत्पश्चात महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष लक्ष्मी देवी के नेतृत्व में सभी महिला पदाधिकारियों ने अतिथियों का तिलक लगाकर पुष्पवर्षा एवं मंचस्थः सभी अतिथियों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।बैठक की शुरुआत महापुरुष पंडित श्यामाप्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं भारत रत्न से सम्मानित पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई की तश्वीरों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ सत्र की शुरुआत हुई।बैठक के पहले सत्र में अपनी सादगी को अपनी पहचान बना चुके शिवराज सिंह ने कार्यसमिति बैठक में उपस्थित जिला के सभी पदाधिकारियों की सत प्रतिशत उपस्थित से प्रसन्न हुए और सभी से परिचय प्राप्त करने के साथ हीं पिछले दिनों संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा की स्थिति की जानकारी सभी मंडल अध्यक्षों से विस्तार पूर्वक लेते हुए बताया की हमारा ध्यान हर बूथ पर केंद्रित रहना चाहिए और जहां हम कमजोर हैं वहां हम सभी को मिल कर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है।लोकसभा चुनाव में जीत को कार्यकर्ताओं की जीत बताते हुए उपस्थित पदाधिकारियों का मनोबल को ऊंचा रखने का निर्देश देते हुए बताया इस बार हम तीनों विधानसभा में जीत का परचम लहराने वाले हैं। क्योंकि आज से अगले तीन महीने तक हर जिला,मंडल और बूथ स्तर तक के लिए प्रवासी पदाधिकारियों को इसकी जिम्मेवारी सौंपी जाएगी जो अगले विधानसभा चुनाव तक वहां पूर्णकालिक बनकर प्रवास पर रहेंगे। जिससे उनके कार्यक्षेत्र अंतर्गत आने वाले हर परिवार और हर एक व्यक्ति से उनका सीधा संबंध स्थापित होगा। दूसरे सत्र में उपस्थित वरिष्ट और प्रमुख कार्यकर्ताओं के साथ परिच्यात्मक बैठक हुई।बैठक को संबोधित करते हुए हजारीबाग लोकसभा सांसद मनीष जयसवाल ने कहा की देश के चुनिंदे नेताओं में शुमार शिवराज सिंह चौहान का चुनाव प्रभारी बनकर हमारे बीच आना हीं हमारी उपलब्धि है। साथ हीं लोकसभा चुनाव की तरह हीं विधानसभा चुनाव को भी हमे एक चैलेंज के रूप के लेना है।बैठक में मुख्य रूप से जिला के ब्वरिष्ट नेता रंजीत कुमार सिन्हा,रामगढ़ विधानसभा में पूर्व भाजपा प्रत्यासी रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू,अमरेंद्र गुप्ता,चंदशेखर चौधरी,डॉक संजय कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

# क्षेत्र के विकास का पैमाना होती है सड़कें : अंबा प्रसाद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भुरकुंडा :** पतरातू प्रखंड की सुदूरवर्ती कंडेर पंचायत अंतर्गत छोटकी सिधवार से बंजारी मंदिर तक जाने वाली ग्रामीण पथ का शिलान्यास गुरुवार को विधायक अंबा प्रसाद ने फीता काट और नारियल फोड़ कर किया। इस सड़क का निर्माण मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत क्लासिक यूनिकोन कंपनी से कराया जा रहा है। मौके पर विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि किसी भी क्षेत्र के विकास का पैमाना सड़कें ही होती हैं। उक्त सड़क के जर्जर रहने से यहां के ग्रामीणों को आवागमन में काफी परेशानी होती थी।उन्होंने कहा कि इस सड़क को बनाने की मांग लंबे समय से ग्रामीण करते आ रहे थे। उक्त सड़क के बन जाने से छोटकी सिधवार, सिधवार कला, सिउर, कच्चुदाग, पुरनाडीह के ग्रामीणों के साथ-साथ अन्य ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को भी आवागमन में काफी सुविधा होगी। खासकर फायरिंग रेंज आने जाने वाले सेना को भी फायदा होगा। इससे पूर्व विधायक का स्वागत सरना मंडली के महिलाओं और पुरुषों ने बंधु



पाहन के नेतृत्व में मांदर की थाप पर आदिवासी परंपरा से उनका स्वागत किया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि हसीब अंसारी, जिला सचिव मो सफाकत, युवा प्रकोष्ठ प्रखंड अध्यक्ष मुख्तार अंसारी, पंचायत अध्यक्ष रमेश बेदिया, सचिव मंटू बेदिया, राजेंद्र बेदिया, प्रयाग बेदिया, रामनाथ मुंडा, सुनील गंझू, विजय महतो, रामकिशुन मुंडा, नरेश बेदिया, सद्दाम अंसारी, सुरेंद्र बेदिया, अजय महतो, सन्नी सिंह, मो सरफुद्दीन, सबिता देवी, मालती देवी, सरिता देवी, रीता देवी, बबीता देवी, मंजू देवी, चमेली देवी आदि मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के तहत उपायुक्त की अध्यक्षता में हुआ बैठक का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के तहत शुक्रवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित ब्लॉक बी सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया।बैठक के दौरान उपायुक्त ने सर्वप्रथम अब तक मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के तहत हुए लाभुकों के पंजीकरण की जानकारी ली। इस दौरान उपायुक्त ने अंचलवार संबंधित अंचल अधिकारियों, प्रखंड सहकारिता पदाधिकारियों सहित अन्य अधिकारियों को लाभुकों को योजना का लाभ देने हेतु आवेदनों के सत्यापन का कार्य जल्द से जल्द



पूर्ण करते हुए जिला स्तर पर आवेदनों को भेजने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने सत्यापन के दौरान मुख्य रूप से आवेदक का नाम, बैंक खाता संख्या, आईएफएससी कोड आदि पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। वही उपायुक्त ने झारखंड फसल राहत योजना के तहत रामगढ़ अंचल के लाभुकों को लाभ देने हेतु हो रहे सत्यापन कार्यों की समीक्षा करते हुए जल्द से जल्द कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिये।

# राज्य में बढ़ती अव्यवस्था एवं भ्रष्टाचार के खिलाफ होगा हल्ला बोल : दिलीप दांगी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** आजसू पार्टी के रामगढ़ जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी ने शुक्रवार को जिला कार्यालय रामगढ़ में प्रेस कॉन्फ्रेंस किया।प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए दिलीप दांगी ने कहा कि राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ एवं विभिन्न जनहित के मांगों को लेकर आज 06 जुलाई को पार्टी के द्वारा अनुमंडल कार्यालय रामगढ़ में हल्ला बोल कार्यक्रम किया जाएगा। राज्य सरकार हर मोर्चे पर विफल है, जनहित की योजनाएं धरातल पर नहीं हैं, राज्य में जमीन दाखिल - खारिज हेतू लाखों आवेदन लंबित हैं, अबुआ आवास योजना में पारदर्शिता नहीं है, मनरेगा का भुगतान नहीं हो रहा, छात्र - छात्राओं को जाती एवं आवासीय प्रमाण पत्र बनवाने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा, किसानों को खाद एवं बीज की आपूर्ति समय पर नहीं हुई है, जिले सहित पूरे राज्य में बिजली आपूर्ति व्यवस्था चरमराई हुई है, सरकारी कार्यालयों में कर्मियों की



उपस्थिति नगण्य रहती है अथवा समय से नही रहती है जिससे दूर दराज से आने वाले ग्रामीणों का काम समय पर नहीं हो पाता, सरकारी योजनाओं में झारखंड आंदोलनकारियों को प्राथमिकता नहीं दी जा रही है, पेंशनधारियों का पेंशन निर्बाध रूप से भुगतान नहीं किया जा रहा, राशन कार्ड धारियों को समय पर राशन उपलब्ध नहीं कराया जा रहा, राशन की कटौती की जा रही है, सैंकड़ों चापानल खराब पड़े हैं। ऐसी सैंकड़ों जनहित के मुद्दे पर राज्य सरकार गंभीर नहीं है जिसके आलोक में पार्टी के द्वारा राज्य स्तरीय हल्ला बोल कार्यक्रम किया जा रहा है। इस क्रम में आज 06 जुलाई को रामगढ़ अनुमंडल कार्यालय में भी पार्टी के द्वारा हल्ला बोल कार्यक्रम किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान लिखित मांग पत्र अनुमंडल पदाधिकारी को सौंपा जायेगा। उक्त कार्यक्रम में सैंकड़ों कार्यकर्ता एकजुट होकर प्रदर्शन करेंगें। इस मौके पर नगर परिषद अध्यक्ष राजेश कुमार महतो, अरविंद महतो,नीतीश निराला मनोज कुमार महतो, कुंदन कुशवाहा, अंकित अग्रवाल,अरुण दांगी, लालू कुमार महतो,संजय सिंघानिया,नीतीश दांगी, अजय आस्था, संजीत पटेल,मनीष पटेल, कुलदीप महतो आदि थे ।


**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–2, राँची**

**निविदा / कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या–10 / 2024–25**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, रॉची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक 26.07.2024 को 1.00 बजे अपराह्न तक
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 27.07.2024 का 3.00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 27.07.2024 को 3.30 बजे अपराह्न।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : 1) अधीक्षण अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–2, रॉची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा 2) कार्यपालक अभियन्ता,भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, रॉची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष रॉची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : नगर नियंत्रण कक्ष रॉची, कार्यपालक अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, रॉची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा।
7. निविदा खोलने का स्थान : अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय
8. कार्य की विवरणी :

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू.) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू.) | अग्रधन की राशि (रू.) | कार्य समाप्ति की अवधि। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of "B" Type Qtr. No.-1945 (G.Fl.) in Sector-2 at HEC, Dhurwa, Ranchi | 381000.00 | 750.00 | 8000.00 | 1 Month |
| 2 | Renovation of B-Type Qtr. No.-2555 (S.F) at Sector-2, HEC, Dhurwa, Ranchi | 327300.00 | 750.00 | 7000.00 | 1 Month |
| 3. | Renovation of E Type Qtr. No.-223 (G. Fl) in Sector-2 at HEC, Dhurwa, Ranchi | 2735700.00 | 5000.00 | 55000.00 | 3 Months |

नोट :निविदा की शर्तें http://www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

कार्यपालक अभियन्ता
भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्डल संख्या–2, राँची

PR 328755 (Building) 24-25 (D)



**झारखण्ड सरकार**
**कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, लोहरदगा**
**फीड बेस्ड फिशरीज योजना के तहत् फैक्ट्री उत्पादित फ्लोटिंग फीड के क्रय पर अनुदान**

झारखण्ड सरकार, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) के राज्यादेश संख्या–04रा(वि0), दिनांक–30.05.2024(तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजना, वित्तीय वर्ष 2024–25) अंतर्गत फीड बेस्ड फिशरीज योजना में जिला–लोहरदगा को विभिन्न तकनीकों से मत्स्य बीज/मत्स्य उत्पादन/मत्स्य पालन करने वाले कृषकों के लिये फार्मूलेटेड फ्लोटिंग फीड के क्रय पर सरकारी अनुदान दिया जाना है। इस योजना के तहत् सक्रिय मत्स्य बीज उत्पादक/मत्स्य पालक/रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम (RAS) संचालक/बायोफ्लॉक टैंक (Biofloc Tank) संचालक/बायोफ्लॉक तालाब (Biofloc Pond) संचालकों द्वारा फैक्ट्री उत्पादित फ्लोटिंग फीड का क्रय करेंगे तथा लाभुक के साथ फोटोग्राफ एवं GST अभिश्रव कार्यालय में समर्पित करेंगे जिसके विरुद्ध राज्यादेश में प्रावधान अनुसार अनुदान की राशि लाभुकों के बैंक खाते में डी0बी0टी0 की जाएगी। आवेदक अपना पूर्व का मत्स्य उत्पादन का आकड़ा समर्पित करेंगे।

यह योजना पहले आओ पहले पाओ की तर्ज पर क्रियान्वित होगी। योजना से संबंधित अधिक एवं विस्तृत जानकारी जिला मत्स्य कार्यालय, लोहरदगा से प्राप्त की जा सकती है।

| क0 | मात्स्यिकी क्रियाएँ | फ्लोटिंग फीड का आकार | फीड का क्रय सरकारी/खुला बाजार से | अधिकतम मत्स्य आहार कि0ग्रा0 में | अधिकतम अनुदान प्रति कि0ग्रा0 (राशि रुपये में) | अधिकतम कुल अनुदान राशि रु0 में | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मत्स्य पालक/केज मत्स्य पालक | 24 प्रतिशत प्रोटीन गुणवत्तायुक्त 2 mm से बड़े 4 mm तक | विभाग द्वारा स्थापित फीड मिल/झास्कोफिश से उत्पादित फिश फीड/प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना अंतर्गत सरकारी अनुदान से स्थापित फिश फीड मिल | – | 50 प्रतिशत अथवा 25/– रु0 | – | – |
| 2 | मत्स्य पालक | 2 mm अथवा इससे छोटे साईज के फीड | खुला बाजार से फैक्ट्री उत्पादित फीड | 700 | 50 प्रतिशत अथवा 25/– रु0 | 17500/– | – |
| 3 | केज मत्स्य पालक | 2 mm से बड़े 4 mm तक | खुला बाजार से फैक्ट्री उत्पादित फीड | 1200 | 50 प्रतिशत अथवा 25/– रु0 | 30000/– | दूसरे Crop से मछली उत्पादन के लिए |
| 4 | रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम(RAS) | 4 mm तक | खुला बाजार से फैक्ट्री उत्पादित फीड | 90 $m^3$ के प्रति टैंक (अधिकतम 08 टैंक) के लिए 650 किग्रा प्रति टैंक | 25/– रु0 | – | दूसरे Crop से मछली उत्पादन के लिए |
| 5 | बायोफ्लॉक टैंक | 4 mm तक | खुला बाजार से फैक्ट्री उत्पादित फीड | 10 $m^3$ के प्रति टैंक (अधिकतम 50 टैंक) के लिए 100 किग्रा प्रति टैंक | 25/– रु0 | – | दूसरे Crop से मछली उत्पादन के लिए |
| 6 | बायोफ्लॉक तालाब | 4 mm तक | खुला बाजार से फैक्ट्री उत्पादित फीड | अधिकतम 2000 किग्रा0 प्रति 0.1 हे0 बायोफ्लॉक तालाब | 25/– रु0 | – | दूसरे Crop से मछली उत्पादन के लिए |

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, लोहरदगा

PR 328798 Fish(24-25)#D



**जिला गव्य विकास कार्यालय, हजारीबाग**

**''आम सूचना''**

सरकार के सचिव, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग), झारखण्ड रांची के 14 रा0(वि0) दिनांक 01.07.2024 के आलोक में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024–25 के तहत् ग्रामीण स्तर पर युवाओं/महिलाओं को स्वनियोजित कर आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से अनुदानित/लाभुक अंशदान पर संचालन हेतु गव्य प्रक्षेत्र की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित होने हेतु विहित प्रपत्र में आवेदन भरकर सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के अंदर आमंत्रित किया जाता है :–

| क्र0 | योजना का नाम | योजना का लागत राशि | लक्ष्य | | | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 50 प्रतिशत अनुदान | 75 प्रतिशत अनुदान | 90 प्रतिशत अनुदान | |
| 1 | 02 गाय/भैंस वितरण की योजना | 135050/- | 0 | 120 | 35 | |
| 2 | 05 गाय/भैंस वितरण की योजना | 337625/- | 30 | 10 | 0 | |
| 3 | 10 गाय/भैंस वितरण की योजना | 675250/- | 4 | 4 | 0 | |
| 4 | हस्तचालित चैफ कटर | 8000/- | 0 | 60 | 50 | |
| 5 | विद्युतचालित चैफ कटर | 20000/- | 0 | 50 | 33 | |
| 6 | मिल्कींग मशीन (4 बकेट) | 120000/- | 0 | 3 | 2 | |
| 7 | पनीर एवं खोवा मेकिंग यूनिट (1 सेट) | 100000/- | 0 | 2 | 2 | |
| 8 | वर्मी कम्पोस्ट यूनिट 3 M × 2M × 1M | 25000/- | 0 | 130 | 75 | |
| 9 | डीप बोरिंग यूनिट | 100000/- | 0 | 35 | 25 | |
| 10 | काउ मैट 6.5"X4.0' | 5200/- | 0 | 10 | 6 | |

**चयन हेतु अहर्त्ताए एवं प्रक्रिया :–**

- ग्रामीण क्षेत्र के इच्छुक लाभुकों को योजना का लाभ नियमानुसार चयनोंपरांत दिया जाएगा।
- पशुपालक झारखण्ड राज्य के हजारीबाग जिला का स्थानीय निवासी होना अनिवार्य है।
- जिला के लाभुकों का चयन ग्राम सभा द्वारा किया जायेगा।
- योजनावार/प्रखण्डवार निर्धारित लक्ष्य के आलोक में लाभुकों का चयन प्रखण्ड स्तरीय समिति के अनुशंसा उपरांत उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय चयन समिति द्वारा अनुमोदन प्राप्त होने पर योजना का लाभ दिया जायेगा।
- जिला स्तरीय चयन समिति से अनुमोदन उपरांत लाभुक अंशदान की राशि एक माह के अंदर संबंधित खाता में जमा कराना होगा।
- सभी योजनाओं का अनुदान राशि DBT के माध्यम से लाभुकों के Escrow Account में हस्तांरित की जायेगी।
- विगत पाँच वर्षों में जिन परिवारों (JSFSS/NFHS अन्तर्गत परिभाषित) द्वारा अनुदान का लाभ लिया गया है, उन्हें पुनः अनुदान अनुमान्य नहीं होगा।
- योजनान्तर्गत दुधारू पशु के निवास के लिए शेड, आवास आदि की व्यवस्था मनरेगा अभिसरण के तहत् की जाएगी।

**02 गाय की योजना :–**

- इस योजना में सिर्फ महिलाओं को आच्छादित किया जाना है।
- 90% के अनुदान की योजना सिर्फ दिव्यांग/आपदा/आगलगी/सड़क दुर्घटना/परित्यक्त से प्रभावित सभी ग्रामीण महिला को दिया जायेगा। (प्रमाण पत्र अनिवार्य)
- 75% के अनुदान की योजना सभी ग्रामीण महिला लाभुकों को लाभ दिया जायेगा।

**05/10 गाय की योजना :–**

- 50% के अनुदान की योजना सभी सामान्य वर्ग के महिला–पुरुष/स्वयं सहायता समूह/सहकारी समितियों के सदस्यों जो पूर्व से पशुधन गतिविधि से जुड़े को प्राथमिकता के आधार पर योजना का लाभ दिया जायेगा।
- 75% के अनुदान की योजना सभी अनुसूचित जातियों के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति को योजना से आच्छादित किया जाना है। (प्रमाण पत्र अनिवार्य)

**अन्य योजनाएं (पशुआहार एवं चारा विकास/प्रगतिशील डेयरी कृषकों की सहायता योजना) :–**

- 75% के अनुदान की योजना सभी सामान्य वर्ग के महिला–पुरुष/स्वयं सहायता समूह/सहकारी समितियों के सदस्यों जो पूर्व से पशुधन गतिविधि से जुड़े को प्राथमिकता के आधार पर योजना का लाभ दिया जायेगा।
- 90% के अनुदान की योजना अनुसूचित जातियों के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति को योजना से आच्छादित किया जाना है। (प्रमाण पत्र अनिवार्य)

नोट :– उपरोक्त योजनाओं के आवेदन करने एवं अधिक जानकारी हेतु संबधित प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी/भ्रमणील पशु चिकित्सा पदाधिकारी/जिला गव्य विकास कार्यालय, हजारीबाग से सम्पर्क करेंगे।

जिला गव्य विकास पदाधिकारी
हजारीबाग

PR 328747 Animal Husbandry (24-25)_D

# राज्यस्तरीय ताईक्कांडो प्रतियोगिता के लिए गिरिडीह टीम रांची के लिए रवाना



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शुक्रवार को गिरिडीह ज़िले से रांची के आईडियल इंटरनेशनल स्कूल में 5 जुलाई से 7 जुलाई तक होने वाले 23वी झारखंड राज्यस्तरीय सब जूनियर और जूनियर ताईक्कांडो प्रतियोगिता के लिए आज गिरिडीह से 11 सदस्यीय टीम रांची के लिए रवाना हुई।गिरिडीह ज़िला ताईक्कांडो संघ के महासचिव अमित स्वर्णकार ने बताया की दिनांक 5 से 7 जुलाई तक रांची के आइडियल इंटरनेशन स्कूल में होने वाले 24वी झारखंड राज्यस्तरीय सब-जूनियर और जूनियर ताईक्कांडो प्रतियोगिता के लिए गिरिडीह की टीम रांची के लिए रवाना हुए इसमें कुछ खिलाड़ी कार से तो कुछ खिलाड़ी ट्रेन से रांची के लिए निकले। इस टीम में 3 बालिका खिलाड़ी नव्या सिंह, काव्या सिंह, तानसी तानी और 6 पुरुष खिलाड़ी नयन भट्टाचार्य, अभिजित सिंह,सुभम यादव और ओमकार वर्मा, प्रिंस कुमार और 2 कोच आकाश कुमार स्वर्णकार, रोहित राय शामिल है। उन्होंने बताया की ये प्रतियोगिता तीन दिनों तक चलेगी जिसमे पूरे झारखंड के अलग अलग जिला से लगभग 600 खिलाड़ी भाग लेगे और स्वर्ण पदक जीत कर राष्ट्रीय ताईक्कांडो प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान झारखंड टीम में पक्का करेंगे। उन्होंने जानकारी देते हुए कहा की गिरिडीह टीम में शामिल कुछ खिलाड़ी पहले से कई प्रतियोगिता खेल चुके है तो उन्हे काफी अनुभव है इसलिए ये विश्वास है की वो स्वर्ण पदक जीत कर अपना स्थान झारखंड टीम में बनाने में कामयाब जरूर होगे वही कुछ खिलाड़ी पहली बार राज्यस्तरीय प्रतियोगिया खेलने गए पर उन्होंने मेहनत बहुत की है इसलिए उनसे भी पूरी उम्मीद है की वो भी पदक जीत कर एक बार फिर गिरिडीह जिला का नाम रौसन करेंगे। गिरिडीह जिला संघ के संरक्षक निर्भय साहबदी, अध्यक्ष सुमीर शर्मा, महासचिव अमित स्वर्णकार, एवं आकाश कुमार, प्रसून सिंह, शशिकांत विश्वकर्मा, ज्योति कुमार, मनोहर वर्मा, राजकुमार, पंकज कुमार इत्यादि ने इन्हे अपनी शुभकामना और जीत की अग्रिम बधाई देते हुए रांची के लिए रवाना किया।

# ब्यूटी ऑफ वेडिंग फोटोग्राफी पर हुआ कार्यशाला का आयोजन

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सोनी कंपनी के द्वारा आयोजित ब्यूटी ऑफ वेडिंग फोटोग्राफी वर्कशॉप, धनबाद डिस्ट्रिक्ट फोटोग्राफर्स ट्रेड एसोसिएशन एवं झारखंड फोटोग्राफी एसोसिएशन सेंट्रल के संयुक्त तत्वाधान में पार्कलेन रिसॉर्ट गोविंदपुर में की गई। सोनी कंपनी से आए सोनी इनफ्लुएंसर राजा अवस्थी, एरिया सेल्स मैनेजर रवि रावत, रीजनल सेल्स ऑफिसर सरफराज अहमद को अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया एवं झारखंड फोटोग्राफी एसोसिएशन सेंट्रल के अध्यक्ष सी के पंडित को सचिव मनीष शाह एवं झारखंड फोटोग्राफी एसोसिएशन सेंट्रल के सचिव उपेंद्र कुमार को कोषाध्यक्ष प्रकाश कुमार ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। उद्घाटन के बाद तकनीकी विशेषज्ञों ने फोटोग्राफी के क्षेत्र में आ रहे बदलाव पर चर्चा की। कार्यशाला में धनबाद, बोकारो, कोडरमा, जामताड़ा, गिरिडीह, गया आदि जगहों से लगभग 150 फोटोग्राफरों ने भाग लिए। र्यशाला मेंटर राजा अवस्थी ने कहा कि फोटोग्राफी के लिए झारखंड में बहुत संभावनाएं हैं। कार्यक्रम की सफलता में धनबाद डिस्ट्रिक्ट फोटोग्राफर्स ट्रेड एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी रंजीत जायसवाल, अनूप कुमार, गुड्डू गुप्ता, साजिद खान, सुबोध महाराज, संजय कुमार, सूरज रवानी, जयंत जायसवाल, अनिल कुमार गुप्ता, मनोज राठौर, उमेश शर्मा का अहम योगदान रहा।

# हिमांशी ने वित्तीय साक्षरता प्रश्नोत्तरी में समस्त उत्तर भारत में पहला स्थान प्राप्त किया

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** वित्तीय साक्षरता प्रश्नोत्तरी मे पहला स्थान मिलने के उपलक्ष्य में शुक्रवार को धनबाद सांसद ढुलू महतो ने हिमांशी चौरसिया को बेकार बांध स्थित गुसेश्वर अपार्टमेंट में उनके फ्लैट में पहुंच कर हिमांशी को धनबाद का नाम रोशन करने के लिए पुष्पगुच्छ देकर बधाई दी एवं और आगे बढ़ने का आशीर्वाद दिया। इस मौके पर सांसद ढुलू महतो ने कहा कि बहुत गर्व और खुशी की बात है कि हमारे भाई आनंद चौरसिया की बेटी ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया था और पूरे उत्तर भारत में टॉप किया। यह हम सब धनबादवासियों के लिए गर्व की बात है। आज हिमांशी को इस सफलता के लिए बधाई देकर हौसला अफजाई करने आए हैं कि भगवान हिमांशी को और आगे बढ़ाएं और हमें पूर्ण विश्वास है कि जिसके माता-पिता दादा-दादी साक्षात भगवान के रूप में शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए खड़े है वह संस्कार के साथ शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ता है जिसका उदाहरण हिमांशी चौरसिया है। हिमांशी के पिता आनंद चौरसिया ने बताया कि हिमांशी ने मुंबई में सेबी और एनआईएसएम (भारत सरकार) राष्ट्रीय वित्तीय साक्षरता प्रश्नोत्तरी 2024 में सफलता हासिल की है। पोस्ट ग्रेजुएट श्रेणी में प्रतिस्पर्धा करते हुए उसने दिल्ली स्कूल आफ इकोनॉमिक्स का प्रतिनिधित्व किया और उत्तर भारत में टॉपर के रूप में पहला स्थान और अखिल भारतीय स्तर पर पांचवा स्थान प्राप्त किया है।

# मालदा टाउन से उधना के लिए 9 जुलाई को स्पेशल ट्रेन का होगा परिचालन

**हाजीपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर भागलपुर-मुंगेर-बरौनी-समस्तीपुर- मुजफ्फरपुर-नरकटियागंज-गोरखपुर-कानपुर-आगरा फोर्ट-कोटा-वडोदरा के रास्ते मालदा टाउन से उधना के लिए एक स्पेषल ट्रेन का परिचालन किया जायेगा । गाड़ी सं. 09016 मालदा टाउन-उधना स्पेषल दिनांक 09.07.2024 (मंगलवार) को मालदा टाउन से 17.30 बजे खुलकर 21.35 बजे भागलपुर, 23.35 बजे मुंगेर के रास्ते बुधवार को 01.00 बजे बेगुसराय, 02.30 बजे बरौनी, 04.00 बजे समस्तीपुर, 05.35 बजे मुजफ्फरपुर, 09.00 बजे बापूधाम मोतिहारी एवं 10.15 बजे नरकटियागंज सहित अन्य स्टेषनों पर रूकते हुए शुक्रवार को 00.30 बजे उधना पहुंचेगी । इस स्पेषल में शयनयान श्रेणी के 20 कोच होंगे ।

# स्पेशल ट्रेनों की परिचालन अवधि में हुआ विस्तार

**हाजीपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर पटना-पुरी, बरौनी-ग्वालियर के मध्य तथा पटना के रास्ते हावड़ा/आसनसोल/मालडा टाउन से खातीपुरा (जयपुर) के मध्य चलायी जा रही स्पेषल ट्रेनों के प्रति यात्रियों की सकारात्मक प्रतिक्रिया को देखते हुए इनके परिचालन अवधि में निम्नानुसार विस्तार किया जा रहा है।

1. गाड़ी सं. 08439 पुरी-पटना स्पेशल अब 28.09.24 तक सप्ताह के प्रत्येक शनिवार को चलायी जायेगी ।
2. गाड़ी सं. 08440 पटना-पुरी स्पेशल अब 29.09.24 तक सप्ताह के प्रत्येक रविवार को चलायी जायेगी ।
3. गाड़ी सं. 04137 ग्वालियर-बरौनी स्पेशल अब 31.07.24 तक सप्ताह के प्रत्येक रविवार एवं बुधवार को चलायी जायेगी ।
4. गाड़ी सं. 04138 बरौनी-ग्वालियर स्पेशल अब 01.08.24 तक सप्ताह के प्रत्येक सोमवार एवं गुरूवार को चलायी जायेगी ।

किउल-पटना-डीडीयू के रास्ते चलायी जा रही स्पेषल -

5. गाड़ी सं. 03007 हावड़ा-खातीपुरा (जयपुर) स्पेशल अब 28.07.24 तक सप्ताह के प्रत्येक रविवार को चलायी जायेगी ।
6. गाड़ी सं. 03008 खातीपुरा (जयपुर)-हावड़ा स्पेशल अब 30.07.24 तक सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार को चलायी जायेगी ।
7. गाड़ी सं. 03509 आसनसोल-खातीपुरा स्पेशल अब 30.07.24 तक सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार को चलायी जायेगी ।
8. गाड़ी सं. 03510 खातीपुरा-आसनसोल स्पेशल अब 31.07.24 तक सप्ताह के प्रत्येक बुधवार को चलायी जायेगी ।
9. गाड़ी सं. 03409 मालदा टाउन-खातीपुरा स्पेशल अब 25.07.24 तक सप्ताह के प्रत्येक गुरूवार को चलायी जायेगी ।
10. गाड़ी सं. 03410 खातीपुरा-मालदा टाउन स्पेशल अब 26.07.24 तक सप्ताह के प्रत्येक शुक्रवार को चलायी जायेगी ।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में छात्रवृत्ति स्वीकृति हेतु जिला स्तरीय समिति की हुई बैठक

## समिति द्वारा कुल 6510 छात्रों को छात्रवृत्ति भुगतान करने हेतु किया गया अनुमोदन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** दिनांक 5 जुलाई 2024 को वित्तीय वर्ष 2023-24 में पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के तहत छात्रवृत्ति स्वीकृति हेतु जिला स्तरीय समिति की बैठक उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में की गई। बैठक के दौरान समिति द्वारा कुल 6510 छात्रों को (जिनका छ्हह्ह अप्रूव हो गया है), उन छात्रों को छात्रवृत्ति भुगतान हेतु अनुमोदन किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने एक सप्ताह के अंदर छात्रवृत्ति भुगतान करने हेतु प्रभारी कल्याण पदाधिकारी नियाज अहमद को निर्देशित किया। साथ ही उपायुक्त द्वारा बचे हुए शेष विद्यार्थियों का प्रखंड कल्याण पदाधिकारी से भौतिक सत्यापन कराते हुए छात्रवृत्ति भुगतान हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। मौके पर प्रभारी जिला कल्याण पदाधिकारी नियाज अहमद, डीआईओ सुनीता तुलस्यान, कोषागार पदाधिकारी पंकज कुमार, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह, एलडीएम कार्यालय से पदाधिकारी एवं अन्य कर्मी मौजूद रहे।

# दावत ए इस्लामी इंडिया ने किया पौधरोपण

## पौधा लगायें और अपने देश को हरा भरा बनायें : गुलाम मोहम्मद अट्टारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** दावत ए इस्लामी इंडिया के विभाग जीएनआरएफ के द्वारा धनबाद के कई स्थानो पर पौधरोपण किया गया। मौके पर संस्था के गुलाम मोहम्मद अट्टारी ने पौधरोपण के प्रति लोगों को जागरुक करते हुए कहा की प्रत्येक व्यक्ति कम से कम एक पौधा ज़रूर लगायें और अपने भारत देश को हरा भरा बनायें। उन्होने कहा की पेड़ हमारे पर्यावरण और जीवन के लिये अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसे लगाना बेहद ज़रूरी है। इस कार्यक्रम मे दावत ए इस्लामी इंडिया के कई सदस्य मौजुद थे।

# दिल्ली से लौटने पर सांसद ढुल्लू महतो का हुआ भव्य स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** सांसद ढुल्लू महतो लोकसभा में शपथ ग्रहण कर राजधानी एक्सप्रेस से धनबाद लौटे। धनबाद स्टेशन पर भाजपाइयों और समर्थकों ने भव्य स्वागत किया। बाघमारा लौटने पर उनके घर पर जनसैलाब उमड़ पड़ा। घरवालों और समर्थकों में हर्ष है। वहीं राम मंदिर में पूजा अर्चना की गई। बता दें कि 24 जून को सांसद 18वीं लोकसभा के सदस्य बने थे। सांसद ढुल्लू महतो ने 24 जून को शपथ ग्रहण किया और 18वीं लोकसभा के सदस्य बने। शपथ ग्रहण करने के दौरान धनबाद लोकसभा के सांसद ने कहा कि मैं ढुल्लू महतो जो लोकसभा का सदस्य निर्वाचित हुआ हूं। ईश्वर की शपथ लेता हूं कि मैं विधि द्वारा स्थापित भारत के संविधान के प्रति सच्ची श्रद्धा रखूंगा। मैं भारत के प्रभुता और अखंडता अक्षुण रखूंगा तथा जिस पद को मैं ग्रहण करने वाला हूं, उसके कर्तव्यों का श्रद्धापूर्वक निर्वाह करूंगा। ढुल्लू महतो ने संसद भवन में 18वीं लोकसभा के सदस्य के रूप में शपथ ग्रहण किया। उन्होंने कहा कि जनता की सेवा करने का जो अवसर मुझे मिला है, मैं उसे पूरी निष्ठा से निभाऊंगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित और आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने के लिए हम सब मिल कर दिन-रात काम करेंगे।

# कपिलो मुखिया ने लगाया आरोप, सड़क मरम्मती में गुणवत्ता का नहीं रखा जा रहा है ध्यान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिरनी :** प्रखंड क्षेत्र के माखमर्गो, बेको होते हुए रोड से कपिलो पंचायत सचिवालय तक जाने वाली सड़क का मरम्मतीकरण किया जा रहा है। जिस पर स्थानीय मुखिया मुकेश यादव ने आरोप लगाया कि संवेदक एवं कनीय अभियंता के मिलीभगत सड़क मरम्मतीकरण में गुणवत्तापूर्ण कार्य नहीं किया जा रहा है। आपको बता दें कि इस कार्य का न तो शिलान्यास किया गया और ना हीं कहीं शिलापट्ट लगाया गया है, कार्यस्थल पर ना हीं कोई पदाधिकरी ना हीं कनीय अभियंता और ना हीं संवेदक कभी आते हैं, कुछ पेटी कांट्रेक्टर के रूप में बिचौलिए के द्वारा घटिया सामग्री के द्वारा कार्य कराया जा रहा है जिसका स्थानीय ग्रामीणों ने विरोध किया तब स्थानीय मुखिया मुकेश यादव ने कार्य स्थल पर पहुंच कर देखा। सीमेंट कि जगह पर डस्ट क प्रयोग किया जा रहा था। मुखिया ने जब मेटेरियल्स का चालान मांगा तो गाड़ी ड्राइवर कोई भी कागजात नहीं दिखा पाया, तब मुखिया श्री यादव ने संबंधित कनीय अभियंता, उपायुक्त और प्रखंड



विकास पदाधिकारी को दूरभाष के माध्यम से इसकी जानकारी दी । इस बीच ग्रामीण शमीद अंसारी, हदीश अंसारी, मकबूल मियां वगैरह ने बताया कि जहां एक तरफ़ भारी बरसात हो रही है वहीं दूसरी तरफ़ पीसीसी ढलाई कार्य किया जा रह है जिससे कंक्रीट पानी के साथ बह जा रहा है।

# सीमाटांड में मुखिया व सांसद प्रतिनिधि की उपस्थिति में बच्चो के बीच पुस्तक का हुआ वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुदा :** बाघमारा प्रखंड अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय सीमाटांड में कांड्रा पंचायत के मुखिया रिंकू देवी एवम धनबाद संसद प्रतिनिधि धनेश्वर महतो की उपस्थिति में बच्चों के बीच पुस्तक, एफ एल एन किट एवम विद्यालय किट का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम मे मुखिया ने विद्यालय मे एक शौचालय एवम विद्यालय की चाहरदिवारी देने की बात कही। इस कार्यक्रम मे विद्यालय के शिक्षक संजय कुमार सुमन, विष्णुदेव मिश्र एवम सी आर पी बहादुर महतो उपस्थित थे। इसके अलावा विद्यालय प्रबन्ध समिति , माता समिति एवम गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# राजद के बिना गठबंधन अधूरा : रवि जायसवाल




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** झारखंड की राजनीति में अगर सता चाहिए तो राजद को नकारा नहीं जा सकता है उक्त बातें राजद के प्रदेश प्रवक्ता रवि जायसवाल ने अंबेडकर भवन में आयोजित 28 वां स्थापना समारोह मनाया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्षता जिला सचिन मंटू यादव ने किया। वही दौरान कहीं श्री जायसवाल ने कहा कि झारखंड में राजद का मजबूत जन आधार है इसी के बदौलत आज झारखंड में सरकार चल रही है और विपक्षी गठबंधन को धूल चटाने का काम कर रही है ।श्री जायसवाल ने कहा कि हेमंत सोरेन के सरकार के बाद जितने भी उपचुनाव लड़े गए सभी चुनाव में बीजेपी को हर का मुंह ही देखना पड़ा। युवा राष्ट्रीय जनता दल जिला अध्यक्ष इरफान आलम ने कहा कि राजद इस बार सभी एकाशी विधानसभा चुनाव लड़ेगी ।इसके लिए सभी प्रत्याशी तैयारी शुरू कर दिए हैं उन्होंने कहा कि गठबंधन की सरकार में राजद के कार्यकर्ताओं का अपेक्षा किया जाता है। जिससे कार्यकर्ता काफी आक्रोश है उन्होंने कहा कि पार्टी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव गरीबों के मसीहा है लालू प्रसाद यादव गरीब गुरबो का आवाज हैं। और इसी संगठन के बदौलत राजद गिरिडीह जिले में गिरिडीह विधानसभा जमुआ विधानसभा एवं गांडेय विधानसभा चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत करने को लेकर लगातार बैठक व दौरा चल रहा है शीघ्र ही जिले में भव्य सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा । वही स्थापना दिवस कार्यक्रम के दौरान जमुआ के पूर्व विधायक बलदेव हजरा के पुत्र विजय हाजरा ने राजद का सदस्यता ग्रहण किया है। मौके पर प्रदेश महासचिव गिरेंद्र प्रसाद यादव , रामकिशन यादव मंटू यादव छोटेलाल यादव, शत्रुघन यादव, रघुनंदन यादव , सुमित कुमार हाजरा, विजय हजरा, आजम आलम, सुधु आलम ,एहसान आलम ,रामजी यादव ,प्रभु रविदास, टैटू यादव समेत अन्य लोगउपस्थित थे।

# जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनी आमजनों की समस्याए



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** दिनांक 05 जुलाई 2024 को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान उनके द्वारा जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की समस्याएँ सुनी एवं अश्वासन दिया गया कि उनके सभी शिकायतों का जल्द से जल्द जाँच कराते हुए उचित समाधान कराया जाएगा। जनता दरबार में मुख्यतः जमीन विवाद संबंधी, पारिवारिक विवाद, ऑनलाइन रसीद, मुआवजा, सड़क, आवास निर्माण, जमीन बंदोबस्ती, रोजगार,रोजगार सेवक के खिलाफ शिकायत, आर्म लाइसेंस, अवैध कब्जा समेत अन्य समस्याओं से अवगत हुए। उपायुक्त ने लोगों को पूर्ण भरोसा दिलाया कि आपकी समस्याओं को दूर करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। जिला प्रशासन विधि सम्मत आपकी हर समस्याओं को दूर करने का प्रयास करेगा।

# जदयू झारखंड का एक प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मिला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** झारखंड जनता दल यू का एक प्रतिनिधिमंडल पार्टी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो के नेतृत्व में बिहार के पटना स्थित मुख्यमंत्री आवास पर पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार तथा पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा से मिला। इस दौरान झारखंड में होने वाली आगामी विधानसभा चुनाव पर सघन रूप से विचार विमर्श हुई। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार तथा कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने कहा कि पार्टी झारखंड में एनडीए गठबंधन के तहत चुनाव लड़ेगी। पार्टी के पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता चुनाव की तैयारी में जुट जाये। उक्त प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से पूर्व मंत्री सुधा चौधरी, धनबाद जिला अध्यक्ष पिंटू कुमार सिंह, मुख्यालय प्रभारी सह प्रदेश महासचिव श्रवण कुमार, प्रदेश महासचिव दीप नारायण सिंह, युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष निर्मल सिंह, वरिष्ठ नेता मधुकर सिंह आदि शामिल थे।

# अवैध खंतों की हुई डोजरिंग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** शुक्रवार को गिरिडीह एसपी दीपक कुमार शर्मा के निर्देश पर सीसीएल क्षेत्र में अवैध खनन के खिलाफ पुलिस ने सीसीएल प्रशासन के साथ मिलकर अभियान चलाया।इस दौरान टीम ने चुंजका और मांझीडीह इलाके में संचालित दर्जनाधिक अवैध खंतों की डोजरिंग की गई,रैट होल्स को ध्वस्त किया गया।बता दें कि गिरिडीह पुलिस लगातार अवैध कारोबार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कार्य कर रही है। इसी के तहत यह कार्रवाई की गई। बताया गया कि पुलिस इस अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों की भी पहचान कर रही है। जल्द उनके ऊपर प्राथमिक की भी दर्ज की जाएगी।इस अभियान में सदर एसडीपीओ विनोद कुमार रवानी, मुफ्फसिल प्रभारी इंस्पेक्टर श्याम किशोर महतो के साथ सीसीएल गिरीडीह एरिया के महाप्रबंधक बासब चौधरी भी मौजूद थे।

# आजसू पार्टी ने प्रखण्ड कार्यालय में किया हल्ला बोल कार्यक्रम का आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुदा :** आजसू पार्टी के प्रखण्ड सचिव प्रेम कुमार तिवारी के नेतृत्व में पार्टी के आदेशानुसार राज्य व्यापी आंदोलन के तहत बाघमारा प्रखण्ड कार्यालय के मुख्य द्वार पर ÷हल्ला बोल÷ कार्यक्रम किया गया। इससे पहले बाघमारा इन्दिरा चौक से प्रखण्ड कार्यालय के मुख्य द्वार तक आजसू पार्टी के सभी कार्यकर्ता गण हांथ में झंडा बैनर लिए व राज्य के कुशासन के खिलाफ पैदल यात्रा निकाल व व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ खूब नारेबाजी की। आजसू पार्टी के एक प्रतिनिधि मंडल में वरिष्ठ नेता रामा शंकर तिवारी, अमरदीप महतो, गौतम गप, सतीश महतो, गोतम महतो, उत्तम बाऊरी, रोहित सिंह, सहदेव कर्मकार एवं अन्य नेताओं ने अपनी निम्नलिखित ग्यारह सूत्री मांगों को लेकर प्रखण्ड अंचलाधिकारी रवि भूषण प्रसाद को ज्ञापन सौंपा।

# पुरे भारत में पिकलबॉल आल इंडिया पिकलबॉल एसोसिएशन के साथ पिकलबॉल के विकास के लिए काम करेगी : प्रभात कुमार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** झारखंड पिकलबॉल संघ के उपाध्यक्ष धनबाद निवासी बी. सुधीर ने जानकारी दी की झारखंड के पिकलबॉल संघ के सचिव प्रभात कुमार को आल इंडिया पिकलबॉल एसोसिएशन से स्थाई सदस्यता का सर्टिफिकेट ससम्मान मुंबई में दिया गया।इंडियन पिकलबॉल एसोसिएशन और आल इंडिया पिकलबॉल एसोसिएशन का विलय पिछले दिनों होने के बाद वन इंडिया वन फेडरेशन के तहत पुरे भारत में पिकलबॉल आल इंडिया पिकलबॉल एसोसिएशन के साथ पिकलबॉल के विकास के लिए काम करेगी।जबकि झारखंड पिकलबॉल एसोसिएशन झारखंड में विकास के लिए आल इंडिया पिकलबॉल एसोसिएशन के दिशानिर्देश अनुसार काम करेगी। झारखंड स्टेट पिकलबॉल एसोसिएशन का विलय झारखंड पिकलबॉल एसोसिएशन मे कर दिया गया है। धनबाद के पूर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल का पिकलबॉल खेल से लगाव को देखते हुए झारखंड पिकलबॉल एसोसिएशन के सदस्यों ने उनसे मिल कर झारखंड पिकलबॉल एसोसिएशन के उच्च पद को सुशोभित करने के लिए आमंत्रित करने का कार्यक्रम है। झरीया बनिहारी में मेयर फंड से एक पिकलबॉल कोर्ट का निर्माण करवाने में पूर्व मेयर शेखर अग्रवाल का योगदान को पिकलबॉल खिलाड़ियों द्वारा साधूवाद देते हैं। इस पर झारखंड के सभी पिकलबॉल खिलाड़ियों में उत्साह है। झारखंड के



कैरो बाजार तांड़ स्थित सार्वजनिक शौचालय का बुजुर्गो ने सामुहिक रूप से फीता काट किया उद्घाटन

# पंचायत को स्वच्छ बनाने में करें सहयोग, शौच के लिये शौचालय का करें उपयोग : मुखिया वीरेंद्र महली



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 05 जुलाई शुक्रवार को पेयजल स्वच्छता विभाग से निर्मित लंबे दिनो के बाद निर्माण कार्य हूआ पुर्ण, जिसे कैरो ग्राम के वुजुर्ग सेवानिवृत शिक्षक दीपेश्वर पांडे,सेवा निवृत्त राजस्व उप निरीक्षक बानेश्वर राम,समाजसेवी धनेश्वर साहू, मुखिया वीरेंद्र महली, स्वच्छता प्रखंड समन्वयक खालिक अंसारी एवं ग्रामीणो की उपस्थिति मे फीता काट किया गया उद्घाटन। विदित है कि बाजार टांड स्थित सार्वजनिक शौचालय भवन निर्माण कार्य वित्तीय वर्ष 2019-2020 की योजना की कुल प्राक्कलित राशि 2,90,000/- दो लाख नब्बे हजार रुपये की लागत से पेयजल एवं स्वच्छता विभाग से योजना आवंटित की गई थी। उक्त योजना का निर्माण कार्य पुर्व मुखिया गौतरी देवी के कार्यकाल मे प्रारम्भ की गई थी जिसमें 70 प्रतिशत राशि पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के द्वारा किया गया था आवंटित शेष 30 प्रतिशत की राशि 15 वें वित्त एवं मनरेगा से व्यय कर योजना का निर्माण कार्य पुर्ण किया जाना था,उक्त शौचालय भवन मे 02 युनिट महिला एवं 02 युनिट पुरुष के साथ-साथ अलग से युरिन की भी व्यवस्था योजना निर्माण कार्य मे बनाई गई है, पुर्व मे यह योजना लम्वित था, जिसे मुखिया वीरेंद्र महली के पहल पर योजना का निर्माण कार्य पुर्ण कर लिया गया जो 05 जुलाई को ग्राम के बुजुर्गो ने फीता काट कर उद्घाटन भी कीया गया। मौके पर मुखिया वीरेंद्र महली ने कहा कि हम सबको मिलकर गाँव से गन्दगी को दुर भगाना है, कूड़ा कचड़ा इधर-उधर न फेंके, डस्टबीन का करें उपयोग, पंचायत को स्वच्छ और सुन्दर बनाने मे करे सहयोग, जिनके घर शौचालय नहीं है वे शौच के लिये आज से सार्वजनिक शौचालय का करें उपयोग। मौके पर उपरोक्त के अलावा सुजीत साहू, संजय महतो, दिलेश्वर लोहरा, रामसेवक साहू, यासीन अंसारी इत्यादि ग्रामीण सार्वजनिक शौचालय उद्घाटन कार्यक्रम मे उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य डॉ. आशा लकड़ा का हुआ भव्य स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र के सेरेंगहातु तोड़ार पंचायत अन्तर्गत बरही ग्राम में राँची से गुमला जाने के क्रम में राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य डॉ. आशा लकड़ा तथा साथ मे मौजूद डायरेक्टर सूरत सिंह, डिप्टी डायरेक्टर आरके दुबे तथा अन्वेषक राहुल कुमार व कुशेश्वर साहु का समाजसेवी महावीर प्रसाद के नेतृत्व में पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। वही राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य डॉ0 आशा लकड़ा ने बरही ग्राम के ग्रामीणों की समस्या से रु ब रु हुई और जल्द ही ग्रामीणों को समस्या से निजात दिलाने की बात कही साथ ही कहा कि केंद्र में मोदी जी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार है किसी को कोई परेशानी नही होगी सभी समस्याओं का समाधान किया जायेगा। ग्रामीण क्षेत्र से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक विकास होगा। बदलाव के लिये थोड़ा सा समय चाहिये। मौके पर महावीर प्रसाद साहु, राजकुमार महतो, नरेश महतो, सुभाष चंद्र कौशल, रिझू महतो, सुनील उरांव, शिवलाल उरांव, गजानन महतो, मनी रतन भगत, दिलीप ठाकुर, बाडू उरांव सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## मूंगफली की खेती कर किसान अधिक मुनाफा कमा सकते हैं : राधा तिर्की



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के अरु पंचायत अन्तर्गत कलेहपाट और झालजमीरा में शिविर लगाकर किसानो के बीच मूंगफली बीज का वितरण किया गया। मौके पर जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की ने कहा कि किसान मूंगफली का खेती कर किसान को अधिक मुनाफा कर सकते है। इस लिए सरकार की ओर से जो बीज मिल रहा है उसको खेत में डाले और मूंगफली का खेती कर आर्थिक स्थिती में सुधार लाए हम लोगों का प्रखंड क्षेत्र में मूंगफली की खेती के लिये अच्छी मिट्टी है। किसान अभी से खेत मेहनत कर मूंगफली बोये और जिसे अच्छी मूंगफली का खेती कर बाजार में 70 से 80 रुपये मूंगफली बिक्री कर अच्छा मुनाफा कमा सकते है। जहा सिंचाई की साधन नही है वैसे खेत में मूंगफली बीज लगये। कृषि विभाग आत्मा के एटीएम सुमन कुमार ने कहा की प्रखंड में 15 सौ किलो मूंगफली का बीज आया है जिस पर 5 से 10 किलो प्रति किसानों को मूंगफली बीज दिया जा रहा है। साथ ही पूर्ण जानकारी देते हुए बताया कि किसान का चयनित ग्राम सभा से कृषक मित्र द्वारा पंजीयन होता है। और बीज वितरण के समय ओटीपी आने के बाद ही बीज मिलता है। ये बीज 120 दिन में तैयार हो जाएगा। खेत में लगाए गए बीज को कृषक मित्र द्वारा देखा जायेगा। प्रखंड क्षेत्र के दो पंचायत में 75 किसानो को मुंगफली का बीज वितरण किया गया। वही बताया गया की शनिवार को अलौदी और बूटी पंचायत में बीज वितरण किया जायेगा। मौके पर जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की, मुखिया राजश्री उराँव, बीस सूत्री अध्यक्ष अफरोज आलम, उपाध्यक्ष राजकिशोर राम, फिरोज अंसारी, मीना देवी के अलावे सैकडों किसान उपस्थित थे।

## सिकल सेल एनीमिया जांच सह जागरूकता अभियान पूरे देश में चलाया जा रहा है : प्रणव कुमार पाठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सिकल सेल एनीमिया जांच शिविर का आयोजन कल्याण अस्पताल हेसल बसारडीह लोहरदगा में संचालित विकास भारती बिशुनपुर के तत्वाधान में राजकीय मध्य विद्यालय लोहरदगा में किया गया। शिविर में उपस्थित कल्याण अस्पताल के प्रबंधक प्रणव कुमार पाठक ने कहा कि सिकल सेल एनीमिया जांच सह जागरूकता अभियान पूरे देश में चलाया जा रहा है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के द्वारा चलाया जा रहा है जिसके तहत खास करके जनजातीय बहुल क्षेत्र में विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं का जांच किया जा रहा है। एनीमिया के कारण शरीर में अनेक बीमारियां हो सकती है समय पर जांच एवं इलाज से इसे दूर किया जा सकता है। साथ ही पोषण युक्त आहार से भी इससे मुक्ति पाई जा सकती है। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका रीता एक्का ने कहा कि यह जांच सभी के लिए अनिवार्य है और सरकार के द्वारा निशुल्क सुविधा प्रदान की जा रही है। साथ ही उपस्थित बच्चों को पोषण युक्त आहार लेने का आग्रह किया। जांच शिविर में 110 विद्यार्थी एवं शिक्षिकाओं का जांच किया गया। शिविर में शिक्षिका काजल सिन्हा, कल्याण अस्पताल के प्रबंधक प्रणव कुमार पाठक, लाइजनिंग मैनेजर राजीव रंजन सिंह, लैब टेक्नीशियन लक्ष्मी कुमारी, एन एम अनीता केरकेट्टा, एएनएम अंशु कुमारी, सुभाष उरांव आदि सम्मिलित थे।

# हिन्दू विरोधी बयान के विरोध में जय श्री राम समिति ने फूंका राहुल गांधी का पुतला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** गुरुवार को सामाजिक एवं धार्मिक संगठन जय श्रीराम समिति के नेतृत्व में लोकसभा नेता प्रतिपक्ष व कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान को लेकर हिंदू समाज सड़कों पर उतरकर राहुल गांधी का पुतला फूका। राहुल गांधी का बयान हिंदू 24 घंटा हिंसक होते है और हिंसा फैलाते है। हिंदू समाज ऐसे बयान को कतई बर्दाश्त नहीं करेगा।ऐसे बयान देकर राहुल गांधी ने करोड़ों हिंदुओं को अपमानित करने का काम किया है। राहुल गांधी हिन्दूओं को हिंसक बताकर आखिर क्या साबित करना चाहते हैं। जिनको हिन्दुओं की धार्मिक आस्था केन्द्रों और धार्मिक ग्रंथों से नफरत है वह हिन्दू और हिन्दुस्तान को कैसे परिभाषित कर सकता है। राहुल गांधी ने स्पष्ट शब्दों में हिन्दुओं को हिंसक कहा है किसी पार्टी या हिन्दू संगठन को नहीं। राहुल गांधी को समस्त हिन्दू समाज से माफी मांगनी चाहिए। हिन्दू भारत की आत्मा है और हिन्दुओं को हिंसक कहना हिन्दू समाज का अक्षम्य अपराध है। राहुल गांधी जैसे सिरफिरों को हिन्दू और हिन्दुस्तान को समझने के लिए नकली अहिंसावादी गांधीवाद से बाहर निकलना होगा। मौके पर गुप्तेश्वर प्रसाद, कन्हैया करवा, ओम महतो, अनूप गुप्ता जी की दशहरा विनोद प्रसाद, प्रदीप साहू, नगर अध्यक्ष दीपक साहू, नगर महामंत्री सुशील पटनायक, बजरंग करवा, अक्षय करवा, नीरज साहू, दिलीप महतो, मोनू कुमार, विकास वर्मा, राजकुमार साहू समेत सैकड़ो लोग मौजूद थे।

## विधायक भूषण बाड़ा खेतों में उतर कर करते हैं धनरोपनी



**सिमडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड की माटी वीर सपूतों की माटी रही है। यहां ऐसे राजनेताओं की भी कमी नहीं जिन्होंने अपनी सादगी और ईमानदारी से लोगों के मन पर गहरी छाप छोड़ी है। इसी कड़ी में शुमार सिमडेगा के युवा कांग्रेस विधायक भूषण बाड़ा से भी आज के युवाओं को सबक लेनी चाहिए। विधायक ने अपने राजनीति जीवन में व?यस?त रहने के बावजूद खेती कार्य को आज भी जिंदा रखा है। खास बात तो यह है कि देसी मिजाज और खेती-गृहस्थी में रमी अपनी जिंदगानी पर उन्होंने अपनी सरल एवं सहज स्वभाव को बरकरार रखा है। उनका कहना है कि राजनीति सेवा का क्षेत्र है। विधायकी या कोई भी पद सिर्फ सेवा के लिए है, रौब गांठने के लिए नहीं। लोकतंत्र में सभी लोक सेवक हैं। विधायक भूषण बाड़ा का यही अंदाज उन्हें दूसरे नेताओं की कतार से अलग खड़ा करता है। विधायक भूषण बाड़ा को कभी भी खेतों में मेहनत करते देखा जा सकता है। शुक्रवार को भी कुरडेग दौरे पर गए विधायक भूषण बाड़ा ने अपनी धर्मपत्नी जोसिमा खाखा के साथ प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष वाल्टर टोप्पो के खेत में धनरोपनी कार्य करने में मगन रहे। उन्होंने गांव की महिलाओं के साथ शामिल होकर घंटो धनरोपनी की। साथ ही क्षेत्र में अच्छी फसल की उपज के लिए भी ईश्वर से कामना की। मौके पर 20 सूत्री उपाध्यक्ष मनोज जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष देवनिस खलखो, विधायक प्रतिनिधि बिनोद दास, विधायक प्रतिनिधि गुड्डू खान, विधायक प्रतिनिधि निरोज बड़ा, प्रमुख बिपिन पंकज मिंज, मंडल अध्यक्ष प्रवीण खेस, उपाध्यक्ष टेलीस्फोर टोप्पो, पीटर खाखा, अनीता रानी टोप्पो, पंचायत अध्यक्ष संदीप लकड़ा, प्रखड प्रवक्ता शमीम अंसारी, युवा प्रखंड अध्यक्ष गुलसान एक्का, रसाल लकड़ा, दुर्गेश पासी, मिखायेल मिंज, प्रफुल मिंज, सरिता तिर्की,सुमन सुचिता कुजूर, समीर कुल्लू, दिव्य मिंज, जोनसान बेक, संदीप लकड़ा सहित ग्रामीण की महिलाएं शामिल थे।

पत्रकार की मां लम्बे बीमारी से ग्रस्ति जिंदगी की जंग हार गई

## जिला पत्रकार साथियों ने निधन की बात सुन शोक संवेदना प्रकट की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोहरदगा समाहरणालय मैदान के समीप निर्मित मकान में शुक्रवार दोपहर को पुलिस विभाग से सेवानिर्वित एस आई कि पत्नी लम्बे बीमारी से लड़ते लड़ते जिंदगी का जंग हार गई। विदित हो कि चौकनी निवासी तीजेश्वर भगत की 60 वर्षीय पत्नी सम्पत्ति उरांव लम्बे समय से बीमार रह रही थी। जिसका इलाज रांची के निजी अस्पताल में चल रहा था। इलाज के दौरान स्वास्थ्य स्थिति में सुधार नही होने पर चिकित्सक ने अंतमी समय बताते हुए छुट्टी कर घर भेज दिया। बताया जाता है कि नूतन कच्छप के पिता तिजेश्वर भगत एस आई पद से बोकारो स्टील पुलिस लाइन से सेवानिर्वित हुए थे। और अपनी पत्नी के स्वास्थ्य स्थिति को लेकर काफी चिंतित रह रहे थे। काफी सेवा के बाद भी जिंदगी का जंग हार गए और पत्नी को खो बैठे। बताया जाता है कि सम्पति उरांव अपने पीछे पांच पुत्री तथा एक पुत्र को छोड़ चली। वहीं पत्रकार नूतन कच्छप की माता की निधन पर परिवार के बीच मातम छाया हुआ है। जबकि इस घटना से जिला पत्रकारों ने शोक संवेदना प्रकट किया। और उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्राथना किया।

# बजरंग दल सिमडेगा ने राहुल गांधी का जलाया पुतला कहा, हिंदू विरोधी है राहुल गांधी




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** बजरंग दल सिमडेगा के द्वारा महावीर चौक में जिला संयोजक आनंद जायसवाल की अगुवाई में कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला दहन किया। इस दौरान पुतला दहन करते हुए राहुल गांधी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई ।मौके पर राहुल गांधी मुर्दाबाद के नारे लगाए गए। मौके पर जिला संयोजक आनंद जायसवाल ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा फिरोज खान का पोता राहुल खान को अपने आप को काल्पनिक हिंदू मानते हुए जिसको हिंदू धर्म के बारे में कुछ मालूम नहीं वह बचपन में बालक की तरह व्यवहार करते हुए संसद के अंदर हिंदू धर्म को हिंसक बता रहा है। राहुल गांधी के इस बयान की कड़ी निंदा की जाती है और लोकसभा स्पीकर ओम बिरला से तत्काल इसकी सदस्यता रद्द की मांग करते है। मौके पर उन्होंने कहा कि संसद में हिंदू हित की बात करें ,ना कि हिंदू धर्म के खिलाफ उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी द्वारा राहुल गांधी को प्रतिपक्ष नेता बनाया गया ये प्रतिपक्ष नेता लायक नहीं जो संसद की मर्यादा को तार-तार करें। नगर संयोजक मानस प्रसाद ने कहा कि राहुल गांधी के वंशज अलग-अलग समुदाय से हो वह अपने आप को हिंदू हितैषी की बात करता है यह बड़े शर्म की बात है। राहुल गांधी की सोच और उसके बचकाना हरकत से साफ जाहिर होता है कि वह सिर्फ तुष्टिकरण और धार्मिक उन्माद फैलाने का प्रयास कर सकते हैं। बजरंग दल किसी राजनीतिक दल का समर्थन नहीं करता है लेकिन हिंदू धर्म के खिलाफ टीका टिप्पणी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं करेगा। इसके लिए सड़क से लेकर सदन तक आने वाले दिनों में आंदोलन करेगी। राहुल गांधी को हिंदू समुदाय से माफी मांगने की बात कही। मौके पर विहिप जिला मंत्री कृष्णा शर्मा,सह मंत्री सुबोध महतो, सुमित गुप्ता, कार्तिक महतो, बालेश्वर प्रधान, अजय नायक, मुनेश नायक, गौतम गोस्वामी, विशाल नायक, चरकु मांझी, राजीव कुमार, राहुल सोनी, गोल्डन डे, आकाश चक्रवर्ती, गोलू वर्मा, विकास प्रसाद, सूरज, शुभम, मनीष, अम्बेश, सन्तोष, विनीत विजय, प्रतीक, पंकज, राजेंद्र, अजय सहित सैकडों की संख्या में कार्यकर्ताओं उपस्थित थे।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच झड़प के बाद दोनों पक्षों ने कराया केस दर्ज : विनोद उरांव

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य विनोद उरांव ने बतलाया कि पहली जुलाई को लोहरदगा पुराने नगर भवन में कांग्रेस की लोकसभा चुनाव को लेकर समीक्षा बैठक के दौरान पार्टी के कार्यकर्ताओं के दो गुटों के बीच नोक झोक और हाथापाई का मामला थाना पहुंच गया है। दोनों पक्षों द्वारा एसटीएससी थाने में केस दर्ज कराया गया है। पहला केस 11/24 कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सुखेर भगत ने ऑनलाइन दर्ज कराने के साथ-साथ लोहरदगा एसटी एससी थाने में लिखित आवेदन देकर दर्ज कराया है अनुसूचित जनजाति अनुसूचित जाति अत्याचार प्रतिषेध अधिनियम के तहत कांग्रेस नेता आलोक कुमार साहू, नेसार अहमद, परवेज आलम उर्फ राजू कुरैशी, और सोनू कुरैशी के खिलाफ केस दर्ज कराया है। दूसरे पक्ष से मनोज भगत ने12/24 एसटी एससी अधिनियम के तहत ही सुखेर भगत, विधायक प्रतिनिधि निशिथ जायसवाल, तनवीर गौहर और दीपक महतो के खिलाफ केश दर्ज कराया है। सबसे बड़ी दुख की बात यह है कि दोनों पक्ष से केस करता आदिवासी भाई ही है जबकि सर्व विहित है कि पहले सुखेर भगत के साथ दुर्व्यवहार एवं हाथापाई की गई थी बाद में केस को कमजोर करने के नियत से मनोज भगत द्वारा केस कराई गई कांग्रेस पार्टी लोकसभा चुनाव जीतने के बाद इसे पचा नहीं पा रही है और आपस में ही उलझ कर लोहरदगा लोकसभा के आदिवासियों को धोखा देने का एक बड़ी साजिश रची है।

# नीति आयोग की वरीय विशेषज्ञ डॉ. बनुश्री वेल्पांडियन ने आकांक्षी प्रखण्ड किस्को में संपूर्णता अभियान का किया शुभारंभ




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** भारत सरकार के आकांक्षी प्रखण्ड में शामिल किस्को प्रखण्ड में आज शुक्रवार को प्रखण्ड स्तर के संपूर्णता अभियान की शुरूआत दीप प्रज्वलित कर नीति आयोग की वरीय विशेषज्ञ डॉ बनुश्री वेल्पांडियन द्वारा किस्को प्रखण्ड मुख्यालय में की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ बनुश्री वेल्पांडियन ने कहा कि छह मुख्य इंडीकेटर्स पर फोकस करते हुए इस अभियान को बनाया गया है। यह संपूर्णता अभियान प्रखण्ड स्तर पर अगले तीन माह तक संचालित होगा जिसमें स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत गर्भवती महिलाओं का प्रसव पूर्व जांच,उच्च रक्तचाप व मधुमेह रोगियों की पहचान करना, बाल विकास परियोजना अंतर्गत उन्हें पोषाहार उपलब्ध कराना, कृषि विभाग अंतर्गत किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड उपलब्ध कराना, शिक्षा विभाग अंतर्गत बच्चों के बीज पाठ्य पुस्तकों का वितरण और जेएसएलपीएस द्वारा स्वयं सहायता समूहों के बीच रिवॉल्विंग फण्ड का वितरण आदि कार्यक्रम चलाना लक्ष्य है जिसमें सभी बिंदुओं पर सौ प्रतिशत अच्छादन करना है। मुख्य अतिथि ने कहा कि सरकार सभी सुविधाएं दे रहीं हैं लेकिन उसके लिए आम लोगों को जागरूक होना बहुत जरूरी है। सभी को जमीनी स्तर पर संगठित होकर कार्य करना है ताकि अगले तीन माह के अंदर निर्धारित इंडीकेटर्स को प्राप्त किया जा सके। प्रखण्ड स्तर के संपूर्णता अभियान अंतर्गत सितंबर माह तक प्राप्त करना है। कार्यक्रम में आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग ने कहा कि आकांक्षी में आकांक्षा शब्द निहित है जिसका अर्थ किसी चीज की इच्छा रखना होता है। हम सभी,चाहे वह प्रशासनिक पदाधिकारी हों या जनप्रतिनिधि हों या आम व्यक्ति, सभी को मिलकर एक टीम के रूप में कार्य करना है। यह पूर्ण विश्वास है कि हम अगले तीन महीनों में आकांक्षी प्रखण्ड के इंडीकेटर्स को आसानी से 100 प्रतिशत प्राप्त कर लिया जाएगा। जिला योजना पदाधिकारी अरूण कुमार सिंह ने कहा कि संपूर्णता अभियान में सभी की सहभागिता जरूरी है, आपसी प्रतिस्पर्द्धा जरूरी है,तभी तेजी से हम संपूर्णता की ओर बढ़ सकेंगे। हमें फोकस होकर कार्य करना है। इतना बढ़िया कार्य करना है कि हम आकांक्षी से निकल कर अन्य के लिए प्रेरक बन सकें। इसमें जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों को मिलकर कार्य करना जरूरी है। महिला स्वयं सहायता को इंडीकेटर्स से जोड़ा गया है ताकि गांव की ही महिलाएं प्रसव पूर्व जांच के लिए गर्भवती महिलाओं को जागरूक करने में मदद मिले। जिला परिषद सदस्य संदीप कुमार ने कहा कि किस्को प्रखण्ड में नौ पंचायत हैं जिसमें से कई पंचायतों में सुविधाओं की कमी है। लेकिन जिला प्रशासन द्वारा भी इस दिशा में प्रयास किया जा रहा है। पाखर व बगडू माइंस के आसपास रहनेवाले ग्रामीणों की स्थिति अच्छी नहीं है। इन क्षेत्रों में टीबी और अन्य बीमारियों से लोग ग्रसित हैं। लेकिन आकांक्षी प्रखण्ड इंडीकेटर्स के अंतर्गत कई बेहतर कार्य होने हैं जिससे स्थितियां बेहतर होंगी। प्रखण्ड प्रमुख ने कहा कि आकांक्षी प्रखण्ड में किस्को के पहाड़ी स्थानों पर रहले वाले निवासियों कई तरह की सुविधाओं की कमी है। अब आकांक्षी प्रखण्ड के तहत कई कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। तब अब लोगों की समस्याएं दूर हो जाएंगी। जिला शिक्षा पदाधिकारी नीलम आइलिन टोप्पो ने कहा कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालयों में पाठ्य पुस्तकों का वितरण और विद्युतीय सुविधा पर कार्य किया जाना है। ऐसे में इस दिशा में कार्य करने के लिए सभी को जागरूक किया जाना आवश्यक है। किस्को प्रखण्ड में 70 विद्यालय हैं। प्रखण्ड मुख्यालय में पाठय पुस्तकें उपलब्ध करा दी जाती हैं जिसके बाद वहां से विद्यालय तक पहुंचाया जात है। बच्चों के सर्वांगीण दिशा में भी कार्य किया जाता है।

## बिजली हमारे जीवन का बन गया है अभिन्न अंग, फिजूलखर्ची करने से बचें ग्रामीण : विधायक भूषण बाड़ा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** विधायक भूषण बाड़ा के प्रयास से शुक्रवार को कुरडेग के सर्फमुंडा में नया ट्रांसफार्मर लगाया गया। जिसका उद्घाटन विधायक ने शुक्रवार को विधिवत पूजा अर्चना कर एवं फीता काटकर किया। विधायक ने कहा कि आज के समय मे बिजली बहुत जरूरी है। बिजली के बिना हमारा जीवन अधूरा सा लगता है। लेकिन कई बार हमलोग बिजली का दुरुपयोग करने लगते हैं। हमे फुजलखर्ची बिजली खर्च करने की आदत बदलने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की हर जरूरतों को पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। अमीरी गरीबी, जात पात, धर्म से ऊपर उठकर जनता की समस्याओं को दूर किया जा रहा है। सुदूर क्षेत्र में स्थित गांव का तेजी से विकास किया जा रहा है। विधायक ने सरकार के बिजली माफी योजना की भी जानकारी दी। साथ ही योजना का लाभ लेने की अपील की। विधायक ने कहा कि बिजली का बल्ब जलाने के बदलने में अब कोई भी ग्रामीण को पैसा देने की जरूरत नहीं है। राज्य सरकार ने ग्रामीणों की आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए 200 यूनिट तक बिजली बिल माफी योजना लाई है। जिसका लाभ हर उपभोक्ताओं को मिल रहा है। **गांव-समाज के विकास के लिए विधायक भूषण बाड़ा के साथ जुड़े ग्रामीण : जोसिमा खाखा :** जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि विधायक भूषण बाड़ा का प्रयास है कि गांव में कोई भी समस्या न रहे। वे जनता की समस्याओं को दूर करने को लेकर काफी गंभीर है। जनता की समस्याओं की जानकारी मिलते ही विधायक भूषण बाड़ा उसे दूर करने की दिशा में प्रयास शुरू कर देते हैं। ग्रामीण भी गांव-समाज के विकास के लिए विधायक से जुड़ें। मौके पर 20 सूत्री उपाध्यक्ष मनोज जायसवाल, विधायक प्रतिनिधि गुड्डू खान, विधायक प्रतिनिधि निरोज बड़ा, प्रमुख बिपिन पंकज मिंज,मंडल अध्यक्ष प्रवीण खेस, उपाध्यक्ष टेलीस्फोर टोप्पो, पंचायत अध्यक्ष संदीप लकड़ा, युवा प्रखंड अध्यक्ष गुलशन एक्का, जोनसन मिंज, रसाल लकड़ा, दुर्गेश पासी, मिखायेल मिंज, प्रफुल मिंज, सरिता तिर्की, सुमन सुचिता कुजूर, समीर कुल्लू, दिव्य मिंज आदि उपस्थित थे।

चलते चलते एक नजर

## पृथ्वी पर जीवन को बचाना है तो पेड़ जरूर लगाएं : दिलावर



**जयपुर :** शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने सभी से पेड़ लगाने की अपील करते हुए कहा है कि पृथ्वी पर जीवन को बचाना है तो पेड़ जरूर लगाएं। पेड़ों के बगैर पृथ्वी पर हमारा जीवित रहना संभव नही है। शिक्षा मंत्री दिलावर यहां विद्याधर नगर के वार्ड नंबर 8 मे ओंकारेश्वर मंदिर पार्क मे आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम मे मुख्य अथिति पद से बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि पृथ्वी पर तापमान में निरंतर वृद्धि हो रही है जो बहुत घातक है। यदि तापमान को नियंत्रित करना है तो अधिक से अधिक पेड़ लगाने होंगे।मंत्री ने कहा की मुख्यमंत्री के निर्देशन मे प्रदेश की सरकार इसके लिए मुख्यमंत्री वृक्षारोपण अभियान चला रही है। इसी के अंतर्गत आठ अगस्त को अमृत पर्यावरण महोत्सव मनाया जायेगा। जिसमें पूरे प्रदेश मे एक साथ वृक्षारोपण किया जायेगा। एक पेड़ देश के नाम नारे के साथ प्रदेशवासी अधिक से अधिक पेड़ लगाए और धरती को हराभरा बनाए।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अमृत पर्यावरण महोत्सव के ब्रांड एंबेसडर सुभाष गोयल ने उपस्थित लोगों से अधिक से अधिक पेड़ लगाने की अपील की। कार्यक्रम मे मंत्री मदन दिलावर सहित उपस्थित सभी लोगो ने पौधे लगाए।

## वित्त मंत्री सीतारमण से मिले नायडू, कर्ज में डूबे आंध्र प्रदेश के लिए मांगा फंड

**नई दिल्ली :** केंद्रीय बजट पेश होने से पहले आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने शुक्रवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की और कर्ज में डूबे राज्य के लिए वित्तीय मदद की मांग की। सूत्रों के मुताबिक, नॉर्थ ब्लॉक में हुई बैठक में नायडू ने आंध्र प्रदेश में जारी विभिन्न परियोजनाओं पर प्रकाश डाला, जिनके लिए तत्काल केंद्रीय सहायता की जरूरत है। सूत्रों ने कहा,मुख्यमंत्री ने एक विस्तृत ज्ञापन प्रस्तुत किया जिसमें राज्य की वित्तीय आवश्यकताओं और आवंटन में वृद्धि की मांग के पीछे के तर्क को रेखांकित किया गया। सूत्रों ने बताया कि केंद्र में शामिल तेलुगू देशम पार्टी के मंत्री भी बैठक में शामिल हुए। राज्य सरकार के आंकड़ों के अनुसार, आंध्र प्रदेश का सार्वजनिक ऋण 2019-20 में सकल राज्य घरेलू उत्पाद (त्रस्ष्क) के 31.02 प्रतिशत से बढ़कर वित्त वर्ष 2023-24 में 33.32 प्रतिशत हो गया है। यह पिछले 5 वर्षों में राज्य के राजकोषीय स्थिति में गिरावट का संकेत देता है। नायडू की प्रमुख मांगों में पोलावरम सिंचाई परियोजना के लिए धन, पिछड़े क्षेत्रों के लिए विशेष सहायता तथा नई राजधानी अमरावती के विकास के लिए समर्थन शामिल है। नायडू ने शुक्रवार को बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से भी मुलाकात की।

# नीट पीजी 2024 एग्जाम की नई तारीख हुई जारी



एजेंसी

**नई दिल्ली :** एनटीए ने नीट पीजी 2024 परीक्षा की तारीख की घोषणा कर दी है। एनटीए के मुताबिक इस परीक्षा का आयोजन 11 अगस्त को आयोजित की जाएगी। साथ ही यह भी कहा गया कि परीक्षा दो पालियों में किया जाएगा। एनटीए ने एसओपी और प्रोटोकॉल की समीक्षा करने के बाद इस एग्जाम की नई तारीख की घोषणा की है। बता दें कि एनटीए ने इससे पहले नीट पीजी के एग्जाम की डेट रद्द कर दी थी।जो उम्मीदवार पोस्टग्रेजुएट मेडिकल एंट्रेंस एग्जाम यानी नीट पीजी के इस एग्जाम में 23 जून को शामिल होने वाले थे वे एनबीई की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर नई तारीख के संदर्भ में देख सकते हैं। नीट पीजी के इस एग्जाम से जुड़ी अधिक जानकारी छात्रों को जल्द बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट natboard.edu.in पर दी जाएगी। नोटिस में आगे कहा गया कि 15 अगस्त तक इसकी कटऑफ जारी की जाएगी।

आधिकारिक नोटिस में लिखा है, एनबीईएमएस के 22.06.2024 के नोटिस के क्रम में, नीट पीजी 2024 परीक्षा का आयोजन पुनर्निर्धारित किया गया है। नीट पीजी 2024 अब 11 अगस्त को दो पालियों में आयोजित किया जाएगा।नोटिस में आगे लिखा है कि नीट पीजी 2024 में उपस्थित होने की पात्रता की कट-ऑफ तारीख 15 अगस्त ही रहेगी।गौरतलब है कि नीट पीजी का आयोजन पहले 23 जून को होने वाला था, पर नीट यूजी पेपर लीक विवाद के कारण इसे 22 जून को एग्जाम की तारीख (23 जून) 12 घंटे पहले परीक्षा की अखंडता के उल्लंघन की कोशिश का हवाला देते हुए पोस्टपोन कर दिया गया।

## राज्यपाल ने विधानसभा के आठ जुलाई के विशेष सत्र को दी मंजूरी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** राजपाल सीपी राधाकृष्णन ने झारखंड विधानसभा का विशेष सत्र आठ जुलाई को आहूत करने के लिए मंजूरी दे दी है। विधानसभा का विशेष सत्र पूर्वाह्न 11 बजे शुरू होगा। इस दिन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बहुमत साबित करेंगे। एक दिन चलने वाले विशेष सत्र के संबंध में मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग ने शुक्रवार को अधिसूचना जारी कर दी है।

# रोजगार मेले में 66 लोगों को प्रदान किया गया ऑफर लेटर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग द्वारा गढ़वा जिले के टाउन हॉल में दतोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला के तहत रोजगार मेला का आयोजन किया गया। रोजगार मेले का शुभारंभ उपायुक्त शेखर जमुआर, उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा, जिला नियोजन पदाधिकारी नीरज कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस संबंध में प्राप्त सूचना के अनुसार निदेशालय नियोजन एवं प्रशिक्षण, झारखण्ड राँची के निदेशानुसार जिला नियोजनालय गढ़वा के द्वारा दत्तोपंत ठेंगडी रोजगार मेला का किये गए आयोजन में कुल 23 निजी क्षेत्र के नियोजकों द्वारा शिक्षक, मैनेजर, लोन ऑफिसर, सहायक प्राध्यापक, एप्रेन्टिशिप, लैब कॉर्डिनेटर, मशीन आपरेटर आदि पदों से संबंधित कुल 2187 रिक्ति उपलब्ध कराई गई। इसके विरुद्ध कुल 900 बेरोजगार युवक, युवतियों ने भाग लिया। कुल 185 लोगों को चयनित कर कुल 66 लोगों को मौके पर ही ऑफर लेटर प्रदान किये गयें।

रोजगार मेले में उपरोक्त पदाधिकारियों के अतिरिक्त जिला स्तरीय अन्य पदाधिकारी, कर्मी एवं काफी संख्या में बेरोजगार युवक, युवतियां तथा अन्य लोग उपस्थित थें।

## सुक्खू सरकार का डेढ़ साल का कार्यकाल बेमिसाल : त्रिलोक सूर्यवंशी



एजेंसी

**शिमला :** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस सैंटरल वार रुम की मीडिया टीम को-आर्डिनेटर एवं हिमाचल किसान कांग्रेस के राज्य संयुक्त समन्वयक ने कांग्रेस के नेतृत्व वाली सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार के डेढ़ साल के कार्यकाल को बेमिसाल करार दिया है। उनका कहना है कि डेढ़ साल के अल्पकाल में सुखविंदर सिंह सुक्खू की अगुवाई में सरकार ने प्रदेश में कई ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण निर्णय लिए और कई महत्वाकांक्षी योजनाएं लागू की। उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार ने सत्ता में आते ही पहला ऐतिहासिक निर्णय लेकर अनाथ व बेसहारा बच्चों के लिए सुखाश्रय योजना का शुभारंभ करके प्रदेश के 4000 बेसहारा बच्चों को सहारा देकर मानवता का धर्म निभाया। इस योजना के अन्तर्गत सरकार 27 वर्ष तक इन बच्चों का पालन पोषण पढाई लिखाई का खर्च उठाएगी। यह बच्चे अब बेसहारा नहीं होंगे बल्कि यह बच्चे चिल्ड्रन आफ स्टेट होंगे। उन्होंने आगे कहा कि भाईयो और बहनों की कांग्रेस पार्टी ने सरकार बनने से पूर्व हिमाचल की जनता को दस गारंटी दी थी जो कि क्रमबद्ध तरीके से पांच वर्ष के कार्यकाल में पूर्ण की जानी थी लेकिन मुझे आपको यह बताते हुए हर्ष हो रहा है कि हमारी सरकार ने पन्द्रह माह के अल्पकाल में दस में से पांच गारंटी पूरी कर दी हैं।त्रिलोक सूर्यवंशी ने कहा कि गत वर्ष प्रदेश के लोगों को इतिहास की सबसे बड़ी प्राकृतिक आपदा का सामना करना पड़ा। इस आपदा से प्रभावित परिवारों को कांग्रेस सरकार ने केन्द्र सरकार की सहायता के बिना अपने स्तर पर 4500 करोड़ रुपये का राहत व पुनर्वास पैकेज जारी किया।

# सेफ्टीटैंक के जहरीली गैस से उत्क्रमित मध्य विद्यालय कोलझिकी के पांच बच्चे बेहोश

श्रवण पासवान @ प्रभात मंत्र




**बंशीधर नगर :** बंशीधर नगर--नगर उंटारी प्रखंड के कोलझीकि ग्राम स्थित राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय में प्रधानाचार्य और शिक्षकों तथा रसोइयों की तत्परता से विद्यालय में बड़ी घटना होने से बच गया।जहाँ शौचालय से निकल रहे गैस की वजह से दर्जनों बच्चे इसकी चपेट में आ गए।गैस की वजह से बच्चे बेहोश होने लगे।कुछ बच्चों को उल्टी होना शुरू हो गया।जैसे ही इसकी जानकारी प्रधानाचार्य को मिला उन्होंने शिक्षकों की मदद से सभी विद्यालय से बाहर किया।यह सब करते-करते भी बच्चे दुर्गन्ध की चपेट में आ गए।आनन फानन में अनुमंडलीय अस्पताल की उपाधीक्षक डॉ सुचित्रा कुमारी की अगुआई में मेडिकल टीम विद्यालय पहुची और विद्यालय के बगल में ही उपस्वास्थ्य केंद्र कोइन्दी में सभी पीड़ित छात्र-छात्राओं का इलाज किया गया।मामला प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय कोलझिकी की चार छात्राएं सेफ्टी टैंक से निकल रहे जहरीली गैस से बेहोश हो गई।घटना शुक्रवार दोपहर की है। बेहोश होने की सूचना मिलते ही स्कूल में अफरा तफरी मच गई।स्कूल के शिक्षकों ने तत्काल इसकी सूचना अनुमंडल प्रशासन को दी.एसडीओ प्रभाकर मिर्धा के निर्देश पर कार्यपालक दंडाधिकारी हंस हेंब्रम, थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक एवं अनुमंडल अस्पताल की डीएस डॉ सुचित्रा कुमारी के नेतृत्व में मेडिकल टीम ने आनन फानन में स्कूल पहुंच कर बीमार बच्चियों की स्वास्थ्य जांच किया। स्कूल के बगल उपस्वास्थ केंद्र में छात्र-छात्राओ को स्लाईन चढ़ाया गया और दवा दी दिया गया।जिसके बाद सभी के सेहत में सुधार हुआ।घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार स्कूल के बगल में स्थित सेप्टिक टैंक से निकले गैस के कारण उत्क्रमित मध्य विद्यालय कोलझिकी में अध्ययनरत चार छात्राएं वर्ग आठ की तबस्सुम खातून, वर्ग सात के रुखसाना खातून, वर्ग छह के आलिया खातून, वर्ग पांच के गुलाम गौस एवं वर्ग चार के असमीना खातून बेहोश हो गई।उधर स्कूल पहुंचे कार्यपालक दंडाधिकारी हंस हेम्ब्रम ने घटना की विस्तृत जांच किया।जांच के दौरान कार्यपालक दंडाधिकारी ने बताया की मामले की जांच की जा रही है बच्चियों की स्थिति अब ठीक है। उन्होंने बताया की मौके पर मौजूद थाना प्रभारी को पूरे मामले की जांच कर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है।उन्होंने कहा कि दोषी को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जायेगा।

## महाविद्यालय परिसर में 40 से भी अधिक वृक्ष लगाए गए

**रांची :** वन महोत्सव सप्ताह के तहत एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राजकुमार शर्मा ने अपने संबोधन में बताए कि वृक्ष हमारे जीवन में कितना बड़ा महत्व रखता है। एक वृक्ष फूल फल के साथ-साथ शुद्ध वातावरण देता है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर रांची विश्वविद्यालय के एनएसएस कोऑर्डिनेटर डॉ बृजेश कुमार ने कहा एक वृक्ष एक पुत्र के समान होता है अपने जीवन में एक वृक्ष अवश्य लगाए। महाविद्यालय के एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर कंचन मुंडा ने अपने संबोधन में कहा पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ दुनिया को सुंदर बनाओ का नारा देते महाविद्यालय परिसर में 40 से भी अधिक वृक्ष लगाए गए। कार्यक्रम में डॉ मलाय भारती डॉ मतिउर रहमान प्रो मार्शल पूर्ति प्रो अरविंद कुमार प्रोफेसर युगेश, महतो ममता कुजूर एवं एनएसएस वॉलिंटियर्स और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# अगस्त तक ही चलेगी मोदी सरकारः लालू प्रसाद यादव



एजेंसी

**पटना :** राष्ट्रीय जनता दल का 28वां स्थापना दिवस है। राजद कार्यालय में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव और उनके बेटे तेजस्वी यादव समेत कई वरीय नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यकर्ताओं ने लालू और तेजस्वी यादव का भव्य स्वागत किया। दोनों को चांदी का मुकुट पहनाया गया। 28वें स्थापना दिवस कार्यक्रम में पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए लालू प्रसाद यादव कि हमलोगों ने%पिछले 27 सालों में काफी उतार चढ़ाव देखे हैं। उतार-चढ़ाव के कारण राजद मजबूत हुआ है। तेजस्वी के नेतृत्व में आगे की लड़ाई को लड़ेंगे। लालू प्रसाद ने केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व वाली सरकार बहुत कमजोर है। इस साल अगस्त तक ही यह सरकार चलेगी। मैं पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं से तैयार रहने की अपील करता हूं, क्योंकि चुनाव कभी भी हो सकते हैं। दिल्ली में मोदी सरकार बहुत कमजोर है और यह अगस्त तक गिर सकती है।वहीं तेजस्वी यादव ने अपने पिता के बयान पर सहमति जताते हुए कहा कि केंद्र की सरकार पांच साल नहीं चलेगी। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि नीतीश कुमार 2024 में या 2025 में विधानसभा चुनाव कराए, राजद ही सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि थोड़ा और मेहनत करते तो ज़्यादा सीट जीतते। तेजस्वी यादव ने आरोप लगाया कि हमलोगों को 10 से 12 सीटों पर गलती करके राजद को हराया गया। भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा आरक्षण विरोधी पार्टी है। जाति आधारित गणना और 75 प्रतिशत आरक्षण सीमा बढ़ाय। भाजपा सत्ता में आते ही 75 प्रतिशत आरक्षण को रोकने साजिश रची। उन्होंने कहा कि संविधान और आरक्षण विरोधी है। तेजस्वी यादव पांच लाख नौंकरियां देने का काम किया। तीन लाख नौकरी का प्रावधान फाइल भी बढ़ा दिया था।

# सगमा एवं धुरकी में आजसू पार्टी का हल्ला बोल कार्यक्रम आयोजित




प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** आजसू पार्टी द्वारा शुक्रवार को हल्ला बोल कार्यक्रम अर्न्तगत जिले के सगमा एवं धुरकी प्रखंड कार्यालय में प्रखंड समिति द्वारा हल्ला बोल कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान आजसू केंद्रीय समिति के निर्देशानुसार 11 सूत्री मांगों को लेकर प्रखंड में लाचार बिजली व्यवस्था को दुरुस्त करने, जमीन संबंधित दाखिल ख़ारिज को जल्द से जल्द निष्पादन करने, अबुआ आवास चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने, मनरेगा मजदूरों को अविलंब भुगतान के साथ साथ अधूरे योजनाओं को ससमय पूर्ण करने, छात्र छात्राओं को छात्रवृत्ति एवं जाति, आवासीय प्रमाण पत्र निर्गत करने, किसानों को समय पर खाद एवं बीज वितरण करने आदि मांग की गयी।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पार्टी का जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा ने कहा कि सुदूरवर्ती प्रखंड भगवान भरोसे चल रही है। यहां के ग्रामीण जनता का कोई भी काम ससमय नहीं हो रहा है। पार्टी के केंद्रीय सचिव चंपा देवी ने कहा कि अबुआ आवास के नाम पर ग्रामीण जनता से उगाही किया जा रहा है। कार्यक्रम को पार्टी के केंद्रीय सचिव जयराम पासवान, पार्टी के जिला प्रधान सचिव त्रिपुरारी सिंह, केंद्रीय सदस्य डॉ. अफजल अंसारी आदि ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष अमर शाही, राजू प्रसाद, बिट्टू जायसवाल, टुनू राम, इसरार अंसारी, हदीस अंसारी, अनिल प्रजापति, मनोज चंद्रवंशी, गोपाल प्रजापति, बिंदु पासवान सहित कई लोग उपस्थित थे।

## राज्यपाल से मिले विधायक डॉ. लंबोदर महतो, सौंपा ज्ञापन



**रांची :** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से शुक्रवार को विधायक डॉ. लंबोदर महतो ने राज भवन में मुलाकात की। इस दौरान महतो ने विभिन्न विषयों से संबंधित ज्ञापन राज्यपाल को सौंपा । राज्यपाल को दिए गए ज्ञापन में बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय, धनबाद, सिंदरी विधान सभा अंतर्गत बलियापूर प्रखंड में अवस्थित पर्जन्य बी.एड कॉलेज से संबंधित विषयों को आकृष्ट करने के साथ राजकीय डिग्री महाविद्यालय, गोमिया में झारखंड ओपन यूनिवर्सिटी का अध्ययन केंद्र स्थापित करने एवं गोमिया विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत गोमिया, कसमार तथा पेटरवार प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों को उत्क्रमित करने के लिए पहल करने का आग्रह किया।

# यूपी : एसआईटी ने सौंपी हाथरस हादसे की जांच रिपोर्ट

एजेंसी



**लखनऊ :** यूपी के हाथरस जिले में सत्संग के दौरान हुई भगदड़ के मामले में जांच तेज हो गई है। हादसे के बाद से ही सीएम योगी खुद इस मामले पर नजर बनाए हुए हैं। उन्होंने मामले की जांच कराने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई किए जाने की बात कही थी। वहीं अब इस मामले में एसआईटी ने शासन को जांच रिपोर्ट सौंप दी है। बता दें कि सीएम ने 24 घंटे में ही जांच रिपोर्ट सौंपने का आदेश दिया था, लेकिन राहत और बचाव कार्य के अलावा सीएम के हाथरस दौरे की वजह से एसआईटी ने अतिरिक्त समय की मांग की थी। वहीं अब एसआईटी ने आज जांच रिपोर्ट सौंपी है। बता दें कि हाथरस में हुए हादसे के मामले की जांच एसआईटी को सौंप दी गई है। ऐसे में एसआईटी ने हाथरस हादसे की जांच रिपोर्ट आज शासन को सौंप दी है। एडीजी आगरा व अलीगढ़ कमिश्नर के नेतृत्व में इस हादसे की जांच की जा रही है। जांच में डीएम-एसएसपी सहित 100 लोगों के बयान दर्ज किए गए हैं। दो जुलाई की दोपहर हुए इस हादसे के बाद ही मुख्यमंत्री स्तर से एसआईटी जांच का आदेश जारी किया गया था।

एडीजी आगरा जोन अनुपम कुलश्रेष्ठ व मंडलायुक्त चैत्रा वी को एसआईटी का जिम्मा देते हुए 24 घंटे में रिपोर्ट तलब की गई, जिसमें सबसे बड़ा सवाल हादसे के मूल कारण और लापरवाही व अनदेखियों को उजागर करना है।शुरुआती जानकारी में एसआईटी ने आयोजकों की बड़ी लापरवाही को हादसे का कारण बताया है। इसमें आयोजकों की तरफ से प्रॉपर इंतजाम ना करना और हादसे के बाद भी उसको छिपाने जैसी बातों का जिक्र किया गया है। हालांकि यह रिपोर्ट बुधवार को ही देनी थी, लेकिन मगर राहत और बचाव कार्य जारी रहने के साथ ही बुधवार को मुख्यमंत्री के हाथरस दौरे की वजह से जांच पूरी नहीं हो सकी। अधिकारियों ने जांच के लिए तीन दिन का अतिरिक्त समय मांगा था, जिसके बाद आज जांच रिपोर्ट सौंपी गई है।इसमें घटनास्थल पर तैनात एक-एक पुलिसकर्मी व अन्य सभी विभागों के कर्मचारी-अधिकारी, प्रारंभिक सूचना वाले कर्मी, एंबुलेंस कर्मी, डॉक्टर, पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टर, किसान, चश्मदीद, घायल, तहसील व जिला स्तर के अधिकारी, डीएम-एसएसपी आदि तमाम लोगों के बयान शामिल हैं।